सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 07 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 300, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 148 अंकों की गिरावट

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी व आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली के बीच सेंसेक्स में 148 अंक की गिरावट के साथ 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। } 14

## देश को वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश को बड़े और वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत है और इस संबंध में आरबीआई और बैंकों के साथ बातचीत जारी है। } 16



# बिहार में फिर बनेगी सुशासन की सरकार

## जंगलराज लाने वालों को जनता देगी करारा जवाब : मोदी

एजेंसी



भागलपुर/अररिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार की जनता, विशेषकर माताएं और बेटियां, बड़ी संख्या में मतदान कर रही हैं ताकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जंगलराज को वापस आने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि फिर एक बार बिहार में सुशासन की सरकार बननी चाहिए। बिहार के भागलपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन दलों ने बिहार के गरीबों और महिलाओं के हितों के बारे में कभी नहीं सोचा। उन्होंने कहा, राजद और कांग्रेस ने कभी महिलाओं के खाते खोलने के बारे में नहीं सोचा। आज वे पोस्टरों में साथ तो दिखते हैं, लेकिन एक-दूसरे का चेहरा देखने को भी तैयार नहीं हैं। राजद के पोस्टरों में कांग्रेस के नामदार का चेहरा तक गायब है। राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, राजद ने कांग्रेस से मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी बंदूक की नोक पर छीन ली, और कांग्रेस को यह पसंद नहीं आया। दोनों दल सत्ता की लड़ाई में एक-दूसरे को खत्म करने पर उतारू हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पीएम मोदी का वाराणसी दौरा आज, योगी ने की तैयारियों की समीक्षा

## प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा के दौरान 8 नवम्बर को चार वंदे भारत ट्रेन को दिखायेंगे हरी झंडी

जिला संवाददाता



वाराणसी (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी दौरे की तैयारियों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने रेलवे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से जुड़ी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु और व्यवस्थित रहें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्टेशन पर साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात नवंबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। अगले दिन, आठ नवंबर को वह बनारस रेलवे स्टेशन से वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत और तीन अन्य ट्रेन की शुरुआत करेंगे। पीआईबी के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी अपनी दो दिवसीय वाराणसी यात्रा के दौरान आठ नवंबर को सुबह लगभग 8:15 बजे चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत इस मार्ग पर सीधा संपर्क स्थापित करेगी और वर्तमान में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग दो घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। बयान में कहा गया है कि बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों जैसे वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। इस संपर्क से न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि तीर्थयात्रियों और यात्रियों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक एक तेज़, आधुनिक और आरामदायक यात्रा भी मिलेगी। लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत यह यात्रा लगभग सात घंटे 45 ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## पूर्व क्रिकेटर रैना और धवन की संपत्तियां कुर्क

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट के संचालन से जुड़े धनशोधन मामले में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट। एक्सबेट के खिलाफ मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत धवन की 4.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और रैना के 6.64 करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है। संघीय एजेंसी की जांच में पाया गया है कि दोनों पूर्व क्रिकेटर ने स्थिति को जानते हुए एक्सबेट और उसके सहयोगियों के प्रचार के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ समझौते किए। ईडी ने जांच के तहत इन दोनों क्रिकेटर के अलावा युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा जैसे अन्य पूर्व क्रिकेटरों, अभिनेता सोनू सूद, उर्वशी रौतेला, मिमी चक्रवर्ती और अंकुश हाजरा से भी पूछताछ की है।

## सड़क हादसों में 34 यात्री घायल

लखनऊ। उन्नाव और हरदोई जिले में हुए सड़क हादसों में 34 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में घायल कराया गया है। कई घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर स्लीपर बस के पलट जाने से लगभग 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए और कई अन्य को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हसनगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार देर रात हसनपुर थाना क्षेत्र के पास हुई। लगभग 60 यात्रियों को लेकर आगरा से लखनऊ जा रही बस, गोभी से लदे एक पिकअप वाहन से टकरा गई।

# बिहार चुनाव : प्रथम चरण में टूटा 20 साल का रिकॉर्ड

❍ 121 सीटों पर 64.46 फीसदी हुआ मतदान ❍ सबसे अधिक बेगूसराय में पड़े वोट






एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में शाम पांच बजे तक 60.18 प्रतिशत मतदान हुआ। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में 6 नवंबर को शाम 5 बजे तक औसतन 60.18 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मधेपुरा में 65.74%, सहरसा में 62.65%, दरभंगा में 58.38%, मुजफ्फरपुर में 65.23%, गोपालगंज में 64.96%, सीवान में 57.41%, सारण में 60.90%, वैशाली में 59.45%, समस्तीपुर में 66.65%, बेगूसराय में सर्वाधिक 67.32%, खगड़िया में 60.65%, मुंगेर में 54.90%, लखीसराय में 62.76%, शेखपुरा में न्यूनतम 52.36%, नालंदा में 57.58%, पटना में 55.02%, भोजपुर में 53.24% और बक्सर में 55.10% मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक बेगूसराय में और सबसे कम पटना में मतदान हुआ।

मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के चुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री शैलेश कुमार ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जमालपुर के जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार के घर पुलिस पहुंची, उनके साथ मारपीट कर थाने ले गई। शैलेश कुमार का आरोप है कि पुलिस ने उनके कई समर्थकों को बिना किसी कारण हिरासत में लिया और दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की जा रही है ताकि उनके चुनाव अभियान को कमजोर किया जा सके। पूर्व मंत्री ने जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं जिले की तारापुर, जमालपुर और मुंगेर विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण और सामान्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महिला क्रिकेटर दीप्ति व लारा को बड़ा झटका

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग 2026 के लिए नीलामी से पहले सभी पांच टीमों ने अपने-अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। इस बार सबसे बड़ा फैसला गुजरात जायंट्स ने लिया है। टीम ने दक्षिण अफ्रीका की कप्तान और स्टार बल्लेबाज एल. वोल्वार्ट को रिटेन नहीं किया है। इसके अलावा यूपी वॉरियर्स ने स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

वोल्वार्ट हाल ही में संपन्न हुए वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं थीं और अपनी टीम को फाइनल तक ले गईं थीं। हालांकि, लीग के नियमों के तहत किसी टीम को केवल दो विदेशी खिलाड़ियों को ही रिटेन करने की अनुमति है। इसी कारण गुजरात जायंट्स ने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी बेथ मूनी और एश्ले गार्डनर को बरकरार रखा है। वहीं, दीप्ति ने हाल ही में विश्व कप के फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' भी बनी थीं। यूपी वॉरियर्स ने इस बार केवल एक खिलाड़ी, पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता श्वेता सेहरावत को रिटेन किया है।

# संवैधानिक संस्थाओं पर निराधार आरोप लगा रहा विपक्ष

## राहुल गांधी का हरियाणा में वोट चोरी का आंकड़ा बिल्कुल फर्जी : राजनाथ सिंह

एजेंसी



सीतामढ़ी/मोतिहारी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी दल चुनाव हारने के डर से निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि पिछले वर्ष हरियाणा विधानसभा चुनाव में धांधली हुई थी।

राहुल ने मतदाता सूची के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि इसमें दर्ज 25 लाख प्रविष्टियां फर्जी थीं और निर्वाचन आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिताने के लिए मिलीभगत की थी। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीतामढ़ी और मोतिहारी में लगातार दो रैलियों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर राज्य को दोबारा जंगलराज के दिनों में धकेलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा लेकिन बिहार की जनता राज्य को विकसित बिहार के रूप में देखना चाहती है। जनता की आकांक्षाओं को केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही पूरा कर सकता है। इसलिए राजग दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ चुनाव जीतेगा। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार देश के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है और भारत को आने वाले समय में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने कहा राजद बिहार को फिर से जंगलराज की ओर ले जाने की कोशिश कर रहा है। उसके शासनकाल में बिहार की पहचान एक गरीब राज्य के रूप में थी, जबकि सच्चाई यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सैनिकों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता

## विभागीय प्रक्रियाओं को बनायेंगे पारदर्शी और सरल : धामी

प्रमुख संवाददाता




हल्द्वानी (उत्तराखंड)। सैनिक कभी पूर्व सैनिक नहीं होता, वह जीवनभर सैनिक ही रहता है। उत्तराखंड की सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के लिए बेहतर सेवाएं प्रदान करेगी। सभी विभागीय प्रक्रियाएं पारदर्शी और सरल बनाई जाएगी, ताकि योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के सैनिकों परिवारों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को हल्द्वानी में पूर्व सैनिक सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर हल्द्वानी का एमबी पीजी कॉलेज परिसर आज देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यहां आयोजित भव्य पूर्व सैनिक सम्मेलन में प्रदेश के कोने-कोने से आए पूर्व सैनिक, वीर नारियां, वीरांगनाएं और उनके परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम में सैन्य सम्मान, उत्साह और गूंजते राष्ट्रभक्ति नारों ने माहौल को अद्वितीय बना दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि हल्द्वानी, अल्मोड़ा और पौड़ी में जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों तथा आवासीय भवनों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। शहीद सैनिकों की नारियों को आवासीय भवन निर्माण सहायता ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 19.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ भाजपा आज 18 जगहों पर गायेगी वंदे मातरम (पृष्ठ-02)
❍ घर बैठे एक ही काल पर मिलेंगी घरेलू सेवाएं (पृष्ठ-02)
❍ रुपया 10 पैसे बढ़कर 88.60 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
❍ ऑडिट के लिए दो केंद्रीकृत कैडर बनाने की घोषणा (पृष्ठ-14)
❍ सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर पांच माह के निचले स्तर पर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** हवा में तांबा, जस्ता, क्रोमियम और मोलिब्डेनम की पीएम 10 सांद्रता के 0.1 से 2 फीसदी के बीच

# दिल्ली की फिजा में घुला भारी धातु का जहर

एजेंसी



नई दिल्ली। राजधानी की हवा में भारी धातु मौजूद है, जिसमें तांबा, जस्ता, क्रोमियम और मोलिब्डेनम की सांद्रता क्षेत्र में कुल कण पदार्थ (पीएम 10) सांद्रता के 0.1 से 2 फीसदी के बीच है। इसके अलावा, दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले कुछ दिनों में चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में पीएम10 (वायु में बारीक धूल कण) का औसत सांद्रता 130 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पाया गया, जो राष्ट्रीय मानक 60 माइक्रोग्राम से कहीं अधिक है। इसका खुलासा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी अपनी हालिया रिपोर्ट में किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, हवा में खतरनाक धातुओं की मौजूदगी भी उच्च स्तर पर पाई गई। रिपोर्ट के अनुसार, तांबा की औसत सांद्रता 55.13 नैनोग्राम प्रति घन मीटर, क्रोमियम की 12.25, मोलिब्डेनम की 0.91, और जिंक की 243.5 नैनोग्राम प्रति घन मीटर रही। सीपीसीबी ने खुलासा किया है कि देश के 10 प्रमुख महानगरों में वायु में मौजूद पीएम10 कणों से जुड़ी भारी धातुएं (जैसे जिंक, क्रोमियम, कॉपर और मोलिब्डेनम) का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। अदालत ने पूर्वी दिल्ली में पीएम2.5 से जुड़े भारी धातुओं पर आधारित एक अध्ययन के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया था। सीपीसीबी के वैज्ञानिक ई अधिकारी आदित्य शर्मा की तरफ से शपथ-पत्र में बताया गया कि जून-जुलाई 2025 के दौरान 10 महानगरों जयपुर, भोपाल, लखनऊ, अहमदाबाद, दिल्ली, नागपुर, कोलकाता, बेंगलुरु, विशाखापत्तनम और चेन्नई में 40 स्थानों पर निगरानी की गई। प्रत्येक शहर में औसतन 16 दैनिक अवलोकन (24 घंटे) दर्ज किए गए, जो ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अदालत ने बीएसए कार्यालय कुर्क करने का दिया आदेश

जिला संवाददाता

बलिया। स्थानीय अदालत ने एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के तीन कर्मचारियों को उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के 41 साल पुराने आदेश का अनुपालन न होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय को कुर्क करने का आदेश दिया है। शासकीय अधिवक्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी है।

बेसिक शिक्षा विभाग के शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय, दौलतपुर के तीन कर्मचारियों सच्चिदानंद, सौदागर यादव व राजनारायण राय को बकाया वेतन की राशि का भुगतान करने के मामले में उच्चतम न्यायालय ने गत 26 नवंबर 1984 को 12 लाख 39 हजार 342 रुपये और 55 पैसे के भुगतान का आदेश दिया था।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के गत 26 नवंबर 1984 के आदेश के अनुपालन में जब भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारियों की तरफ से अतिरिक्त दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) की अदालत में पारित डिक्री के कार्यान्वयन के लिए निष्पादन वाद संख्या 05/1996 सच्चिदानंद बनाम प्रबन्ध समिति आदि दाखिल किया गया। न्यायालय ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बनारस से लेकर बेंगलुरु तक मिलेगी चार नयी वंदे भारत ट्रेन

## दो दिवसीय दौरे पर आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आयेंगे पीएम मोदी

विशेष संवाददाता (vol)



**प्रधानमंत्री वाराणसी से देंगे रेल यातायात को बड़ी सौगात**

- बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत ट्रेन को पीएम दिखायेंगे हरी झंडी
- वाराणसी में प्रबुद्धजनों से पीएम मोदी करेंगे संवाद, सीएम योगी भी रहेंगे साथ

**वाराणसी/लखनऊ।** यात्रियों की सुविधा, समय बचाने और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रेल यातायात की बड़ी सौगात देने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने काशी दौरे के दौरान देशवासियों को 4 वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देंगे। इसमें एक वाराणसी से खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात खास काशीवासियों के लिए होगी है। पीएम के कार्यक्रम में बनारस (पूर्व का मंडुवाडीह) स्टेशन पर शहर के गणमान्य लोगों को सम्बोधित करना भी प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात नवंबर शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचेंगे। पीएम विशेष विमान से लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर आएंगे। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य लोग प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे। पीएम एयरपोर्ट से बरेका जाएंगे।

प्रधानमंत्री आठ नवंबर को बनारस स्टेशन से देश को चार वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात देंगे। इनमें एक विशेष ट्रेन वाराणसी से खजुराहो के बीच चलेगी, जो काशीवासियों और पूर्वांचल के लिए एक बड़ा उपहार मानी जा रही है। प्रधानमंत्री इस ट्रेन को बनारस (पूर्व मंडुवाडीह) रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा लखनऊ से सहारनपुर, फिरोजपुर से दिल्ली और एनार्कुलम से बेंगलुरु जाने वाली अन्य स्थानों की तीन वंदे भारत एक्सप्रेस को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ट्रेनों के लोकार्पण के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री बनारस रेलवे स्टेशन पर गणमान्य लोगो से संवाद भी कर सकते हैं।

**पर्यटन उद्योग को मिलेगा नया आयाम :** बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस की सीधी कनेक्टिविटी से वर्तमान में संचालित विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट का समय बचाएगी। बनारसझ्झखजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। यह संपर्क न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को मजबूत करेगा, बल्कि श्रद्धालुओं और यात्रियों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक तेज, आधुनिक और आरामदायक यात्रा का अनुभव भी प्रदान करेगा। ये ट्रेन पर्यटन उद्योग को भी नया आयाम देगा।

**पीएम मोदी का होगा जोरदार स्वागत :** भाजपा कार्यकर्ता सात नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विभिन्न जगहों पर स्वागत करेंगे। बीजेपी कार्यकर्ता संत अतुलानंद बाईपास, जेपी मेहता के पास, बरेका एफसीआई गोदाम, बरेका गेट के पास प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी में 3200 प्रबुद्धजनों से संवाद भी करेंगे। इस कार्यक्रम में शहर के शिक्षाविद, उद्योगपति, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# घर बैठे एक ही काल पर मिलेंगी घरेलू सेवाएं : प्रमुख सचिव

## सेवामित्र समिति की गवर्निंग बॉडी की सातवी बैठक संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सेवामित्र व्यवस्था को और अधिक उपयोगी बनाये जाने के संबंध में इस व्यवस्था के संचालन हेतु गठित सेवामित्र समिति की गवर्निंग बॉडी की सातवी बैठक प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एमके शन्मुगा सुन्दरम की अध्यक्षता में प्रशिक्षण निदेशालय के सभागार में बैठक आहूत की गयी।

बैठक में 22 जुलाई को सम्पन्न बैठक की अनुपालन आख्या पर चर्चा की गयी, जिसमें विचार-विमर्श उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। बैठक में ओएनडीसी नेटवर्क पर सेवामित्र को ऑनबोर्ड किये जाने संबंध में अवगत कराया गया कि पंजीकरण/ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के विवरण के लिए ँttps://portal.ondc.org/ पर व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त, ओएनडीसी नेटवर्क का हिस्सा बनने के लिये सेवामित्र को नेटवर्क भागीदारी पर हस्ताक्षर कर ओएनडीसी नेटवर्क नीतियों का अनुपालन करना होगा।

ओएनडीसी नेटवर्क पर सेवामित्र को इंटीग्रेट किये जाने की अनुमति प्रदान करते हुये अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिये गयें। सेवामित्र व्यवस्था के फाइनेन्शियल ऑडिट एवं टेक्निकल ऑडिट के संबंध में अवगत कराया गया कि ऑडिट सम्बन्धी पत्रावली सीए को दिया जा चुका है। ऑडिट रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुयी है। टेक्निकल आडिट कार्यदायी संस्था अपट्रॉन पावरट्रानिक्स लि. के माध्यम से समय-समय पर किया जाता है। सेवामित्र व्यवस्था के फाइनेन्शियल आडिट के संबंध में निर्देश दिया गया कि 13 नवम्बर तक सीए से आडिट रिपोर्ट प्राप्त कर लिया जाए।

सेवामित्र व्यवस्था के अंतर्गत अधिक से अधिक कुशल कामगारों को इस व्यवस्था का लाभ प्राप्त हो सके तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में वृद्धि के दृष्टिगत सेवामित्र व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं अन्य माध्यमों से कराये जाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क, विभाग में इम्पैनल्ड संस्थाओं में से चयन कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गयें। सेवामित्र का ट्वीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाने के निर्देश दिये गये।

सेवायोजन विभाग में संचालित सेवायोजन पोर्टल, रोजगार संगम पोर्टल एवं सेवामित्र पोर्टल को जनसामान्य के लिए सुलभ उपयोग किये जाने के दृष्टिगत सेवायोजन विभाग का एक समेकित वेबपेज बनाया जाने के संबंध में अवगत कराया गया कि इस संबंध में डमी पेज तैयार कर लिया गया है। इस संबंध में निर्देशित किया गया कि सेवायोजन विभाग का एक समेकित वेबपेज 15 नवम्बर तक लाईव कर दिया जाए।

सरकारी विभागों में सेवामित्र के माध्यम से कार्य कराये जाने हेतु वित्त विभाग से शासनादेश निर्गत कराने के संबंध में विचार-विमर्श में अवगत कराया गया कि सेवामित्र पोर्टल द्वारा आम नागरिकों के लिए दिन प्रतिदिन की तत्कालीन आवश्यकताओं के अन्तर्गत अल्प समय की सेवायें यथा- अप्लायंस रिपेयर, एसी सर्विस, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपेंटर, आईटी हार्डवेयर एण्ड सर्विसेस, आरओ सर्विसेस इत्यादि उपलब्ध है। विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि सरकारी विभागो द्वारा जो कार्य जेम पोर्टल के माध्यम से नहीं कराया जा रहा है उनको अनिवार्य रूप से सेवामित्र व्यवस्था के माध्यम से कराने के लिए वित्त विभाग से शासनादेश उपरोक्तानुसार व्यवस्था के दृष्टिगत जारी करा लिया जाए।

अवनीन्द्र कुमार शुल्क, संयुक्त सचिव, श्रम द्वारा अवगत कराया गया कि वित्त विभाग द्वारा सेवामित्र के संबंध में शासनादेश जारी कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है, जिसे शीघ्र ही सम्पन्न करा ली जायेगी। सेवामित्रों की पहचान एवं प्रमाणीकरण के दृष्टिगत यूनीफॉर्म (टीशर्ट एवं कैप) उपलब्ध कराने हेतु गवर्निंग बाडी समिति की बैठक में सेवामित्रों को टीशर्ट एवं कैप उपलब्ध कराये जाने पर सहमति प्रदान की गयी। बैठक में सेवमित्र व्यवस्था को और प्रभावशाली बनाने हेतु समिति द्वारा सुझाव दिया गया कि डॉगवाकर, बेबीशीटर, इवेन्ट प्लानर, केयर गीवर, ड्राईवर इत्यादि सेवाओं को सेवामित्र पोर्टल से जोड़ने के निर्देश दिये गये।

# आबकारी राजस्व लक्ष्य प्राप्त न किया तो नपेंगे अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग को 63 हजार करोड़ रुपये राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य को प्रत्येक दशा में प्राप्त किया जाना है। इसके लिए निर्धारित मासिक राजस्व लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जनपदों ने अक्टूबर माह में निर्धारित आबकारी राजस्व लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया है और लगातार उनकी परफारमेंश खराब चल रही है, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाही की जायेगी।

बैठक में आबकारी मंत्री ने बताया कि माह अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 तक निर्धारित लक्ष्य 32,500 करोड़ के सापेक्ष प्राप्ति 30,657.54 करोड (94.33 प्रतिशत) रही। प्रदेश में गत वर्ष इसी अवधि में 26,330.87 करोड़ की आबकारी राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वर्तमान वर्ष में गतवर्ष के सापेक्ष प्राप्त 4326.67 करोड़ (116.43 प्रतिशत) का अधिक राजस्व अर्जित किया गया है। आबकारी मंत्री द्वारा वर्ष 2025-26 में आबकारी विभाग द्वारा लगभग 63,000 करोड़ के लक्ष्य की पूर्ति किये जाने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये। प्रदेश के सीमावर्ती असेवित क्षेत्रों में मदिरा की सम्भावित नई दुकानों के लिए सर्वे कराकर 15 दिवस के अंदर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

आबकारी मंत्री ने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक प्रदेश में किसी भी जनहानि जैसी अप्रिय घटना के न होने पर संतोष व्यक्त किया गया। आगे और भी अधिक सजग रहकर प्रवर्तन कार्य को सम्पादित किये जाने हेतु क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये, जिससे कि किसी भी स्थिति में कोई अप्रिय घटना न हो। अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के सम्बन्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये, ताकि अन्य प्रांतों की मदिरा की बिक्री प्रदेश में न होने पाए। कच्ची शराब के निर्माण एवं बिक्री पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारी/निरीक्षकों/फील्ड स्टाफ का समय-समय पर कार्यशाला आयोजित करने, नवाचार व कानून-नियमों की जानकारी अद्यतन रखने के निर्देश दिये गये ताकि प्रवर्तन एवं निरीक्षण कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो।

# भाजपा आज 18 जगहों पर गायेगी वंदे मातरम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उत्सव मनाएगी तथा राष्ट्र के प्रति श्रद्धा, त्याग, समर्पण व मातृभूमि की स्तुति के जयघोष वंदे मातरम का जयगान करेगी। भाजपा 07 नवम्बर को प्रदेश के 18 स्थानों पर सामूहिक वंदे मातरम गायन तथा सभाओं का आयोजन करेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सहित केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्री तथा राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी सामूहिक वंदे मातरम गायन में सम्मिलित होंगे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व अभियान के प्रदेश प्रभारी त्रयम्बक त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश के 18 स्थानों पर शुक्रवार 07 नवम्बर को 150 कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया जाएगा।

इसके साथ ही सभाओं के माध्यम से राष्ट्र भक्ति में सर्वस्व समर्पण के लिए प्रेरक बने वंदे मातरम की 150 वर्ष की यात्रा पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें।

उन्होंने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुरादाबाद के भाजपा पार्टी कार्यालय बुद्ध विहार, केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा बरेली के स्मार्ट सिटी ऑडोटोरियम सिविल लाइन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. लक्ष्मीकांत बाजपेयी गाजियाबाद के शालीमार गार्डन के निकट भारत माता चौक तथा राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा लखनऊ के सेंट जोसेफ कॉलेज ऑडिटोरियम ताड़ीखाना सीतापुर रोड में आयोजित सामूहिक वंदे मातरम गायन तथा सभाओं में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के मंत्री ब्रजेश सिंह भगत सिंह की मूर्ति, कुमरानपुर सहारनपुर, कपिलदेव अग्रवाल देवनागरी इंटर कालेज मेरठ, जयवीर सिंह शहीद स्मारक आगरा, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा अटल सरोवर ओपेन ऑडिटोरियम अलीगढ, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह तिलक हॉल नगर निगम अयोध्या, विजय शिवहरे जैन मंदिर चौराहा फिरोजाबाद, अमित बाल्मीकि भाऊराव देवरस विद्या मंदिर से-12 नोएडा महानगर, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल बीएनएसडी स्कूल ग्राउण्ड बेनाझाबर कानपुर, दुर्विजय शाक्य जिला भाजपा कार्यालय शाहजहांपुर, दिलीप पटेल नमो घाट वाराणसी, सहजानंद राय सरस्वती विद्या मंदिर आर्यनगर गोरखपुर, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया अग्रवाल धर्मशाला के नीचे, होली गेट, मथुरा, ओबीसी आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली सुभाष चौराहा सिविल लाइन प्रयागराज तथा क्षेत्रीय महामंत्री संतविलास शिवहरे दीनदयाल सभागार झांसी में सामूहिक वंदे मातरम गायन तथा सभाओं में सम्मिलित होंगे।

# डीफार्मा में आज तक बढ़ी काउंसिलिंग तिथि

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित डिप्लोमा इन फामेर्सी (डी. फार्मा) पाठ्यक्रम की पांचवें चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकल्प चयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकल्प चयन की अंतिम तिथि 04 नवम्बर से 06 नवम्बर थी, जिसे अब 07 नवम्बर दोपहर 12:00 बजे तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय छात्र हित एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है ताकि अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थी काउन्सिलिंग प्रक्रिया में शामिल हो सकें। सचिव ने बताया कि सभी पात्र अभ्यर्थी अपने लॉगिन के माध्यम से निर्धारित समयावधि के भीतर अधिक से अधिक संस्थाओं का चयन करते हुए काउन्सिलिंग में प्रतिभाग सुनिश्चित करें। यह प्रक्रिया संयुक्त प्रवेश परीक्षा यूपीजेईई (पी)-2025 (डिप्लोमा इन फार्मेसी) के अंतर्गत संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी काउंसिलिंग से जुड़ी विस्तृत जानकारी परिषद की वेबसाइट ६६६.ïू४स्र.ï२इड्डलर.छ्व.ह्ल पर प्राप्त कर सकते हैं अथवा सहायता के लिए परिषद के दूरभाष 0522-2630106, 2630695, 2630667, 2636589 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मेरठ के युवाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष मेरठ से मो. तारिक, मो. फारूख और शिवांग गुर्जर ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने सदस्यता ग्रहण करने आए हुए सभी सदस्यों के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# रालोद के राष्ट्रीय अधिवेशन में तय होगी चुनावी रणनीति

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रालोद का राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 16 नवम्बर को मथुरा में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में उत्तर प्रदेश के 2000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा होगी। रालोद का यह अधिवेशन संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक दिशा तय करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिवेशन में प्रदेश भर से आये पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं किसान प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

यह जानकारी गुरुवार को पत्रकारवार्ता के दौरान रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने देते हुए कहा कि रालोद का सदस्यता अभियान 14 अप्रैल (अम्बेडकर जयंती) से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर (सरदार पटेल जयंती) तक पूरे प्रदेश में जोरशोर से चलाया गया। इस अभियान में युवा, किसान, महिलाएं, पिछड़े, अति पिछड़े, दलित और समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पार्टी संगठन के अथक प्रयासों और कार्यकर्ताओं की मेहनत से यह अभियान एक व्यापक जनांदोलन में बदल गया। परिणामस्वरूप पूरे उत्तर प्रदेश में लगभग 65 लाख से अधिक लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। यह अभियान पार्टी के इतिहास का अब तक का सबसे सफल अभियान रहा, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि प्रदेश की जनता अब परिवर्तन चाहती है और जयंत चौधरी के नेतृत्व में नई राजनीतिक दिशा देख रही है। राष्ट्रीय अधिवेशन में पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनावों की रूपरेखा एवं रणनीति पर व्यापक चर्चा की जाएगी। पार्टी नेतृत्व द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड जैसे सभी क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने की दिशा में ठोस निर्णय लिए जायेंगे। संगठन विस्तार, बूथ सुदृढ़ीकरण, स्थानीय नेतृत्व का सशक्तिकरण तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसे विषयों पर भी अधिवेशन में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। यह अधिवेशन पार्टी के आगामी राजनीतिक अभियान की दिशा तय करेगा।

रालोद ने वर्ष 2026 को चुनावी वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस अवधि में पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसमें मंडल, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर बैठकें, प्रशिक्षण शिविर और जनता के बीच संवाद कार्यक्रम शामिल होंगे। अधिवेशन में यह भी चर्चा होगी कि किस प्रकार राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाया जाए। राष्ट्रीय लोकदल का उद्देश्य है कि किसानों, नौजवानों, महिलाओं और मजदूरों की आवाज को और अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जाए। अधिवेशन में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की उपलब्धियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की जाएगी। यह बताया जाएगा कि किस प्रकार रालोद किसानों, युवाओं और रोजगार सृजन के लिए लगातार कार्य कर रहा है। साथ ही अधिवेशन में किसानों के कल्याण से संबंधित प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

# भाजपा में पदयात्रा की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के सांसद व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी तथा जिला प्रभारियों के साथ वर्चुअल संवाद किया। सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान के तहत आयोजित होने वाली विधानसभा स्तरीय पदयात्राओं की तैयारियों पर चर्चा करते हुए प्रभावी कार्यक्रम क्रियान्वयन के लिए चर्चा की। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने संचालन किया।

बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, बेबी रानी मौर्य, जेपीएस राठौर, धर्मवीर प्रजापति, अनिल राजभर, दारा सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी तथा जिला प्रभारी सम्मिलित हुए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भपेून्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा। राष्ट्र प्रथम की भावना से उनका प्रत्येक कार्य तथा उनके निर्णय राष्ट्रहित में समर्पित रहे। लौह पुरूष का जीवन प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरक है। सरदार पटेल की 150वीं जयन्ती पर उनके विचार उनके कार्य तथा मजबूत निर्णय जन-गण के मन तक पहुंचाने के लिए पदयात्राएं बड़ा माध्यम बनेगी। सम्पर्क, संवाद से समन्वय और समन्वय से राष्ट्रीय एकता के सूत्र को मजबूत करने का काम विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाली पदयात्राओं के माध्यम से करना है। उन्होंने कहा कि पदयात्राएं राष्ट्रवाद का ज्वार उठाने का माध्यम बनें इसके लिए हम सभी को यात्राओं में सम्मिलित होना है और जनमानस को पदयात्राओं से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ना है।

# एआई, रोबोटिक्स साइंस, साइबर सुरक्षा के साथ डिजिटल इंडिया को दर्शायेगा साइंस पार्क




विशेष संवाददाता (vol)

- करीब डेढ़ साल बाद खगोल शास्त्र और आधुनिक विज्ञान से रूबरू हो सकेंगे छात्र
- 39 करोड़ 62 लाख की लागत वाले साइंस पार्क और नक्षत्रशाला की रखी गयी नींव

**आगरा/लखनऊ।** लखनऊ और गोरखपुर के बाद अब ताज नगरी आगरा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त साइंस पार्क और नक्षत्रशाला की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। कोठी मीना बाजार मैदान के सामने, एसीपी लोहा मंडी कार्यालय के पीछे आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और केंद्रीय राज्य मंत्री (सांसद) प्रो. एसपी सिंह बघेल ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन एवं हवन कर 39.62 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले साइंस पार्क व नक्षत्रशाला की नींव रखी गई।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि आगरा का साइंस पार्क प्रदेश का तीसरा उच्च सुविधा युक्त पार्क होगा, जहां छात्र-छात्राएं और आमजन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक साइंस और साइबर सुरक्षा जैसी आधुनिक तकनीकों से रूबरू होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप अब प्रदेश के हर मंडल मुख्यालय पर साइंस पार्क की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह साइंस पार्क आधुनिक युग की तीन प्रमुख तकनीकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक साइंस, और साइबर सुरक्षा पर केंद्रित होगा। इसके साथ ही पार्क में प्राचीन भारतीय विज्ञान गैलरी, गणित, चिकित्सा और इंजीनियरिंग में भारत की विरासत प्रदर्शनियां भी स्थापित की जाएंगी। ये गैलरी एनसीईआरटी और सीबीएसई पाठ्यक्रम के प्रयोगों को थीम आधारित रूप में प्रस्तुत करेंगी।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जब वे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, तभी इस परियोजना की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की गई थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति के बाद कैबिनेट में प्रस्ताव पारित हुआ और बेसिक शिक्षा विभाग की भूमि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को हस्तांतरित की गई। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल आधुनिक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा को सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक दृष्टि से समृद्ध शहर के रूप में विकसित करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही आगरा में छत्रपति शिवाजी स्मारक भी स्थापित होगा, जो धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र बनेगा।

केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि नक्षत्रशाला के निर्माण से छात्रों को खगोलशास्त्र के रहस्यों को समझने का अवसर मिलेगा। यह न केवल शिक्षा बल्कि शैक्षिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का नया द्वार खोलेगा।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो : नवदीप रिणवा

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ एसआईआर की प्रगति की समीक्षा की, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश में हो रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर गुरुवार को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर को लेकर दिए गए दिशा-निर्देशो, कार्यक्रमों और इसकी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान कहीं से भी गड़बड़ी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जाए।

समीक्षा में यह पाया गया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा राजनैतिक दलों के साथ बैठक करके उन्हें एसआईआर की प्रक्रिया और आयोग के निदेर्शों की जानकारी दे दी गई है। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से बूथ लेबल एजेंट (एसआईआर) नियुक्त करने का अनुरोध भी किया गया है, जो पुनरीक्षण कार्यों में बीएलओ का सहयोग करेंगे।

समीक्षा में यह पाया गया कि सभी जिलों द्वारा गणना प्रपत्र की छपाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वितरण में धीमी प्रगति वाले जनपदों को वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जनपदों को निर्देशित किया गया कि अपने बूथ लेवल अधिकारी को यह निर्देश जारी कर दें कि वे बीएलओ ऐप का एडवांस वर्जन 8.7 प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लें तथा जिन मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किया जा रहा है उनको बीएलओ ऐप पर मार्क करते रहें, जिससे कि वितरण की प्रगति ऑनलाइन अपडेट हो सके।

जिन मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में शामिल है उनकी वर्तमान मतदाता सूची से मैपिंग के कार्य को अगले तीन दिनों के भीतर पूर्ण किए जाने के निर्देश मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत बुक ए कॉल विद बीएलओ की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके अन्तर्गत कोई भी मतदाता ५ड्ढ्ठशे१२ञ्ं.ड्ड५.ड्ढ्न पोर्टल के माध्यम से बुक ए कॉल की सुविधा के अंतर्गत अपने बीएलओ से बात करने की रिक्वेस्ट डाल सकता है। जिसे बीएलओ को अगले 48 घंटों के भीतर आवेदक से सम्पर्क कर निस्तारण करना है। बुक ए कॉल सुविधा का वोटर हेल्पलाइन 1950 की ही भांति प्रचार-प्रसार करते हुए क्रियाशील रखने के निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित राष्ट्रीय सम्पर्क केन्द्र (एनसीसी) की भांति विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सभी जनपदों में जिला सम्पर्क केन्द्रों (डीसीसी) का संचालन कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। इन केन्दों पर प्राप्त होने वाले सभी कॉल्स को दर्ज कर मतदाताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाएगा। जिला सम्पर्क केन्द्रों (डीसीसी) का संचालन सभी कार्य दिवसों में किया जायेगा। किसी भी जनपद के जिला सम्पर्क केन्द्र में कॉल करने के लिए उस जनपद के एसटीडी कोड के साथ 1950 डायल करना होगा। इसका समुचित प्रचार-प्रसार कराये जाने का निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान दिन-प्रतिदिन की प्रगति को मीडिया के साथ साझा किया जाए तथा अपने सोशल मीडिया हैण्डल्स से भी इसको प्रसारित किया जाए।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी, शामली के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिये गये, साथ ही सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किसी भी स्तर पर कार्य में लापरवाही तथा दिये गये निदेर्शों की अवहेलना पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों और मतदाताओं से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है।

संक्षेप

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। दुकान में विद्युत तार लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजनों ने पीएम के बाद गुरूवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार निवासी पचीस वर्षीय गोलू जायसवाल पुत्र स्व0 शंभूनाथ जायसवाल बीते बुधवार को अमेठी जनपद के नन्द महल गौरीगंज में आयोजित मेले में मिठाई की दुकान लगाया था। जहां दुकान में विद्युत सप्लाई को लेकर तार जोड़ने के दौरान करंट की चपेट में आने से गोलू जायसवाल की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक दो भाईयों में छोटा था। पीएम के बाद परिजनों ने गुरूवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इधर सांगीपुर पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

## दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार, गया जेल

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। उप निरीक्षक राजीव कमल पाण्डेय पुलिस फोर्स के साथ गुरूवार को गश्त पर निकले थे। इसी दौरान डभियार तिराहे के पास से दहेज हत्या के आरोपी व मृतका के पति राम नारायण मौर्या उर्फ मोती पुत्र देवतादीन मौर्य निवासी रंगौली डिहवा को धर दबोचा। पुलिस ने गिरफ्तार वांछित को जेल भेज दिया।

## धूमधाम से निकाली गयी कलश शोभा यात्रा

प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र के पूरे नेमधर में आज से आरम्भ होने वाली श्रीमदभागवत कथा को लेकर गुरूवार को श्रद्धालुओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। आयोजक डॉ0 सर्वेश मिश्र व सावित्री मिश्रा की अगुवाई में निकली कलश यात्रा बसुआपुर देउम पूरब, देउम पश्चिम, बाबा बूढ़ेश्वर नाथ धाम होते हुए घुइसरनाथ धाम पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने विधिविधान से बाबा घुइसरनाथ का पूजन किया। आज शुक्रवार से अन्तर्राष्ट्रीय कथाव्यास डॉ0 श्याम सुन्दर पाराशर के मुखारबिंद से श्रद्धालु कथा का रसपान करेंगे। संयोजक अभिषेक मिश्र व प्रणव मिश्र ने कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर प्रवीण मिश्र, धर्मेन्द्र शुक्ल, सुधीर तिवारी, अतुल मिश्र आदि मौजूद रहे।

## डीजे पर अश्लील गाना बजाने को लेकर हुई मारपीट, चार पर केस

प्रतापगढ़। डीजे पर बज रहे अश्लील गाने का विरोध करने पर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरे मेर तेजगढ़ गांव निवासी अरूण कुमार पुत्र रामनिहोर गौतम का आरोप है कि बीते चार नवंबर की रात उसके घर पर आयोजित प्रीतिभोज कार्यक्रम के दौरान गांव के अनिल गौतम पुत्र सुन्दरलाल, अजय पुत्र सुरेन्द्र गौतम आदि जबरन डीजे पर अश्लील गाने बजवाने लगे। विरोध करने पर आरोपियो ने जमकर मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# प्रेमी को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

## शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा था 2 बच्चों का पिता



जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को परिवार वालों को पकड़कर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि बीती रात प्रेमिका के परिवार वालों ने उसे अपने घर खाने पर बुलाया था। तभी वारदात को अंजाम दिया गया। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना खेसरहा थाना क्षेत्र के बरनवार गांव की है। कृष्णदेव उर्फ रोहित पांडे पुत्र नृत्य गोपाल का गांव की ही रहने वाली सुधा यादव से अफेयर था। दोनों पहले घर से फरार हो गए थे और दिवाली के समय वापस लौट आए थे। सुधा यादव की शादी 8 वर्ष पूर्व जोगिया उदयपुर कोतवाली क्षेत्र के हाटा खास गांव में हुई थी। लेकिन वो इन दिनों अपने घर पर ही रह रही थी। जिसके बाद से ही प्रेमिका के परिवार वाले नाराज थे। कृष्णदेव की पत्नी पूनम ने बताया- बुधवार रात करीब 8 से 9 के बीच गांव के ही सुधा व माधुर पुत्र स्व. राजमणि यादव और राकेश पुत्र स्व. राजमणि यादव ने पति को घर पर खाना खाने के बहाने बुलाया था। देर रात तक वो जब वापस नहीं आए तो हम लोग उनके घर जाने लगे। जहां रास्ते में मेरे पति झुलसी हालत में तड़पते हुए घर आ रहे थे। उनको देखते ही हम लोगों के पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन फानन में पति को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें 70 प्रतिशत झुलसा बताकर गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

जहां इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। पत्नी ने रोते हुए बताया कि खाने के दौरान ही पूरी प्लानिंग करके गांव के किसी लड़के से पेट्रोल मंगवाया। सुधा और माधुरी ने पकड़कर मेरे पति के ऊपर पेट्रोल डाला। बाद में राकेश ने आग लगाकर जिंदा जला दिया। पत्नी ने कहा कि मेरे पति की जैसे हत्या हुई है। वैसे मुझे भी खून का बदला खून चाहिए। मेरे पति दिल्ली में ड्राइवरी का काम करते थे। उनके सहारे ही घर चलता था। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया - पीड़ित की पत्नी पूनम के तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों सुधा, माधुरी व राकेश के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एक आरोपी राकेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों महिलाएं फरार हैं।

# पुलिस से भिड़ीं महिलाएं

## समाधि स्थल पर पूजा करने की कोशिश

फतेहपुर। जिले में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आबूनगर इलाके में एक विवादित समाधि स्थल पर कथित तौर पर पूजा करने की कोशिश कर रही महिलाओं के एक समूह की पुलिस से झड़प के बाद तनाव फैल गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम करीब छह बजे हुई जब कम से कम 20 महिलाएं दीये और पूजा सामग्री लेकर मांगी समाधि स्थल के पास लगे अवरोधकों के पास पहुंचीं। मांगी समाधि स्थल को लेकर अदालत में मुकदमा चल रहा है और इस कारण पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के वास्ते प्रवेश रोकने के लिए अवरोधक लगा दिए थे। अधिकारियों ने बताया कि कुछ महिलाओं ने कथित तौर पर अवरोधक हटाने या उन पर चढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें रोका। इस पर महिलाओं और थाना प्रभारी तारकेश्वर राय के बीच बहस होने लगी। महिलाओं ने पुलिस पर दुर्व्यवहार करने और उन्हें पूजा करने से रोकने का आरोप लगाया। विवादित जगह तक पहुंचने में असमर्थ महिलाओं ने बाद में ढांचे के सामने वाली गली से आरती और पूजा की। एएसपी ने बताया कि कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। महिला कांस्टेबल मंजू सिंह की शिकायत पर दर्ज की गई प्राथमिकी में स्थानीय निवासी पप्पू सिंह चौहान की पत्नी समेत 20 अज्ञात महिलाओं के नाम हैं। सिंह ने बताया कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। शिकायत में, कांस्टेबल सिंह ने कहा कि वह और अन्य पुलिसकर्मी विवादित मकबरे के पास तैनात थे, शाम करीब छह बजे चौहान की पत्नी के नेतृत्व में महिलाओं के एक समूह ने कथित तौर पर अवरोधक तोड़ने की कोशिश की, अभद्र भाषा का प्रयोग किया और पुलिस पर झूठे आरोप लगाने की धमकी दी। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं जिनमें कथित तौर पर महिलाएं पुलिस से बहस करती और दूर से पूजा करती दिखाई दे रही हैं, हालांकि इन वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। मांगी मकबरे स्थल पर 11 अगस्त से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है, जब हिंदू संगठनों के सदस्यों ने दावा किया था कि यह मूल रूप से ठाकुर जी को समर्पित एक मंदिर था और उन्होंने पूजा करने की अनुमति मांगी थी।

## सवार्माई मंदिर में भव्य दीपोत्सव आयोजन



श्रावस्ती। देव दीपावली के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद भिनगा द्वारा सवार्माई मंदिर प्रांगण में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीपज्योतिर्ब्रह्म – यह वैदिक उद्घोष वातावरण में आध्यात्मिक आलोक बिखेर रहा था। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष, जिला पंचायत श्रावस्ती दद्दन मिश्रा ने पूजन-अर्चन कर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक सौंदर्य, श्रद्धा भाव, भक्तिमय संगीत, प्रकाशमय दीपशृंखला और आस्था की आभा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अधिशासी अधिकारी अनीता शुक्ला एवं आयोजन समिति अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव को इस भव्य आयोजन के लिए उपस्थित जनसमूह ने हृदय से शुभकामनाएँ दीं। दीपों की दिव्य ज्योति से सम्पूर्ण परिसर उज्ज्वल, आलोकित और भावपूर्ण बना रहा।

## सीएचसी बेवा में सुपरवाइजरों की बैठक



सिद्धार्थनगर। बयारा डुमरियागंज के सीएचसी बेवा में बृहस्पतिवार को सुपरवाइजरों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. विकास चौधरी ने गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीकरण और गर्भावस्था के दौरान कम से कम चार बार जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सभी विवरण यूवीन पोर्टल पर अपलोड करने पर जोर दिया। अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक गर्भवती महिला का वजन, हीमोग्लोबिन, यूरिन, बीपी, शुगर और पेट की जांच अनिवार्य रूप से करवाई जाए। उन्होंने कहा कि इन सभी जांचों का विवरण यूवीन पोर्टल पर अंकित किया जाना चाहिए। डॉ. चौधरी ने काम में लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में परिवार नियोजन के महत्व पर भी चर्चा की गई। बीसीपीएम वीरेंद्र कुमार यादव ने टीकाकरण से इनकार करने वाले लोगों को प्रेरित कर सेवाएं प्रदान करने की सलाह दी। वहीं, बीओसी अल्पना त्रिपाठी ने एएनएम को उच्च जोखिम वाली महिलाओं की पहचान करने और संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस बैठक में संगीता, प्रतिज्ञा सिंह, शायरा खातून, सोनी, करिश्मा, नीतू, प्रीति मिश्रा, सुकलावती और रीता सिंह सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन में डीएम ने दिव्यांग को दिलायी साइकिल



जिला संवाददाता

श्रावस्ती। जनता दर्शन के दौरान आए दिव्यांग फरियादी देवकीनन्दन पुत्र जगजीवन निवासी बनकटवा, तहसील भिनगा ने जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय से ट्राईसाईकिल दिलाने की गुहार लगाई। फरियादी ने बताया कि वह सन्यासी हैं और पैरों से विकलांग होने के कारण आने-जाने में अत्यधिक कठिनाई होती है। उनकी दयनीय स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करते हुए ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी को कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं सुचितापूर्ण निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। साथ ही सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

# ईओ सचिन कुमार ने स्वच्छता पर दिया जोर

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत डुमरियागंज के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने न0 पं0 डुमरियागंज कस्बा परिक्षेत्र में साफ सफाई स्वच्छता पर जोर देते हुए सम्बंधित सफाई नायकों/ सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है, उन्होंने कहा कि नगर को साफ सफाई स्वच्छ रखने के लिए मेरा हर सम्भव प्रयास निरंतर जारी है तथा समय समय पर नगर पंचायत के सम्बंधित वार्डों में निरीक्षण किया जाता है, ईओ सचिन कुमार ने सम्बंधित नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए नगर पंचायत परिक्षेत्र को साफ साफाई एवं स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील किया गया, बाद उसके, अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने सम्बंधित सफाई नायकों एवं सफाई कर्मियों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए नगर पंचायत डुमरियागंज परिक्षेत्र को विशेष रूप से स्वच्छता पर जोर देते हुए न0 पं0 को साफ सुथरा नियमित झाड़ू लगाने सहित सफाई स्वच्छता हेतु आवश्यक एवं कड़े निर्देश दिए गए। डुमरियागंज नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिव कुमार ने इसके पूर्व कई वार्डों का निरीक्षण कर स्वच्छता की जमीनी हकीकत की जानकारी हासिल किया, वहीं सम्बंधित कई वार्ड के नागरिकों को कूड़ा-करकट डेस्डबीन में कूड़ेदान में डाले जाने का अपील करते हुए सफाई स्वच्छता में सहयोग किए जाने अपील किया गया। अल्प अवधि के कार्यकाल में ईओ सचिन कुमार ने अपनी कार्य क्षमता एवं व्यवहार कुशलता के चलते लोक प्रियता भी हासिल की है।

## मिशन शक्ति तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सिद्धार्थनगर- मिश्रौलिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कस्बा बउहरवा बाबा मंदिर जबजई में गुरुवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी इटवा शुभेंदु सिंह और थानाध्यक्ष मिश्रौलिया बृजेश सिंह ने किया। पुलिस टीम ने ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा व कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, निराश्रित महिला पेंशन योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इन योजनाओं का उद्देश्य महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। पुलिस टीम ने एंटी-रोमियो अभियान, साइबर अपराध रोकथाम और नए आपराधिक कानूनों की जानकारी भी दी। महिलाओं को सतर्क रहने और किसी भी आपराधिक स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, 112 (पुलिस), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (वीमेन हेल्पलाइन), 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस), 102 (स्वास्थ्य सेवा) और 101 (अग्निशमन सेवा) जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मिशन शक्ति टीम में उपनिरीक्षक राम दरस यादव, उपनिरीक्षक कृष्ण मोहन मिश्रा, आरक्षी अवधेश कुमार और महिला कांस्टेबल नीलम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और छात्राएं उपस्थित थीं।

## मिशन शक्ति में अनंता मेगा कार्यक्रम आयोजित



**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में अनंता मेगा इवेंट (प्रेरक महिलाओं/बालिकाओं की पहचान व सम्मान) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी मो0 मुमताज ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ महिलाओं को स्वयं जागरूक होकर उठाना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से जुड़ी महिलाओं व बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए और संघर्ष के बल पर सफलता पाने की प्रेरणादायक कहानियां बताईं। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने प्रेरक महिलाओं व बालिकाओं को सम्मान पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह न करने की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन की जिला मिशन समन्वयक सरिता मिश्रा, जेंडर स्पेशलिस्ट कुसुम श्रीवास्तव, बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी संजय कुमार वर्मा, देहात संस्था से युसूफ, नीति आयोग से अभिषेक, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# गणित ओलंपियाड में छात्रों ने किया अद्भुत प्रदर्शन

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। कटरा स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), श्रावस्ती में गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और मंगलाचरण के साथ किया गया। प्राचार्य ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, रचनात्मकता, नवाचार भावना और गणितीय कौशल को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, सृजनात्मक प्रयास तथा अविरल उत्साह के लिए सराहा। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान, तर्कशक्ति और गणना कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल, चार्ट, प्रोजेक्ट और प्रदर्श सामग्री ने गणित की कठिन अवधारणाओं को सरल, रोचक और



प्रेरक रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डायट के प्रवक्ता रविप्रताप सिंह, नोडल प्रवक्ता ओमप्रकाश यादव, गिरीश प्रसाद मिश्रा, केशा देवी, अमित कुमार पाठक, दिव्य प्रताप, जितेंद्र कुमार, रेनू यादव, धर्मेंद्र कुमार राजमणि, राजेश कुमार, आशुतोष कुमार, चांद बाबू आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षु अवतार प्रसाद, दीक्षा चौधरी, अंजली, देवेंद्र कुमार, बृजेश कुमार, अमित कुमार, पेशकार आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, सहभागिता भावना और ज्ञानार्जन उत्सव का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

## गोल्हौरा थानाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने साइबर अपराध सुरक्षा हेतु किया जागरूक

गोल्हौरा बांसी सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थानाध्यक्ष /प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में थाना गोल्हौरा पुलिस ने ग्राम नागपार में जन चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में महिलाओं/बच्चियों को किया गया जागरुक। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने ₹महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान₹ के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में 06 नवम्बर को प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में उ0नि0 रणविजय सिंह उ0 नि0 रामनाथ यादव, मु0 आ0 विनोद कुमार, आरक्षी रणजीत यादव, म0आ0 बबिता सिंह द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग किया गया तथा ग्राम नागपार थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर में महिला चौपाल लगाकर महिलाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में तथा बहू/बेटी सम्मेलन किया गया तथा हेल्पलाईन नं0 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी है।

# हत्यारोपियों पर गैंगस्टर की मांग को लेकर वकीलों ने किया प्रदर्शन

## लालगंज में नाराज वकीलों ने न्यायिक कामकाज का किया बहिष्कार

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ अधिवक्ता की हत्या को लेकर गुरूवार को भी यहां वकीलों का पारा चढ़ा दिखा। हत्यारोपियों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई के साथ फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर वकीलों का विरोध प्रदर्शन चरम पर दिखा। अधिवक्ताओं ने आम सभा मे प्रस्ताव पारित कर गुरूवार को भी न्यायिक कामकाज से अपने को विरत रखा। इसके चलते तहसील तथा दीवानी न्यायालय में न्यायिक कामकाज ठप दिखा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय की अगुवाई में अधिवक्ताओं का परिसर में जमावड़ा हुआ। कोर्ट बहिष्कार का ऐलान कर अधिवक्ता नेशनल हाइवे से लगे तहसील के मुख्य गेट पर नारेबाजी करने लगे। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बवरिहा पहाड़पुर निवासी



वरिष्ठ अधिवक्ता रूद्र प्रताप पाण्डेय पर विपक्षियों द्वारा हुए जानलेवा हमले में तीन नवंबर की रात उनकी मौत हो गयी। पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वकीलों ने पकड़े गये हत्यारोपियों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई न होने पर कड़ा असंतोष जताया। विरोध प्रदर्शन मे बोलते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता की हत्या जैसे जघन्य अपराध में पुलिस की कार्रवाई कतई प्रभावी नही है। उन्होने जिले के एसपी से लालगंज सीओ तथा सांगीपुर एसओ को वापस बुलवाये जाने की मांग की। संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि सभी आरोपियों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई के साथ सरकार मृतक अधिवक्ता के परिजनों को अविलम्ब मुआवजा प्रदान करे। संचालन उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने किया। आम सभा को पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, अजय शुक्ल गुडडू, रामलगन यादव, राजेश तिवारी, प्रवीण यादव, संतोष पाण्डेय ने संबोधित करते हुए सांगीपुर थानाध्यक्ष पर आरोपियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया। इस मौके पर शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, अनूप पाण्डेय, राम सिंह, विभाकर नाथ शुक्ला, बीडी पटेल, राकेश तिवारी गुडडू, बीके तिवारी, दिनेश सिंह, सुरेन्द्र रजक आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं साथी की हत्या को लेकर दीवानी अदालत में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय की अगुवाई में न्यायिक कामकाज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित हुआ। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह, शहजाद अंसारी, आशुतोष सिंह, उमेश नारायण तिवारी, संजय ओझा आदि अधिवक्ता रहे।

# अवैध गांजे संग अभियुक्त गिरफ्तार




शिवनगर डिढई/बांसी/ सिद्धार्थनगर। शिव नगर डिड़ई थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस ने 06. नवंबर को अवैध गांजा 670 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, सुजीत राय क्षेत्राधिकारी बांसी के निर्देशन में, मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक थाना शिव नगर डिडई के नेतृत्व में जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु06.11.2025 को चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान अभियुक्त मिथुन पुत्र बुद्धिराम सा0 वार्ड नं0 12 खटिकहिया मुहल्ला थाना रूधौली जनपद बस्ती बताया जा रहा है उक्त अभियुक्त को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही किया गया।

## घर के बाहर सो रहे दंपति की ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर मौत

शाहजहांपुर। जिले में घर के बाहर सो रहे दंपति को ट्रैक्टर-ट्राली ने रौंद दिया, जबकि उनकी दस वर्ष की पोती गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि बुधवार रात थाना पुवाया अंतर्गत पुवायां निगोही मार्ग पर एक ट्रैक्टर ट्राली जब सुनारा बुजुर्ग गांव पहुंची तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन ने घर के बाहर सो रहे दंपति को रौंद दिया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान रामशंकर (48) एवं उनकी पत्नी तारावती (45) के रूप में की गई है। हादसे में अपनी दादी के पास सो रही वंदना (10) गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं बच्ची को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे के बाद परिजनों ने शवों को सड़क पर रख कर रास्ता जाम किया और आरोपी चालक को गिरफ्तार करने की मांग की। हालांकि बाद में अधिकारियों के समझाने पर उन्होंने प्रदर्शन किया।

# पीड़ित परिवार को मिलेगा न्याय



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा विधायक ई0 सरवन निषाद ने बीते दिनों करही घाट पर नाव हादसे में जयराम कोल जोगिया निवासी मृतक कृष्ण कुमार चतुर्वेदी के परिजनों से मुलाकात कर चार लाख धनराशि का चेक सौंपा और हर संभव मदद का भरोसा जताया। विधायक श्री निषाद ने कहा कि घटना बेहद दुखद व हृदय विदारक था। परिवार के चिराग को वह वापस तो नही ला सकते, पर उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही हर संभव मदद का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित हुआ है। नाव संचालक पर मुकदमा दर्ज हुआ है। अन्य संबंधित विभाग द्वारा जांच हो रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की ज़िम्मेदारी उनकी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जो जिम्मेदारी उन्ह दी है। उनके वादा पर खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। सरकार के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प को चौरी चौरा विधानसभा में साकार किया जा रहा है। उक्त अवसर पर तहसीलदार सत्यप्रकाश गुप्ता, रामदयागर निषाद, धनराज निषाद, संदीप मिश्रा, सुग्रीव तिवारी व मंदीप निषाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बाइक की ठोकर महिला घायल, मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरी रामनगर निवासी छेदीलाल पुत्र परिछन की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। बता दें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चौरी टोला रामनगर में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। तहरीर के माध्यम से बताया गया कि 22 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे छेदीलाल की पत्नी ममता देवी सड़क से घर लौट रही थीं। उसी दौरान गांव के ही इन्दल निषाद पुत्र गेंदा निषाद अपनी मोटरसाइकिल जो लापरवाहीपूर्वक तेज रफ्तार में चला रहा था, अचानक उसने पीछे से टक्कर मार दी।, जिससे ममता देवी का एक पैर पूरी तरह से टूट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा भेजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित के पति छेदीलाल पुत्र परिछन के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

# सरयू नदी में डूबा युवक, तलाश जारी



गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के राममऊ गांव स्थित सरयू तट पर गांव निवासी एक युवक पैर फिसलने से नदी में डूब गया। युवक को डूबता देख वहां खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया तो कुछ लोग उसे बचाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक वह डूब चुका था। सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गोताखोर व एसडीआरएफ की मदद से युवक की तलाश में जुटे हुए है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक अभी शव का पता नही चल सका है। गुरूवार की पूर्वाह्न लगभग 11 बजे राममऊ

गांव निवासी सत्येंद्र नायक (35) पुत्र रमेश नायक शौच इत्यादि के बाद हाथ धोने के लिए सरयू नदी तट पर पहुंचा। हाथ धोने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नदी के अंदर चला गया और डूबने लगा। वहां पर खेल रहे बच्चे उसे डूबता देख शोर मचाने लगे। शोर सुनकर वहां पंहुचे ग्रामीणों ने युवक के परिवार के साथ पुलिस को भी युवक के डूबने की सूचना दे दी। घटनास्थल पर पंहुचे थाना प्रभारी राहुल शुक्ल स्थानीय नाविकों व गोताखोरों की मदद से डूबे युवक की तलाश में जुट गयें। वहीं तलाश के लिए थाना प्रभारी के द्वारा एसडीआरएफ को भी बुलाया गया है।

लापता सत्येंद्र शादी-शुदा व पांच भाईयों मे चौथे नंबर पर है। दो भाईयों की मौत बहुत पहले हो चुकी है जबकि छोटे भाई की मौत तकरीबन ढाई साल पहले हो गयी है। युवक के दो बच्चे दिव्यांश (3) व काव्या (8) है। युवक अपने परिवार का भरण-पोषण आटो रिक्सा चला कर करता है। डूबने की सूचना पर पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। परिवार की माली स्थिति बहुत ही खराब है। पुराने खपरैल की मकान की छत भी गिर चुकी है।

## ग्राहक ने आभूषण देखने के बहाने सोना चुराया

चरगांवा, गोरखपुर। सोने का आभूषण देखने के बहाने दूकान पर आए ग्राहक ने चुपके से सोने का पैकेट चुरा लिया और सुरक्षित निकल गया। मिलान करते समय दूकानदार को चोरी की जानकारी हुई। घटना एम्स थाना क्षेत्र के कुसम्ही बाजार की है। मिली जानकारी के अनुसार यशराज वर्मा की कुसम्ही बाजार में शिवशक्ति ज्वैलर्स के नाम से सोने चांदी एवं बर्तन की दूकान है। बीते मंगलवार को सुबह 10 बजे दूकान पर एक ग्राहक आया और आभूषण देखने लगा। लेकिन कुछ देर बाद वह बिना खरीदारी किए दूकान से वापस लौट गया। कुछ देर बाद जब दूकानदार ने सामान का मिलान किया तो एक एक पैकेट गायब था। दूकानदार ने ग्राहक पर आभूषण चुराने की आशंका जताई है। इस सम्बन्ध में दूकानदार की तहरीर पर एम्स पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## अवैध गांजा के साथ शातिर गिरफ्तार

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के चिउंटहा पुलिस के पास से मुकामी पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा के साथ एक शातिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार शातिर की पहचान स्थानीय इलाके के ग्राम सभा नूरुद्दीन चक निवासी राममिलन यादव पुत्र मल्लर यादव के रूप में हुई। उसके पास रखे झोले की तलाशी लेने पर सफेद रंग की पालिथिन के पैकेट में रखा एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया। इसकी गिरफ्तारी में उप निरीक्षक हरिशंकर यादव व उप निरीक्षक विशाल श्रीवास्तव व आरक्षी प्रदीप शामिल रहे।

## छात्र लाइब्रेरी का जिलाधिकारी और सरिता भदौरिया ने निरीक्षण किया



इटावा। सन 1885 में अंग्रेज शासक रानी विक्टोरिया के जमाने में बनाए गए विक्टोरिया मेमोरियल हाल जो जनपद की पुरातत्व पौराणिक धरोहर का जीरो धार कराकर उसमें शहर के छात्र-छात्राओं के लिए लाइब्रेरी तैयार किए जाने का सदर विधायक सरिता भदोरिया ने बीड़ा उठाया जिनके अथक प्रयास से आज उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विगत कई महीनो से जिसका सुंदरीकरण सहित तमाम कर निरंतर चल रहे हैं जिसका निरीक्षण आज जिलाधिकारी इटावा शुभ्रांत शुक्ला सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला ने कहा कि यह इमारत पुरातन काल से इटावा में स्थापित है जिसका सदुपयोग इससे अच्छा नहीं हो सकता यह स्वागत योग्य कार्य है उन्होंने इस कर में लगी कंपनी के लोगों से कहा कि इसका जो भी रंग रोगन करना है उसको पुरातन धरोहर के हिसाब से ही करना है और इस हिसाब से करना है कि समय आने पर इसका मेंटेनेंस किया जाए तो ज्यादा खर्च की आवश्यकता ना रहे " इस अवसर पर पर्यटन विभाग के पवन कुमार भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदोरिया मत्स्य प्रकोष्ठ जिला संयोजक ओम रतन कश्यप किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक चौहान टीटू चंदन पोरवाल प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश शाक्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे !

## सचिवों ने उत्पीड़न के खिलाफ मोर्चा खोला



इटावा ! ग्राम पंचायत सचिवों ने उत्पीड़न के विरुद्ध अधिकारियों की गलत नीतियों के खिलाफ खोला मोर्चा ! 6.11.2025 को ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ इटावा की संयुक्त बैठक सिंचाई संघ भवन इटावा पर दोनों संघों के अध्यक्ष पूरन सिंह एवं श्री दीपक कुमार की अध्यक्षता में समय 10:00 बजे से की गई जिसका संचालन नीरज यादव द्वारा किया गया बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों की तानाशाही पूर्ण रवैया का एक स्वर से विरोध किया गया तथा विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा अनावश्यक रूप से कर्मचारी को परेशान करने एवं उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग करने का भी विरोध किया गया साथियों द्वारा बताया गया कि हमारे कुछ साथियों को जिला स्तर पर नियम विरुद्ध तरीके से बिना नोटिस दिए ही निलंबन एवं संबंधिकरण कर लिया जाता है वर्तमान में पांच सचिव जिला स्तर पर संबंध है तो वहीं विकासखंड बढ़पुरा के खंड विकास अधिकारी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के दीपावली पर समय से वेतन एवं बोनस दिए जाने के आदेश के उपरांत भी शासनादेशों की धज्जियां उड़ाते हुए दीपावली का बोनस एवं वेतन आज तक नहीं दिया गया है फैमिली आईडी के नाम पर 40 ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं 14 ग्राम विकास अधिकारियों का माह अक्टूबर का जिला स्तर से वेतन रोक दिया गया है जबकि फैमिली आईडी केवल उन परिवारों की नहीं बनी है जो लोग अपना आधार कार्ड एवं ओटीपी बताना नहीं चाहते हैंइसके साथ ही आए दिन उच्च अधिकारियों द्वारा कुछ साथियों का एक एक दो दो दिन का वेतन तथा वेतन वृद्धि तथा कुछ का एक-एक माह का वेतन रोक रखा है सचिवों को कभी गौशाला के नाम पर तो कभी जांच के नाम पर भारी दोहन किया जा रहा है सोशल ऑडिट के नाम पर जिला स्तरीय ऑडिटर प्रेम राजपूत तथा ब्लॉक ऑडिटरों द्वारा भी दोहन किया जा रहा है इन सब कारणों से परेशान होकर हमारे एक साथी ने बी आर एस ले लिया प्रेम राजपूत पर उच्च अधिकारियों का इतना हाथ है कि वह मनरेगा की फाइलें मंगवा कर सचिवों का दोहन कर रहे हैं इससे सभी साथियों में भारी रोष व्याप्त है यदि एक सप्ताह के अंदर सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो सचिव कार्य बंद कर विकास भवन के गेट पर धरना प्रदर्शन करने एवं आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसके लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा बैठक में मनोज कुमार मिश्रा बब्बू राजा स्नेह लता राधेश्याम आभा कौशल अवनीश कुमार संजीव यादव प्रदीप कुमार मृदुल कुमार शर्मा मृदुल कुमार बृजभान सिंह अंजुला यादव सपना यादव पिंकी सुषमा यादव सुमित पालीवाल इम्तियाज अतहर आदि सभी सचिव उपस्थित रहे !

## समान खरीद कर लौट रही महिला से मार-पीट ,मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरा निवासी राधा देवी पत्नी दीनानाथ की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। बता दें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम चौरा में बुधवार की शाम सामान खरीद कर लौट रही एक महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम चौरा निवासी राधा देवी पत्नी दिनानाथ ने थानाचौरीचौरा में दी गई तहरीर में बताया कि वह बुधवार की शाम तहसील रोड से सामान खरीदकर लौट रही थीं। उसी दौरान गांव के ही राजू पुत्र सुक्खू ने उन्हें देखकर गाली-गलौज करते हुए मारने-पीटने का प्रयास किया।पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए औरबीच-बचाव कर उन्हें छुड़ाया। राधा देवी ने बताया कि आरोपी ने उन्हें धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भटहट में मॉल के सामने खड़ी बुलेट चोरी

चरगांवा, गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट ब्लाक के सामने स्थित एक गारमेंट की दुकान के सामने खड़ी बुलेट बुधवार की रात चोरी हो गया। सीसीटीवी फुटेज फुटेज में चोरों की करतूतें कैद हो गई। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। इधर दुकानदार ने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज और तहरीर चौकी पुलिस को दी है। फुटेज के आधार पर पुलिस चोरो की पहचान कर तलाश में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार महेश्वरी सिंह का भटहट ब्लाक के सामने मां कृष्णा गारमेंट नामक मांल (कपड़े की दुकान) है। अपनी बुलेट बाइक दुकान के बाहर लाकर करके दुकान के अंदर हो गए। गुरुवार की अलसुबह दुकान खुला तो बाइक गायब थी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज चेक किया तो पता चला कि रात एक बजे दो व्यक्ति बुलट चुराते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि सीसीटीवी फुटेज को राष्ट्रीय सहारा प्रमाणित नहीं करता है।पीड़ित ने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज और तहरीर चौकी पुलिस को कार्रवाई की मांग की। चौकी प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है ?।।

## बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अंतर्गत ग्राम सभा प्रतापपुर के समीप बोलेरो व बाइक सवार की आमने-सामने टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे तुरंत इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जंगल कौड़िया भेज दिया गया जहाँ से डाक्टरों ने मेडिकल कालेज भेज दियोमौके पार पहुंची मजनू चौकी पुलिस जाँच पड़ताल कर रही है मिली जानकारी के अनुसार मजनू चौकी अंतर्गत ग्राम सभा प्रतापपुर के समीप बोलेरो व बाइक सवार की आमने सामने की टक्कर से बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे जा गिरे जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गये अगल बगल के लोगो ने तत्काल इसकी सूचना 108,112 व मजनू चौकी पुलिस को दी मौके पार पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु सीएचसी जंगल कौड़िया भेजा जहाँ से डाक्टरों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दियोबताया जा रहा है ।

# कांग्रेसियों ने चलाया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान



गोला, गोरखपुर। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में गुरूवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्रमोहन पांडेय व जिला सचिव गणेश मिश्रा तथा ब्लाक अध्यक्ष सरवन यादव के नेतृत्व में गोला ब्लाक के बनवारपार व देईडीहा चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। जहां शिविर में कार्यकताओं ने लोगों से हस्ताक्षर कराए और जनसमर्थन जुटाया। अभियान के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्रमोहन पांडेय व जिला सचिव गणेश मिश्रा ने कहा कि देश महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता को जाति और धर्म के नाम पर बांट रही है। उन्होने यह भी बताया कि कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरवन यादव ने भाजपा की नीतियों को जनविरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामियों से आम जनता परेशान है और लोगों से इस हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

इस हस्ताक्षर अभियान में मनोज मिश्रा, राजनरायन तिवारी, मुकेश यादव, भोला यादव, रमाकांत मौर्य, रामचंद्र मौर्य, प्रभाकर, बेचू प्रसाद व गिरजाशंकर सहित तमाम काग्रेसी उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकत्रियों का धरना छठवें दिन भी जारी



उरुवा, गोरखपुर। उरुवा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शासन से अपनी मांग को लेकर आशा कार्यकत्रियों का धरना छठवें दिन भी जारी रहा। इस मौके पर आशा माया सिंह, शशिबाला सिंह, अनीता सिंह, नीलम सिंह, प्रेमलता, इंद्रावती, चांदनी, विद्यावती आदि लोगों ने कहा कि हर गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दे रही आशा कार्यकत्रियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। हमें मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का समय से भुगतान नहीं किया गया। जिससे हम सभी लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा। शासन से हमारी मांग है कि हमें निश्चित मानदेय देने के साथ ही राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।

इस अवसर पर अनीता राय, सविता, साधना तिवारी, राधिका, पूनम देवी, निशा देवी, सुभद्रा सहित कई आशाएं मौजूद रही।

# पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य की तबीयत बिगड़ी

जिला संवाददाता

इटावा। जिले के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ राजनेता पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसद रघुराज शाक्य की तबीयत मंगलवार को अचानक बिगड़ने पर उन्हें सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही समर्थकों, कार्यकताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में चिंता का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व सांसद बुधवार रात यमुना नदी तट पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद वे इकदिल क्षेत्र में चल रहे एक निजी समारोह में पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। मौके पर मौजूद सहयोगियों ने तुरंत उन्हें सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की

- सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती
- डॉक्टरों की टीम निगरानी में, समर्थकों में चिंता लेकिन स्थिति अब स्थिर

टीम ने उनकी जांच शुरू की। डॉक्टरों ने प्रारंभिक तौर पर हृदय संबंधी समस्या की आशंका जताई है। उनके इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम लगातार निगरानी कर रही है।

इधर जैसे ही रघुराज सिंह शाक्य के अस्वस्थ होने की खबर फैली, भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता (अन्नू) समेत कई पार्टी नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक अस्पताल पहुंच गए। सभी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक पूर्व सांसद की स्थिति अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। डॉक्टरों ने फिलहाल पूर्ण विश्राम और निगरानी की सलाह दी है। रघुराज सिंह शाक्य को इटावा और आसपास के क्षेत्रों में सरल स्वभाव, मिलनसार व्यवहार और जनहित के कार्यों के लिए जाना जाता है। यही कारण है कि उनके स्वास्थ्य को लेकर आम लोगों से लेकर राजनीतिक वर्ग तक में चिंता बनी रही। लोगों ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

## सत्यप्रकाश संयोजक तथा अरुण और राजन बने सह संयोजक

उरुवा, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, जनपद गोरखपुर की जिला कार्य समिति ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विकास खंड उरूवा की वर्तमान इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए समिति ने उरूवा क्षेत्र में संघीय कार्यों के सुचारु ढंग से संचालन के लिए सत्य प्रकाश पाण्डेय को संयोजक अरूण कुमार त्रिपाठी और राजन यादव को सह संयोजक मनोनीत करते हुए नव मनोनीत सदस्यों को एक माह के भीतर संघीय नियमों के अनुरूप चुनाव संपन्न कराकर नई कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए है।

## डायबिटीज शोध पर राष्ट्रीय सम्मेलन में देंगे व्याख्यान: डॉ. सुशील कुमार

सैफई, इटावा ! केरल में 6 से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय डायबिटीज सम्मेलन में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार यादव अपना शोध प्रस्तुत करेंगे। देश की सबसे बड़ी मधुमेह अध्ययन संस्था आरएसएसडीआई (रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया) की ओर से उन्हें व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन प्रसिद्ध डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. ज्योतिदेव केसवादेव कर रहे हैं। इसमें देश और विदेश के प्रमुख विशेषज्ञ मधुमेह के निदान, प्रबंधन और उपचार की नवीनतम चिकित्सा विधियों पर अपने अध्ययन और अनुभव साझा करेंगे। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के डॉ. सुशील कुमार यादव डायबिटीज रोगियों में उपचार के व्यवहारिक प्रबंधन, जीवनशैली अनुकूलन और दवा पद्धति में सुधार पर आधारित अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत करेंगे।

## किशोरी के अपहरण का आरोप परिजनों ने लगाया

इटावा ! जिले के भरथना थाना क्षेत्र के एक गांव से स्कूल जाते समय किशोरी के अपहरण का आरोप परिजनों ने लगाया। डेढ़ माह से किशोरी का पुलिस पता नहीं लगा सकी, परिवार ने एसपी ग्रामीण से न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि इस मामले में भरथना थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था, पीड़ित द्वारा लगातार पुलिस से अपनी इकलौती बेटी को बरामद करने की गुहार लगाई लेकिन अब किशोरी का पता नहीं चल सका। परिवार ने अपनी मासूम बेटी के साथ कोई बड़ी अनहोनी की आशंका जताई है। किशोरी की मां ने कहा अगर बेटी जल्द वापस नहीं मिली तो वह आत्महत्या कर लेगी। बता दें गुरुवार को एक पीड़ित परिवार एसपी ग्रामीण से मिलने पहुंचा और अपनी इकलौती बेटी को बरामद करने की गुहार लगाई है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी पीड़ित महिलाओं की पीड़ा




इटावा। उ. प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना एवं नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति के तहत प्रेरक महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान 11 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सदस्य द्वारा मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया एवं उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष प्रकरणों का 15 दिन के अंदर निस्तरण किया जाए।

सदस्य ने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं, शिकायतों से रुबरू होते हुए कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि वे महिलाओं एवं बालिकाओं की छोटी-बड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय के लिए इधर- उधर भटकना न पड़े और उनका मान-सम्मान प्रत्येक दशा में कायम रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बहन- बेटियों के मान सम्मान को बनाये रखने के लिए उनकी सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर का संचालन कर रही है। य

ादि कोई भी व्यक्ति किसी भी महिला एवं बालिका के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो वह बे-झिझक इन टोल फ्री नम्बर का उपयोग कर शिकायत कर सकती है। यदि उनको समय से न्याय नही मिलता है तो वे राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज करा सकती है। ऐसे प्रकरणों पर निश्चित ही महिला आयोग से समस्या से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को न्याय मिलेगा। उन्होंने दिव्यांगजन द्वारा कैंप लगाने के निर्देश दिए, जिसपर दिव्यांगजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त विकास खण्डों में कैंप लगाए जा रहे हैं एवं पात्रों को लाभ दिया जा रहा है साथ ही सदस्य ने कहा कि शादी अनुदान में दिव्यांग को आच्छादित किया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी न्यायक चकरनगर, सीओ जसवन्तनगर आयूषी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी, समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पीड़ित महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गांगूपुर, वि.ख.- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-06.11.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- गांगूपुर, विकासखंड- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 में प्राप्त होने वाली धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 07.11.2025 से दिनांक- 14.11.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत गांगूपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 14.11.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरे पीडब्ल्यूडी की दरे से अधिक नहीं होनी चाहिए।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत गांगूपुर में सामुदायिक शौंचालय मरम्मत और इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2 लाख। | ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, इण्टरलॉकिंग ईंट, एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होंगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- गांगूपुर, वि.ख.-दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद सरैया, वि.ख.- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-06.11.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- मुस्तफाबाद सरैया, विकासखंड- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 में प्राप्त होने वाली धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 07.11.2025 से दिनांक- 14.11.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद सरैया पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 14.11.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरे पीडब्ल्यूडी की दरे से अधिक नहीं होनी चाहिए।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | राजू के घर से असलम के घर से होते हुए अरबली के घर तक इण्टरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य। माप-100 मी.x3 मी.। | 5.80 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट, एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | विजय के घर से मुन्नी लाल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। माप- 300 मी.x2.5 मी.। | 9.96 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होंगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- मुस्तफाबाद सरैया, वि.ख.-दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर।

**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-PYGS-Mx-169-25-2 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.11.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-SKN-MX-147-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.11.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-BSB-TW-176-25-1 (Parking Two-wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.11.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/113-E-Auction Policy/2024/SKS Dt. .11.2025 3453/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## हाईटेंशन लाइन में स्पॉर्किंग से लगी आग

मोहम्मदी खीरी। गांव बहादुर नगर में खेत से निकली हाई टेंशन लाइन के जर्जर तारों में स्पार्किंग होने से तीन किसानों का एक हेक्टेयर से अधिक गन्ना जलकर राख हो गया है। गुरुवार को 12 बजे करीब गांव के किसान महबूब, प्रभात त्रिवेदी, राकेश त्रिवेदी के गन्ने के खेत से ऊपर निकली जर्जर तारों की लाइन में अचानक स्पार्किंग होने लगी जिससे आग लग गई सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद 1 घंटे में आग पर काबू पाया जा सका तब तक फसल जलकर राख हो गई थी। किसानों का कहना है उनका लगभग 3 लाख से अधिक रुपए का नुकसान हुआ है। घटना का निरीक्षण करने राजस्व विभाग की टीम पहुंची है।

## कम दामों पर धान बेचने को किसान मजबूर

मोहम्मदी खीरी। किसानों को धान की फसल को समर्थन मूल्य पर बिक्री करने की जटिल प्रक्रिया के चलते औने पौने दामों में आढ़तियों के यहां बिक्री कर गेहूं की बुवाई करने में लगा सरकार द्वारा किसानों का एक-एक दाना धान खरीदने का फरमान हवा हवाई साबित हुआ है। समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए 14 केंद्र मंडी परिसर में बनाए गए थे 3 केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए थे जिसमें महज एक महीने में 10 हजार कुंतल से अधिक धान की खरीद की जा सकी है जिसमें सर्वाधिक धान खरीद खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा की गई है जबकि अन्य एजेंसियों ने किसानों का धान न खरीद कर बिचौलियों से सीधे साठ गांठ करने में लगे हुए हैं। एमओ भूपेंद्र सिंह के अनुसार मानक के अनुरूप किसानों के धान की फसल होने पर खरीदा जा रहा है।

## किशोरी को भगाने में चार के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिक किशोरी को झांसा देकर घर से निकाल ले जाने के मामले में पुलिस ने पिता की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता के पिता ने बताया उसकी पुत्री घर पर अकेले थी तभी मौका पाकर गांव के सुभाष, ऋषि, राम भजन और रिश्तेदारी ईश्वर चंद ने योजना बनाकर घर से उसकी पुत्री को जबरन लेकर चले गए हैं। पुलिस ने सभी नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## किशोरी के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

लखीमपुर खीरी। थाना मैलानी क्षेत्र के हल्का नंबर-4 क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। पीड़िता ने बताया कि वह शौच के लिए बाहर गई थी, तभी गांव का ही युवक शेषनाग, जो पहले से घात लगाए बैठा था, उसे जबरन गन्ने के खेत में खींच ले गया। आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उधर, ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोग मामले को दबाने के लिए थाने के चक्कर काट रहे हैं। वहीं, पीड़िता के परिजनों ने थाने में न्याय की गुहार लगाई है।

# जनसुनवाई में आई 39 शिकायतें

## राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी ने जन समस्या सुन दिए निस्तारण के निर्देश



लखीमपुर खीरी। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने महिलाओं से जुड़ी शिकायतों की जनसुनवाई की। उन्होंने उपस्थित पीड़ित महिलाओं की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 39 प्रकरण दर्ज हुए, जिसमें घरेलू हिंसा जमीनी विवाद, छेड़छाड़ के प्रकरण शामिल हैं। मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये कि प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण जल्द से जल्द करके कार्यवाही की जाए। सदस्य, राज्य महिला आयोग सुजीता कुमारी ने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत शासन प्रशासन नारी सम्मान तथा सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध है। आयोग का उद्देश्य है कि हर महिला को त्वरित न्याय मिल सके। जनसुनवाई कार्यक्रम में थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद रावत, सीडीपीओ कीर्ति सचान, असिस्टेंट प्रोफेसर महिला अस्पताल डॉ श्रीमती तनीषा गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह उपस्थित रहे।

### फूलबेहड़ में नारी चौपाल, योजनाओं की दी जानकारी

सदस्य राज्य महिला आयोग सुजीता कुमारी ने ब्लॉक फूलबेहड़ में आयोजित नारी चौपाल में सहभागिता की गई, जहां ब्लॉक द्वारा संचालित आवास योजना, सीएम कन्या सुमंगला योजना, सीएम बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना' वन स्टॉप सेंटर 1098 के बारे में जानकारी दी गई। सीडीपीओ ने संचालित पोषण योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। नारी चौपाल में बीडीओ फूलबेहड़ सुमित कुमार सिंह, कोऑर्डिनेटर पीएम कौशल विकास योजना रोहित त्रिपाठी, बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि शामिल रहे।

# आईसीआईसीआई बैंक पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की सख्त कार्रवाई

- डीएम का बड़ा एक्शन! आईसीआईसीआई बैंक की सुस्ती पर गिरी गाज
- नगर निकायों के खातों के बैंक परिवर्तन की प्रक्रिया तेज, अधिकारियों को त्वरित रिपोर्ट का आदेश
- कारण बताओ नोटिस के बाद नहीं सुधरा बैंक, अब सीधी कार्रवाई
- एचडीएफसी और ऐक्सिस बैंक को भी नोटिस जारी

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को आईसीआईसीआई बैंक पर प्रशासनिक बिजली गिरा दी। सीएम युवा उद्यमी योजना में लक्ष्य के सापेक्ष सुस्ती और घोर लापरवाही दिखाना बैंक को बेहद महंगा पड़ गया। डीएम ने कड़े तेवर अपनाते हुए साफ आदेश दिया कि नगर निकायों के सभी खाते तत्काल प्रभाव से अन्य बैंक में स्थानांतरित किए जाएं। जानकारी के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत बुनियादी एवं निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम और द्वितीय किश्तों में ?32.63 करोड़, जबकि वर्ष 2023-24 में ?10.32 करोड़ की राशि नगर निकायों के खातों में जमा है। यानी कुल 42 करोड़ से अधिक की धनराशि अब डीएम के निर्देश पर आईसीआईसीआई बैंक से बाहर जाएगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को फौरन कार्रवाई और त्वरित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए हैं। गौरतलब हो कि अभियान के तहत आईसीआईसीआई बैंक को 43 लाभार्थियों को वित्तीय सुविधा देने का लक्ष्य मिला था, लेकिन अब तक एक भी प्रगति नहीं हुई। कई बैठकों में शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया, फिर भी बैंक की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। समीक्षा में जब मामला डीएम के संज्ञान में आया, तो उन्होंने सीधा एक्शन मोड अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी की। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर डीएम ने अन्य बैंक में खाता स्थानांतरित करने का फरमान जारी किया है। साथ ही, एचडीएफसी बैंक और ऐक्सिस बैंक को भी सीएम युवा उद्यमी योजना के क्रियान्वयन में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित शून्य प्रगति न होने पर नोटिस जारी की जा रही है। डीएम ने दोनों बैंकों के कार्यप्रदर्शन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। डीएम के इस आदेश के बाद बैंकिंग सेक्टर और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। माना जा रहा है कि यह कदम सिर्फ आईसी आई सीआई बैंक के लिए नहीं, बल्कि सभी बैंकों और विभागों के लिए सख्त चेतावनी है कि काम में सुस्ती दिखाई, तो परिणाम भुगतने को तैयार रहो।

# कुत्ते से टकराई बाइक तीन घायल

## सिसैया पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात हुआ हादसा



धौरहरा खीरी। बुधवार रात लगभग 9 बजे रिस्तेदारी से वापस लौट रहे बाइक सवारों की बाइक कुत्ते से टकराने के बाद पिता पुत्र सहित कुल तीन लोग चोटिल हो गए जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से सी एच सी धौरहरा भेजा गया फिलहाल तीनों को हल्की फुल्की चोटे आई है। प्राप्त विवरण के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला रामबाटिका धाम निवासी प्लंम्बर जुबेर 35 वर्ष, गोबरे 40 वर्ष विलाल अपनी बाइक से वापस रिस्तेदारी से आते वक्त पीलीभीत बस्ती हाइवे पेट्रोल पंप के सामने बाइक कुत्ते से टकराते ही घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से सी एच सी धौरहरा भेजा गया। फिलहाल सभी लोग खतरे से बाहर बताएं जा रहें हैं।

# शांतिकुंज हरिद्वार की महिला टोली करा रही नारी उत्कर्ष समारोह

## गायत्री परिवार का पांच दिवसीय विराट महिला आयोजन शुरू



लखीमपुर खीरी। गायत्री परिवार के विराट नारी उत्कर्ष समारोह का शुभारंभ गुरुवार को नगर में नारी गौरव मंगल यात्रा निकालकर किया गया। नारी गौरव मंगल यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा कन्यापूजन के साथ हुआ। कन्यापूजन शान्तिकुंज हरिद्वार से आई ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली द्वारा हुआ। नारी गौरव मंगल यात्रा आयोजन स्थल श्रीराम वाटिका मैदान मीरपुर रसौरा तिराहा रामापुर रोड से आरम्भ होकर लाहौरी नगर मंदिर, राजापुर चौराहा, सौजन्या चौक, हीरालाल धर्मशाला, हमदर्द तिराहा, नौरंगाबाद, पॉलीटेक्निक होते हुए वापस आयोजन स्थल पहुंची जहां शांतिकुंज टोली द्वारा सामूहिक आरती कराई गई। नारी गौरव मंगल यात्रा में सबसे आगे पीत वस्त्रधारी स्कूटी वाहिनी की महिलाएँ, फिर कलशधारी कन्याएं, तिरंगाधारी कन्याएं, फिर ढपली बजाती कन्याएँ शामिल थीं जिनके पीछे सैकड़ों महिलाएं गायत्री परिवार के प्रेरक नारे लगाती हुईं नगरवासियों को कार्यक्रम में आमंत्रित कर रही थीं। इनके मध्य देवी शक्तियों की सजीव झांकियां नारी शक्ति की गौरव गाथा का प्रदर्शन कर रही थीं। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में कन्याओं के द्वारा प्रेरक प्रस्तुतियां दी गईं। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया आयोजन के दूसरे दिन जिले के विभिन्न ब्लाकों और प्रदेश से पहुंची महिलाओं का देव परिवार निर्माण का प्रशिक्षण शांतिकुंज टोली द्वारा होगा।

# एसडीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण, सुधार के निर्देश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उपजिलाधिकारी प्रतिक्षा त्रिपाठी ने गुरुवार की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवा वितरण व्यवस्था, वार्डों की स्थिति और रजिस्टरों की एंट्री का बारीकी से अवलोकन किया। मरीजों से उपचार, दवा उपलब्धता और डॉक्टरों के व्यवहार को लेकर जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान तीन चिकित्सक डा. अशोक बिहारी, डा. अजय वर्मा और महिला चिकित्सक डा. यामिनी बादल बिना सूचना अनुपस्थित मिले। जिस पर एसडीएम ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि स्टाफ की उपस्थिति नियमित रखी जाए और बिना अनुमति अनुपस्थित पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। एसडीएम ने कहा कि अस्पताल में आने वाले हर मरीज को समय पर इलाज और पूरी सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा और मरीजों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दवा वितरण काउंटर पर दवाओं की उपलब्धता और स्टॉक रजिस्टर की जांच की। उन्होंने कहा कि यदि किसी मरीज को दवा न मिलने की शिकायत मिली तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. गनेश कुमार ने बताया कि डा. अजय कुमार वर्मा और महिला चिकित्सक डा. यामिनी बादल न्यायालय में उपस्थित होने के कारण अस्पताल से बाहर थे। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि क्षेत्र की जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## श्रीमद्भागवत कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी ।वीओएल। पौराणिक शिव मंदिर स्थित नीलकंठ मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को विधायक अमन गिरि व चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने भाग लेकर भक्तिभाव से कथा श्रवण किया। श्रीमद भागवत कथा में आचार्य श्री नरोत्तम शास्त्री जी महाराज कथा का रसपान करा रहे हैं। विधायक अमन गिरि ने कथा स्थल पर पहुँचकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करती है और लोगों को धर्म मार्ग पर अग्रसर करती है।

# गोला खेल महोत्सव में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद गोला द्वारा स्वच्छ भारत-नगरीय मिशन के अंतर्गत आयोजित युवा शक्ति का उत्सव गोला खेल महोत्सव के छठवें दिन सीजीएन पीजी कॉलेज के मैदान में क्रिकेट टूनार्मेंट की शुरूआत जोश और उत्साह के साथ हुई। खेल महोत्सव का उद्देश्य नगर के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और प्रतिभाओं को मंच देने का है। खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल दिखाते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य सीजीएन पीजी कॉलेज प्रो. पंकज सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि प्रो. पंकज सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल भावना जागृत होती है और यही भविष्य के खिलाड़ी तैयार करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि गोला की प्रतिभाएं प्रदेश और देश स्तर तक अपनी पहचान बनाएँ, यही इस महोत्सव का उद्देश्य है। पहला मैच यूडीसीए गोला बनाम यूथ क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, जिसमें यूडीसीए की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट से विजय हासिल की। अक्षम को तीन विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे मैच में विद्या निकेतन गोला ने पब्लिक इंटर कॉलेज गोला को 4 विकेट से हराया। तीसरे मुकाबले में राजेंद्र गिरी एकेडमी गोला ने साइको क्लब गोला को हराकर जीत दर्ज की, जबकि चैथा मैच सेंट जॉस बनाम विद्या निकेतन के बीच खेला गया जिसमें निकेतन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 46 रन बनाए। टेक्निकल टेबल पर गोपाल कृष्ण सक्सेना, ऋषिकेश पांडे, संतोष कुमार मौर्य, खेल प्रभारी निशांत वर्मा, राजकुमार बाथम, कुलदीप वर्मा और नृपेंद्र कुमार राज ने जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि (पूर्व प्रवक्ता सीजीएन कॉलेज) प्रो. राम अवतार विश्वकर्मा, (मर्चेंट नेवी)शेरजंग सिंह, प्रधानाचार्य पब्लिक इंटर कॉलेज बाबूराम सागर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विजय बाजपेयी, संयोजक श्याममूर्ति शुक्ला, सभासद सौरभ तिवारी, सुफियान खान, हरिओम वर्मा, आनंद किशोर गिरी, प्रो. संतोष गुप्ता, डीपीएम विक्रांत वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी, जेई आदर्श मिश्रा, विमलेश वर्मा, अमित गुप्ता, अंकित गुप्ता, अवधेश कुमार, मनोज बाथम, हिमांशु सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# सीजीएन पीजी कॉलेज में गन्ना समिति की बैठक, विकास कार्यों पर चर्चा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान सीजीएन पीजी कॉलेज में गुरुवार को गन्ना समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधायक अमन गिरिमुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में कॉलेज प्रबंधन व समिति केसदस्यों की उपस्थिति में गन्ना से जुड़े विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विधायक अमन गिरि ने बैठक के दौरान कहा कि किसानों के हितों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने गन्ना किसानों के भुगतान, उपज बढ़ाने के उपाय और क्षेत्रीय विकास से संबंधित मुद्दों पर सुझाव साझा किए। साथ ही 18 नवंबर को आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी पैदल यात्रा में सभी को एकजुट होकर भाग लेने का आह्वान किया। विधायक ने कॉलेज में निमार्णाधीन हाल और नई कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सीजीएन कॉलेज क्षेत्र की शैक्षणिक पहचान है, इसलिए विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखना आवश्यक है। इस अवसर पर सचिव डा0 बलवंत कुमार चैधरी, पूर्व प्रबंधक आशीष सिंह, प्रबंधक चरणजीत कौर, कोषाध्यक्ष बृजकिशोर, प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह, सदस्य शकुंतला देवी, रामकुमार शुक्ल, योगेश कुमार वर्मा, अरविंद कुमार सिंह, मुकेश कुमार, द्दगपाल सिंह, श्याम सिंह सहित मौजूद रहे।


पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं.: 210/2025

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिये **बनारस–खजुराहो–बनारस** एवं **लखनऊ जं.–सहारनपुर–लखनऊ जं.** के मध्य नई **वंदे भारत गाड़ी** का संचलन किया जायेगा। इस गाड़ी के संचलन का **शुभारम्भ दिनांक 08-11-2025** को **बनारस स्टेशन** से एवं **लखनऊ जं.** स्टेशन से **उद्घाटन** विशेष गाड़ी का संचलन कर किया जायेगा। उद्घाटन विशेष गाड़ी का समय एवं ठहराव निम्नानुसार होगा।

बनारस-खजुराहो वन्दे भारत एक्सप्रेस उद्घाटन विशेष गाड़ी का ठहराव एवं संभावित समय

गाड़ी संख्या 02582 बनारस से दिनांक 08.11.2025 को

| स्टेशन | गाड़ी संख्या 02582 बनारस-खजुराहो वन्दे भारत एक्सप्रेस | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| बनारस | -- | 08:05 |
| वाराणसी | 08:25 | 08:30 |
| विन्ध्यांचल | 10:00 | 10:02 |
| प्रयागराज छिवकी | 11:05 | 11:10 |
| चित्रकुट धाम | 13:10 | 13:12 |
| बांदा | 14:13 | 14:15 |
| महोबा | 15:13 | 15:15 |
| खजुराहो | 16:25 | -- |

रेक संरचना: वन्देभारत के कुल 08 कोच।

लखनऊ जं.-सहारनपुर वन्दे भारत एक्सप्रेस उद्घाटन विशेष गाड़ी का ठहराव एवं संभावित समय

गाड़ी संख्या 02534 लखनऊ जं. से दिनांक 08.11.2025 को

| स्टेशन | गाड़ी संख्या 02534 लखनऊ जं.-सहारनपुर वन्दे भारत एक्सप्रेस | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| लखनऊ जं. | -- | 08:05 |
| सीतापुर | 09:00 | 09:02 |
| शाहजहांपुर | 10:15 | 10:17 |
| बरेली | 11:13 | 11:15 |
| मुरादाबाद | 12:32 | 12:37 |
| नजिबाबाद | 13:50 | 13:52 |
| रूढ़की | 14:45 | 14:47 |
| सहारनपुर | 16:00 | -- |

रेक संरचना: वन्देभारत के कुल 08 कोच।

मुजाधि/टी–75 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चलाया अभियान, एकत्र किये नमूने

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल ।शहर में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को लेकर प्रशासन सतर्क नजर आया। गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मेला मैदान और तीर्थ मोहल्ला क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. विश्राम रावत के नेतृत्व में टीम ने दर्जनों दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान जूस, प्रसाद और अन्य खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र कर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। टीम के अचानक पहुंचने से दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति रही। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने, खुले में खाद्य पदार्थ न रखने और मानक गुणवत्ता का पालन करने की सख्त हिदायत दी। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह के निरीक्षण अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाया जा सके और आमजन का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

# व्यापारी का व्हाट्सएप नंबर हैक साइबर ठग ने मांगे रुपये

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी संगठन के पदाधिकारी का व्हाट्सएप नंबर हैक कर अज्ञात व्यक्ति ने व्यापारियों से धन की मांग की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गोला व्यापार एसोसिएशन के महासचिव राजेश आनंद मिन्नी का व्हाट्सएप नंबर गुरुवार को साइबर ठग ने हैक कर लिया। इसके बाद हैकर ने मिन्नी के नाम से छोटी काशी डिस्ट्रीब्यूटर संगठन नामक ग्रुप में शादी का निमंत्रण पत्र भेजा और उसमें व्यापारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया। जब ग्रुप के कुछ सदस्यों ने जवाब दिया, तो हैकर ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। राजेश आनंद मिन्नी ने बताया कि घटना के समय एक कंपनी के डीलर उनके पास मौजूद थे। उसी दौरान हैकर उनके ही नंबर से उस डीलर को चैट कर 50,000 रुपये की मांग कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तत्काल अपना बैंक अकाउंट लॉक कराया और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल ने बताया कि साइबर सेल की मदद से हैकिंग करने वाले आरोपी की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने की कार्रवाई जारी है।

# दिव्यांगों ने न्याय और अधिकारों के लिए उठायी आवाज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल ।ब्लॉक कुंभी परिसर में गुरुवार को भारतीय दिव्यांग यूनियन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन ने दिव्यांगजनों की उपेक्षा को लेकर सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया।

बैठक की अध्यक्षता यूनियन के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने की। उन्होंने कहा कि संगठन ने पहले भी 30 जून से 5 जुलाई तक इंदिरा पार्क, बड़ा चैराहा में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगें रखीं, लेकिन प्रशासन और सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि यूनियन की प्रमुख मांगों में सभी दिव्यांगजनों को अंत्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराना, मुद्रा ऋण योजना का लाभ देना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजनाओं में प्राथमिकता देना शामिल है। उन्होंने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में दिव्यांगों, वृद्धजनों और विधवाओं को 1500 रुपये मासिक पेंशन देने का वादा किया था, जो अब तक अधूरा है। विकास कुमार ने चेतावनी दी कि अब यूनियन के सदस्य केवल धरना-प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि भूख हड़ताल के माध्यम से अपनी आवाज को और मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी दिव्यांगजन के साथ कोई अनहोनी या उत्पीड़न की घटना घटती है, तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर सभासद रियाजुद्दीन इदरीसी, विजयपाल गौतम, सर्वेश कुमार, राजेश मौर्य, मोहम्मद जावेद, राहुल वर्मा, अनिल कुमार, द्राकपाल, माया देवी, आरती, पुष्पा सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

संक्षेप

## जबरन मुख्य द्वार बंद करने का आरोप

**जौनपुर**। केराकत कोतवाली क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव निवासी शांति पत्नी संजय चैहान कोतवाली में नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया कि पारिवारिक पुस्तैनी मकान है जिसका बटवारा हो गया है।बंटवारे के मुताबित अपने हिस्से में सपरिवार काबिज विपक्षियों द्वारा मकान के मुख्य द्वार के सामने जबरन अवैध तरीके से पक्की दीवार बनाकर रास्ता अवरुद्ध कर रहे थे जिसकी शिकायत पुलिस से की गई पुलिस मौके पर आई और दिवाल बनाने से मना कर के वापस लौट गई विपक्षियों द्वारा गुरुवार की सुबह दोबारा दिवाल बनाने लगे,दिवाल बनाने से द्वारा मना करने पहुंची तो विपक्षी भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लात घुसो व डंडा ईट से मारने पीटने लगे।बीच बचाव करने पहुंची शिवानी को भी मारे पिटे।वहीं पुलिस पीड़िता के तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## जातिप्रमाण पत्र को लेकर धनगर महासभा का प्रदर्शन

**जौनपुर**। राष्ट्रीय धनगर महासभा के बैनर तले धनगर समाज ने गुरुवार को अनुसूचित जाति एससी प्रमाण पत्र न बनाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में धनगर समुदाय के लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. धनगर के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकाला प्रदर्शनकारी सबसे पहले अम्बेडकर पार्क में इकट्ठा हुए, जहां उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद, शहम ही धनगर हैं, धनगर समाज जिंदाबादश और श्मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन करोश जैसे नारे लगाते हुए वे डीएम कार्यालय की ओर बढ़े। महासभा के अध्यक्ष जेपी धनगर ने बतायाधनगर समुदाय वर्ष 1950 से ही अनुसूचित जाति की सूची के क्रमांक 2 पर अधिसूचित है। उन्होंने उप्रसरकार द्वारा 24 अक्टूबर 2013 से 7 जुलाई 2025 तक जारी विभिन्न शासनादेशों का हवाला दिया, जिनमें धनगर को अनुसूचित जाति के रूप में मान्यता दी गई है। आरोप लगाया कि इन शासनादेशों के बावजूद तहसीलदारों द्वारा धनगर समुदाय के जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं और प्रमाण पत्र नहीं बने, तो धनगर समाज आगामी चुनावों में भाजपा को वोट नहीं देगा। इस प्रदर्शन का संचालन जिलाध्यक्ष अश्वनी धनगर एडवोकेट ने किया।

## गुरुनानक जयंती पर दिया शांति व शिक्षा का संदेश

**मड़िहान, मीरजापुर**। प्रज्ञा बुद्ध विहार बेदौली स्थित परिसर में बुद्धवार को धूम धाम से गुरुनानक जयंती मनाया गया। इस अवसर पर महामानव बुद्ध समिति अध्यक्ष संबोधन कुशवाहा के नेतृत्व में अनुयायियों ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को याद करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। गुरुनानक जयंती के अवसर पर प्रज्ञा बुद्ध विहार में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया गया और गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर चर्चा की गई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रवण कुमार सिंह एडवोकेट द्वारा गुरु नानक देव जी की शिक्षा पर विस्तार पूर्वक विचार रखे गए। रणजीत मौर्य ने कहा कि सत्य, न्याय, करुणा, सेवा और विश्वबंधुत्व की हमेशा प्रेरणा देते रहे। उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं और उन्हें एक बेहतर जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इस अवसर पर रामशकल, रामानुज, अवधेश, अर्जुन सिंह पटेल, रामलोली आदि लोग उपस्थित रहे।

# दो गुट भिड़े, 5 पुलिसकर्मी घायल

### दहशत में ग्रामीण घर छोड़कर भागे, 18 नामजद व 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा, पांच गिरफ्तार



**आजमगढ़**। जनपद के थाना निजामाबाद क्षेत्र के गांधीपुर (नट बस्ती) गांव में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे दो गुटों के बीच शुरू हुआ पथराव इतना उग्र हो गया कि पुलिसकर्मियों पर ही हमला हो गया। उपनिरीक्षक परमात्मा यादव सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना में सड़क जाम रही, अफरा-तफरी मची और ग्रामीण दहशत में घर छोड़कर भागे। पुलिस ने 18 नामजद और 10-15 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, उ0नि0 परमात्मा यादव मय हमराही हे0का0 लच्छीराम राजभर, का0 संजीव कुमार शर्मा, रवि कुमार मौर्या और का0 अमित यादव नंदनगर बाजार में चेकिंग कर रहे थे। तभी थाने से ग्राम गांधीपुर तत्काल पहुंचने का निर्देश मिला। मौके पर पहुंचते ही देखा कि सड़क के दोनों ओर से लगातार पत्थर चल रहे थे। आसपास के लोग भयभीत होकर भाग रहे थे। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि गांव के कुछ लोग अवैध असलहा, ईंट-पत्थर, डंडे लेकर जान से मारने की नीयत से सड़क पर जमा थे। पुलिस ने समझाने की कोशिश की तो डायल 112 की गाड़ियां भी पहुंच गईं। लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस पर ही पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। नामजद आरोपियों में असलम पुत्र राजेश शेख, गोलू पुत्र राजेश शेख, आतिल पुत्र अब्बास, नौशाद पुत्र खलील, महबूब पुत्र स्व0 मुख्तार, गफ्फार पुत्र सिब्ले, अरशद पुत्र किताबू, शाहिद पुत्र स्व0 सत्तार, इसरायल पुत्र स्व0 साबस, साधू पुत्र सकूर, अनवर पुत्र हनीफ, मिस्टर पुत्र जब्बार, रहमान पुत्र दुद्ध, टिल्लू पुत्र दुधु, शाहिद पुत्र अलाऊ, जाहिद पुत्र अलाऊ, सलमान पुत्र अलाऊ, इल्ताफ पुत्र अलाऊ, अलाऊ पुत्र तकी सभी निवासी गांधीपुर, थाना निजामाबाद। इनके साथ 10-15 अज्ञात व्यक्ति भी शामिल थे। भीड़ ने पुलिस वाहनों पर पत्थर फेंके, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। कई घरों के लोग दरवाजे-खिड़कियां बंद कर छिप गए, जबकि कुछ अपने बच्चों को लेकर खेतों में भाग गए। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने की चेतावनी दी, लेकिन उपद्रवी लाठी, डंडा, सरिया, लोहे की रॉड और असलहों के साथ सड़क पर आ गए। इस दौरान थानाध्यक्ष हीरेंद्र प्रताप सिंह मय हमराही हे0का0 नरेंद्र नारायण यादव, का0 अजय जायसवाल और म0का0 आरती तिवारी भी मौके पर पहुंचे। समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन भीड़ ने गाली-गलौज करते हुए फिर पत्थरबाजी की। पत्थरबाजी में उ0नि0 परमात्मा यादव, हे0का0 लच्छीराम राजभर, का0 संजीव कुमार शर्मा, रवि कुमार मौर्या, का0 अमित यादव शामिल हैं। उपद्रव सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चला, जिससे गांधीपुर-फरिहा-कप्तानगंज लिंक मार्ग बाधित रहा। क्षेत्र में अराजकता और लोक शांति भंग हुई। ग्रामीणों की शिकायत पर थानाध्यक्ष ने उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले में पांच आरोपियों अनवर पुत्र हनीफ उर्फ हनीब (35 वर्ष) निवासी ग्राम गंधुवई, थाना निजामाबाद, रहमान पुत्र दुद्धु (35 वर्ष) निवासी ग्राम गंधुवई, थाना निजामाबाद, मिस्टर पुत्र जब्बार (32 वर्ष) निवासी ग्राम गंधुवई, थाना निजामाबाद, साधू पुत्र सकूर (55 वर्ष) निवासी ग्राम गंधुवई, थाना निजामाबाद, टिल्लू पुत्र दुद्धु (52 वर्ष) निवासी ग्राम गंधुवई, थाना निजामाबाद को फरिहा रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

## हॉकी खेल उत्सव का आयोजन आज

**सोनभद्र**। जिला क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद ने अवगत कराया है कि भारतीय हॉकी संघ के 100 वर्ष पूरे होनें पर जनपद सोनभद्र में हॉकी खेल उत्सव की तैयारी की जा रही है 07 नवम्बर 1925 को भारतीय हॉकी के अन्तराष्ट्रीय हॉकी महासंघ से जुड़ने के 100 वर्ष पूरे होने पर हॉकी इण्डिया द्वारा राष्ट्रीय स्तर से जिला स्तर पर जिला खेल कार्यालय सोनभद्र एवं जिला हाकी संघ सोनभद के संयुक्त तत्वाधान में विशिष्ट स्पोर्टस स्टेडियम तियरा में दिनांक 07 नवम्बर को प्रात 08:00 बजे से 12:00 बजे दिन तक पुरुष एवं महिला वर्ग में हॉकी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में ओलम्पियन, अन्य पूर्व खिलाड़ियों, सांसद, विधायक व जनगणमान्य व्यक्तियों के उपस्थिती में हाकी खेल उत्सव प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

## पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

**जौनपुर**। पुलिस लाइन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, एएसपी की उपस्थिति में हुआ जहां पुलिस कर्मियों ने रक्तदान किया। पुलिस लाइन, स्थित बहुद्देशीय हाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

# एनएच की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया



**जौनपुर**। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के सेऊर गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच की जमीन पर किए गए अवैध अतिक्रमण को गुरुवार को हटा दिया गया। इस कार्रवाई में मुन्ना, छुन्ना, नन्हेंलाल सरोज और बुझारक समेत अन्य लोगों द्वारा बनाए गए पक्के मकानों को ध्वस्त किया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान एनएच विभाग के एसडीओ सचिन श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। मड़ियाहूं के नायब तहसीलदार संदीप सिंह भी लेखपाल और कानूनगो के साथ मौके पर उपस्थित थे। कुछ अतिक्रमणकारी स्वयं अपने हाथों से कब्जा हटा रहे थे, जबकि अन्य स्थानों पर जेसीबी से समतलीकरण का कार्य किया गया। इसी दौरान सेऊर गांव के रामआसरे और उनके परिजनों ने कार्रवाई का विरोध किया। कुछ महिलाएं ईंट का कूड़ा लेकर खड़ी हो गईं और यह कहते हुए अतिक्रमण हटाने से रोकने लगीं कि यह उनकी पुश्तैनी जमीन है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एडीएम कोर्ट में विपत बनाम तुलसी नामक एक मुकदमा विचाराधीन है और आदेश के लिए फाइल सुरक्षित रखी गई है। नायब तहसीलदार संदीप सिंह ने विरोध कर रहे लोगों से कहा कि उन्हें दो दिन का समय दिया जा रहा है। यदि वे कोई वैध आदेश नहीं लाते हैं, तो कार्रवाई को रोका नहीं जा सकेगा। नायब तहसीलदार संदीप सिंह ने बताया कि यह अतिक्रमण राष्ट्रीय राजमार्ग की जमीन पर किया गया था। कब्जा करने वालों को एक माह पहले ही नोटिस भेजा गया था। उसी क्रम यह कार्यवाही की जा रही है।

## सेवा व समर्पण का परिचय देते सीआईएसएफ जवान



**बीजपुर/सोनभद्र**। बिहार के 18 जिलों में प्रथम चरण के मतदान के दौरान निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ की 190 कंपनियों ने अनुकरणीय पेशेवर दक्षता, अनुशासन एवं समर्पण का परिचय दिया। जवानों की सतर्कता एवं सक्रियता के परिणामस्वरूप मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। सीआईएसएफ अपने आदर्श व लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सुरक्षा के लिए पूर्णतः समर्पित है। बल के कर्मियों ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा, संयम और सेवा भावना से संगठन की गरिमा को एक नया आयाम प्रदान किया है।

## किसान बनकर पहुंचे एडीओ एजी दुकानदार ने ओवररेट पर दी डीएपी खाद

**हलिया, मीरजापुर**। क्षेत्र के नैड़ी कठारी गांव स्थित खुशबू खाद भंडार पर गुरुवार दोपहर किसान बनकर डीएपी खाद लेने के लिए पहुंचे एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया को दुकानदार मोहम्मद अशलम ने ओवररेट पर खाद दी। दुकानदार को जब इस बात का पता चला तो दुकानदार कार्रवाई नही करने के लिए गिड़गिड़ाने लगा। एडीओ एजी ने दुकान में स्टाक रजिस्टर नही होने पीओएस मशीन बंद पाए जाने तथा दुकान के बाहर रेट बोर्ड नही लगाए जाने पर जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार को दुकान के निलंबन हेतु अवगत कराया। एडीओ एजी के औचक छापेमारी से खाद विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा। एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया ने बताया कि नैड़ी कठारी गांव स्थित खूशबू खाद भंडार पर किसान बनकर डीएपी खाद लेने पहुंचा तो दुकानदार ने ओवररेट पर डीएपी खाद दी। दुकान पर स्टाक रजिस्टर नही था पीओएस मशीन बंद थी। दुकान का लाइसेंस निलंबित किए जाने हेतु जिला कृषि अधिकारी को अवगत कराया गया है। एडीओ एजी ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम के आने की तैयारी को लेकर बैठक

- **सीएम के आगमन संबंधीसभी तैयारियां की जायें पूर्ण : मंत्री**



**सोनभद्र**। समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौंड़ की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत बैठक की गयी, बैठक में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, निदेशक जनजातीय विभाग शिव प्रसाद आनन्द, उप निदेशक जनजातीय विभाग प्रियंका वर्मा, एसपी अभिषेक वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अशोक मिश्रा, एडीएम (वि/रा) वागीश कुमार शुक्ला, एडीएमी(न्यायिक) रमेश चन्द्र, एडीएम(नमामि गंगे) रोहित यादव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मंत्री के समक्ष मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की विस्तृत रूप-रेखा प्रस्तुत की। इस दौरान मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत जिन भी अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, वह ससमय उसे पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगें। बिरसा मुण्डा की जयन्ती 15 नवम्बर, 2025 को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को जनपद में भव्य और दिव्य तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। निदेशक जनजातीय विभाग शिव प्रसाद आनन्द ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021 में सभी अदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को याद करने तथा आदिवासी क्षेत्रों के सामाजिक, आर्थिक विकास के प्रयासों को पुनर्जीवित करने के लिए 15 नवम्बर (भगवान बिरसा मुण्डा जी की जयन्ती) को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया गया है।

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं में भगवान बिरसा मुण्डा और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की जाये, मित्र संगीत, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन कराया जाये, आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में इस अवधि के दौरान भोजन में कम से कम एक भोजन जनजातीय भोजन का हो, जिससे छात्रों को पाक बिरासत से परिचित कराया जा सकें। संस्थानों में पोषण वाटिकाओं को प्रोत्साहित किया जाये तथा वृक्षों का रोपण कि जाये, छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के लिए सेल्फी प्वाइंट स्थापित किये जायें। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया




**जौनपुर**। यातायात माह नवंबर के दौरान जनपद के प्रमुख चौराहों, तिराहों पर जनपद वासियों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। माउण्ट लिट्रा जी स्कूल, फतेहगंज, में 350 बच्चों के माध्यम से यातायात जागरूकता से संबंधित क्विज, संभाषण, रंगोली, चित्रकला, पोस्टर कला व नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रवर्तन की संयुक्त कार्रवाई में 319 वाहनों का चालान, 10 वाहन सीज किये गये। क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील चन्द्र तिवारी व प्रभारी निरीक्षक यातायात सुशील कुमार मिश्रा के द्वारा यातायात माह के दौरान माउण्ट लिट्रा जी स्कूल, फतेहगंज, में बच्चों के माध्यम से यातायात जागरूकता से संबंधित क्विज, संभाषण, रंगोली, चित्रकला, पोस्टरकला व नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित किया गया, तथा सभी बच्चों को यातायात नियमों की शपथ दिलायी गयी। तथा विद्यालय के वाहन चालकों को निर्धारित मानक जैसे एक आपातकालीन द्वार जिसका आकार 150 सेमी/ 120 सेमी का हो और जिसे अन्दर की ओर से तथा बाहर की ओर खोला जा सकता हो, लगा हो। लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस से युक्त हो (3)सी०सी०टी०वी० कैमरे से युक्त हो सीट से अधिक बच्चों को ना बैठाये, आदी के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही शहर के प्रमुख चैराहा तिराहों पर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों को आगे ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी। तथा लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया। हेलमेट व सिटबेल्ट लगा करके वाहन चलाने, मोटर साइकिल में तीन सवारी ना बैठाना, हाई स्पीड वाहन न चलाना व वाहनों के शिशों में काली फिल्म न लगानें तथा उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करनें के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्यवाही में 319 वाहनों का चालान व 10 वाहनो को सीज किया गया।

# मसोई संपर्क मार्ग पर पुलिया का कराया जाये निर्माण

- **बरसात में बह गई है पुलिया ग्रामीणों को आने-जाने में होती है दिक्कत**

**शाहगंज/सोनभद्र**। घोरावल विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ढुटेर स्थित स्टेट हाइवे से मसोई गांव को जाने वाले संपर्क मार्ग पर स्थित नहर के पास बनी पुलिया बरसात में बह गई है जिस कारण ग्रामीणों को करीब डेढ़ किमी दूर दूसरे रास्ते से आना-जाना पड़ता है बहुत आवश्यकता पड़ने पर ग्रामीण उक्त स्थल पर बास रखकर उसके सहारे जान जोखिम में डालकर आते-जाते हैं। जिन्हें पानी का तेज बहाव होने से खतरे का भय बना रहता है। यही नहीं इस संपर्क मार्ग की हालत भी दयनीय हो गई है बताया जाता है कि उक्त पुलिया के निर्माण के लिए कार्य योजना में भी डाला जा चुका है, परंतु अभी तक इस पर कोई कार्रवाई वास्तविक धरातल पर नहीं दिख रही है ग्रामीणों का कहना है कि इस संपर्क मार्ग से लसड़ी, मसोई, डाभा, ईनम आदि गांवों के लोगों का आना-जाना रहता हैद्य पिछले वर्षों बरसात के दिनों में यह पुलिया बह गई है, मगर आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसका खामियाजा संबंधित गांवों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है ऐसी दशा में जगदीश विश्वकर्मा, दिनेश मौर्य, बद्री प्रसाद, सुधेंद्र पांडे, विजय कुशवाहा, सुभाष पासवान, महेंद्र चैहान, तिलक चैहान, बसावन, महेश कुमार, विजय कनौजिया, विमलेश गुप्ता, राम सिंह चौहान, अनिल कुमार, रामनाथ चौहान ने इस ओर शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त स्थल पर पुलिया का निर्माण यथाशीघ्र कराए जाने की मांग की है।

## बालिका से दुष्कर्म में युवक को उम्रकैद

**जौनपुर**। अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार की अदालत ने 2 वर्ष पूर्व 8 वषीर्या बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 55हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार सिंगरामऊ थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अभियोग पंजीकृत करवाया कि दिनांक 5 जून 2023 को उसके ही गांव का रहने वाला सूर्य प्रकाश अग्रहरि उर्फ पिंटू अपनी साइकिल की दुकान में उसकी 8 वषीर्या बहन को ले गया और अश्लील हरकत किया। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मेडिकल परीक्षण में बच्ची से दुष्कर्म की पुष्टि हुई। शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी युवक को दुष्कर्म के आरोप में दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 55 हजार रूपए अर्थ दंड से दंडित किया।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**जौनपुर**। खेतासराय थाना क्षेत्र के मानीकलां गांव में बृहस्पतिवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की पहचान 23 वर्षीय काजल के रूप में हुई है। उसकी शादी लगभग एक साल पहले मानीकलां निवासी महेश्वर प्रसाद उर्फ एम पी से हुई थी। काजल मूल रूप से सरायमीर थाना क्षेत्र के कौरागहनी गांव की रहने वाली थी। काजल के पति महेश्वर प्रसाद रोजी-रोटी की तलाश में लखनऊ में ओला कंपनी में कार चलाते हैं। वह दीपावली की छुट्टी पर घर आए थे और दो-तीन दिन पहले ही वापस लखनऊ गए थे। इसके बाद बृहस्पतिवार को काजल ने यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने परिजनों से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सांसद ने पीड़ित पिता को दिलाया न्याय का भरोसा



**जौनपुर**। आम आदमी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ0 अनुराग मिश्रा एवं जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी व अन्य पार्टी कार्यकर्ता, पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। जहां राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने पीड़ित परिवार से फोन पर बात की और न्याय का पूरा भरोसा दिलाय ने फोन पर ओमप्रकाश से बात की। उन्होंने कहा हम जौनपुर के पुलिस कप्तान से बात करेंगे और पूर्ण न्याय सुनिश्चित करेंगे। कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा। डॉ0 अनुराग मिश्र ने बताया, हरजूपुर, जाफराबाद निवासी ओमप्रकाश का इकलौता बेटा करन मौर्य अपने तीन दोस्तों के साथ 27 अक्टूबर को सुदनीपुर मेला घूमने गया था। वहां अज्ञात कारणों से उसकी हत्या करने कि शंका जताई गई। पिता ने तीन लोगों पर नामजद तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की न ही एफआईआर दर्ज हुआ और न ही किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी की गई। जिसके पश्चात आप पार्टी के नेता पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। सांसद संजय सिंह ने भी परिवार से फोन पर बात कर न्याय आश्वासन दिया है। हम इस मामले को उच्च स्तर पर उठाएंगे ताकि दोषियों को सजा मिले और ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। गुरुवार को पीड़ित माता पता ने पुलिस अधीक्षक से मुख्यालय पर मिलकर इकलौते बेटे की मौत की घटना की जांच कराने आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु एवं फिर दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। शैलेन्द्र यादव, राजेश कुमार मौर्या, आशीर्वाद निषाद, रिशी यादव, आनंद यादव सर्वेश यादव, आनंद सोनकर उपस्थित रहे।

## बड़हरिया ग्राम की महिला प्रधान फरहत निलंबित

**आजमगढ़**। जिला प्रशासन ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत बड़हरिया (विकास खंड मिजार्पुर) की महिला प्रधान फरहत को निलंबित कर दिया है। जांच में टेंडर प्रक्रिया से लेकर भुगतान तक में गंभीर वित्तीय अनियमितताएँ साबित हुईं। डीएम ने प्रधान को वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों से तत्काल प्रभाव से विरत करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आजमगढ़ को अंतिम जांच अधिकारी नामित किया है। जांच में बड़े खुलासे सामने आये जिसमे जांच रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्यों में स्ट्रीट लाइट, हैंडपंप रिबोर और सीमेंट बेंच निर्माण में नियमों की खुली अनदेखी की गई। स्ट्रीट लाइट घोटाला में 75 स्ट्रीट लाइटों का टेंडर बिना स्वीकृति के 16 जून 2021 को खोला गया, जबकि स्वीकृति 9 जनवरी 2022 को मिली। एम/एस माई कंस्ट्रक्शन नामक फर्म को 2,94,000 का भुगतान किया गया, जिससे सरकार को 44,286.75 का नुकसान हुआ। मौके पर हरिजन बस्ती में 13 की जगह 6 और यादव बस्ती में 24 की जगह 12 लाइटें ही लगाई गईं। हैंडपंप रिबोर में गड़बड़ी में कार्य स्वीकृति से पहले ही कोटेशन लिए गए। 66,096 की अनियमितता दर्ज हुई। टेंडर 16 जून 2021 को खोला गया, जबकि स्वीकृति 20 अगस्त 2021 को मिली। 1,95,000 की गड़बड़ी पाई गई। सभी कार्यों में एक ही फर्म को 11.82 लाख के टेंडर दिए गए, जो निविदा नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। जांच में यह भी सामने आया कि प्रधान ने कार्य आवंटन में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया और परिजनों को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों की अनदेखी की। प्रधान का दिया गया स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया न तो कोई ठोस सबूत दिए गए, न ही वित्तीय अनियमितता का संतोषजनक जवाब मिला। डीएम ने अंतिम जांच के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है। अधिशासी अभियंता, जलकर (नगर पालिका) को तकनीकी सहयोग हेतु नामित किया गया है। यह कार्रवाई शिकायतकर्ता मेयाज खान की शपथ-पत्र आधारित शिकायत के बाद शुरू हुई थी। जिला प्रशासन ने साफ कहा है कि पंचायत स्तर पर किसी भी तरह की वित्तीय या प्रशासनिक अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## छात्रों को अपनी गलतियों से सीखते हुए जीवन को दिशा देनी चाहिए : डॉ. अजीत प्रताप

**लालगंज, मीरजापुर**। विद्यार्थियों को अपनी गलतियों से सीखते हुए जीवन को दिशा देनी चाहिए। यही गलतियां जब समझ में बदलती हैं तो अनुभव बनती हैं। इसी विचार के साथ गुरुवार को भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालगंज में समाज विज्ञान एवं इतिहास प्रतियोगिता विषयक गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी अपनी बुद्धि का उपयोग कर अपनी आवश्यकताओं और सपनों के अनुरूप भविष्य गढ़ सकता है। मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन सपनों को आकार देने की प्रयोगशाला है। यह वह समय है जब व्यक्ति अपने भविष्य का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि हर कालखंड में शिक्षा और विद्यार्थियों की भूमिका ने समाज में दिशा परिवर्तन किया है। जीवविज्ञान विभाग के डॉ राम प्रकाश पाल ने कहा कि डार्विन का सिद्धांत मानव विकास की वैज्ञानिक रूपरेखा देता है। विद्यार्थी को चाहिए कि वह समय का सही उपयोग करे और आत्ममूल्यांकन करता रहे। सजग विद्यार्थी वही है जो अपनी दृष्टि और कर्तव्य का बोध रखता है। समाजशास्त्र विभाग की डॉ शिवांगी पांडे ने कहा कि समाज अपनी आवश्यकताओं से नियम बनाता है और इन्हीं नियमों से उसका विकास होता है। मतभेदों के बावजूद हर विचार समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। वरिष्ट शिक्षिका सुफियान ने कहा कि शिक्षा से महिलाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है। समाजशास्त्र से आंचल द्विवेदी व तनु अग्रहरि ने कहा कि विद्यालय अनुशासन और शिक्षा का संगम है, जहां से चरित्र निर्माण की शुरूआत होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह यादव ने की और आभार प्रधानाचार्य राजेश द्विवेदी ने व्यक्त किया।

# महिला आयोग की सदस्य के समक्ष आये 35 वाद, 8 निपटे




**आजमगढ़**। राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या की अध्यक्षता में पुलिस लाईन आजमगढ़ के सभागार में महिला उत्पीड़न एवं महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण हेतु जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 35 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें घरेलू हिंसा से सम्बन्धित प्रकरण, छेड़खानी, जमीनी विवाद, गुमशुदा, साइबर क्राइम आदि से सम्बन्धित प्रकरण प्राप्त हुए। जिसमे 08 प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गया, शेष 27 प्रकरण सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त पीड़ित महिलाओं को यह आश्वासन दिया कि आपको डरने की जरूरत नहीं है, आप सभी को एक सशक्त, मजबूत स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर महिला बनने की जरूरत हैं, उप्र राज्य महिला आयोग आपके साथ है। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला जो उ०प्र० राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कि और पति पत्नी के बीच महोदया द्वारा सुलह समझौता कराया गया, पति-पत्नी दोनों को समस्त अधिकारियों के समक्ष गले मिलवाया गया और मिष्ठान खिलाकर खुशी-खुशी उनको घर भेजा गया एवं महोदया द्वारा निर्देश दिया गया कि आप अपने पत्नी के ऊपर कभी हाथ नही उठायेंगे। सदस्य ने कहा कि जन सुनवाई के दौरान प्राप्त समस्याओं के निस्तारण में अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं, और महिलाओं को मदद भी मिल रही है। उन्होने कहा कि कई सारे प्रकरण में सुनवाई नही हो रही थी, उसमें एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जन सुनवाई के दौरान प्राप्त मामलों के निस्तारण हेतु जो भी निर्देश अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं, उसमें ठीक प्रकार से कार्यवाही हो एवं महिलाओं को त्वरित न्याय मिले। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेन्टर योजना के बारे में जानकारी दी गयी। जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, महिला थानाध्यक्ष, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, वन स्टॉप सेन्टर के समस्त कार्मिक उपस्थित रहें।

संक्षेप

## नेपाल के पहलवानों फाइनल में पंजाब के बंटी को दी पटखनी

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के घाँटी में आयोजित कुश्ती दंगल मे नेपाल के लक्की थापा ने पंजाब के बंटी यादव को पटखनी देकर बना विजेता ।घाँटी प्रतिनिधि के अनुसार कुश्ती प्रतियोगिता में गाजीपुर सारनाथ कानपुर के अलावे क्षेत्रीय पहलवानों ने भी भाग लिया ।प्रतियोगिता का उदघाटन लोकनिर्माण विभाग हरियाणा के निदेशक रोहित यादव ने किया ।वही मुख्य अतिथि डाँ टी बी सिंह लुकमानी ने किया ।एक दर्जन से अधिक जोडी कुश्ती हुई जिसमें फाईनल मुकाबले मे नेपाल के लक्की थापा पंजाब के बंटी यादव को अपने बेहतरीन कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए चित कर दिया ।

निर्णायक की भूमिकाघाँटी केदिनेश पहलवान किया ।आयोजक समाजसेवी कैप्टन रत्नाकर मिश्र व विकास सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि कुश्ती एक प्राचीन खेल पध्दति है ।

# चौपाल में समस्याओं से रूबरू हुईं डीएम




**भटनी(देवरिया)** । स्थानीय विकास खंड के ग्राम सभा खोरीबारी रामपुर में स्थित शहीद मधुबन करामद इंटर कॉलेज में ग्राम सभा चौपाल का आयोजन जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जहां जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण की बात कही। इसके पूर्व जिलाधिकारी का स्वागत थाना भटनी के पास किया गया। वहां से खोरीबारी रामपुर चौराहे पर पहुंचने पर अनुप राय, मिक्कू, अनिल राय, मुन्ना राय के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर भारी भीड़ के बीच उनका स्वागत किया गया।

वहां से जिलाधिकारी लक्ष्मीपुर मठिया मन्दिर पहुंची जहां उन्होंने पूजा अर्चन किया। इसके बाद शहीद मधुबन करामद इण्टरमीडिएट कालेज खोरीबारी के मुख्य द्वार पर प्रबन्धक प्रभुनाथ राय ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तो छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन करते हुई कार्यक्रम स्थल तक ले गईं।जिलाधिकारी के स्वागत में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही सरदार पटेल की जीवनी पर आधारित बारडोली दृश्य का मंचन किया गया। इसके साथ ही देशभक्ति गीत व शानदार कब्बाली प्रस्तुत की किया गया। चौपाल में सभी विभागों से जुड़े स्टॉल लगाए गए थे।

जिलाधिकारी ने कहा कि आवास के लाभार्थियों का आवास मिल जाएगा, सड़क का मामला भी हल कर दिया जायेगा, बिजली की समस्या भी हल हो जायेगा।इसके साथ पीएम आवास, स्वच्छ भारत मिशन, शौचालय, समाज कल्याण विभाग का पेन्शन आदि समस्याओं को शीघ्र दूर करने की बात कहीं। राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन के किरन शर्मा, संगीता शर्मा व खोरीबारी के पंचायत सहायक को सम्मान्ति किया गया। इसके साथ कालेज के राज्य स्तरीय बालीबाल व क्रिकेट के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया पट्टे के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रमाण दिया गया। दो माह पूर्व दिए गए वरासत के मामले में वरासत चढा कर खतौनी दिया गया। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी भटनी, खण्ड विकास अधिकारी भटनी, प्रबंधक प्रभुनाथ राय, कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्याम सूरत सिंह, प्रवक्ता रियाज अहमद, सच्चिदा नंद तिवारी, रमेश सिंह, अरुण सिंह, रवि दीक्षित, डॉ सैदा हुसैन, मनीष कुमार, प्रियंका, खुशबू, चंद्रशेखर राय, अजय राय,अनूप राय, सुधांन्शु राय, ज्ञानेश्वर मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। अनूप राय द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन एपीओ रामपुर कारखाना ने किया।

## विहान बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित दंत चिकित्सा शिविर

बहराइच। सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि विहान बालिका आवासीय विद्यालय बहराइच में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित डेंटल कैम्प में डॉ. तेजसी द्वारा पैरा मेडिकल स्टाफ के साथ छात्राओं के दांतों की जांच की गई व दांतों को सुरक्षित रखने के उपाय बताए तथा छात्राओं को टूथब्रश, टूथपेस्ट व माउथ वाश का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेश गोयल, महिला संयोजिका श्रीमती प्रियंका रावत, सतेंद्र निगम एवं टीम द्वारा छात्राओं को बिस्किट एवं चिप्स का वितरण किया गया। शिविर आयोजन के लिए विद्यालय अधीक्षक प्रगति सिंह ने भारत विकास परिषद की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ निधिमिश्र, पूजा यादव, प्रियंका श्रीवास्तव व धर्मेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

## जनपद स्तरीय युवा उत्सव दस को

**देवरिया** । जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, देवरिया के तत्वावधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 10 नवम्बर 2025 को संत विनोवा पी.जी. कॉलेज, देवरिया के सभागार में किया जाएगा ।कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा उत्सव हेतु निर्धारित विधाओं – लोकनृत्य (समूह) (अधिकतम 10 प्रतिभागी), लोकगीत (समूह) (अधिकतम 10 प्रतिभागी), कहानी लेखन, चित्रकला ,शब्दपाडित्य इनोवेशन साइंस मेला प्रदर्शनी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में सभी विकास खंडों के अतिरिक्त जनपद के समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय, अशासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं से जुड़े प्रतिभागी, साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के कलाकार जिनकी आयु 01 सितम्बर 2025 को 15 से 29 वर्ष के मध्य हो, प्रतिभाग कर सकते हैं प्रतिभागियों के लिए पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के दौरान प्रतिभागी का नाम हाईस्कूल प्रमाणपत्र अथवा बैंक विवरण के अनुरूप मान्य होगायुवा उत्सव के अंतर्गत युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने हेतु थीम आधारित साइंस मेला प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी इच्छुक प्रतिभागी 09 नवम्बर 2025 तक ८ ईं१३ ढङ्ग१३' पर पंजीकरण करने के उपरांत संबंधित विकास खंड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी या जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, विकास भवन देवरिया से संपर्क कर सकते हैं।

## पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अपील

**देवरिया** । वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि कोषागार देवरिया से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनरों को अवगत कराया गया है कि जिनका जीवन प्रमाण पत्र वर्ष 2025 हेतु अद्यतन किया जाना है, वे अपना एक पासपोर्ट साइज फोटो, पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ किसी भी कार्यदिवस में कोषागार कार्यालय देवरिया में उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करें। उन्होंने बताया कि पेंशनर अपने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (ङ्र३' छी ऊी१ङ्गूंऊी) वेबसाइट ३३स्र२://ां५ल्लस्त्र१ेल्ल.ङ्ग५.ल्ल के माध्यम से स्वयं या किसी सहज जनसुविधा केंद्र के जरिए ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं।

ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के बाद कोषागार कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं होगी ।उन्होंने बताया कि कोषागार देवरिया का ट्रेजरी कोड 3500 है

# जीएम एकेडमी के बच्चे वास्तव में हैं बहुत होनहार: आंजनेय दास



**बरहज,देवरिया।** जी एम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय के संस्थापक स्व. गौरीशंकर द्विवेदी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विज्ञान प्रदर्शनी ने सभी दर्शकों को छात्र-छात्राओं के क्रियाकलापों की प्रशंसा करने को बाध्य कर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत आश्रम बरहज पीठाधीश्वर आंञ्जनेय दास महाराज, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, चेयरमैन डॉ. श्री प्रकाश मिश्र, निदेशिका डॉ. संभावना मिश्रा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

विद्यालय चेयरमैन डॉ. श्री प्रकाश मिश्र एवं प्रधानाचार्य राजेश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गणेश वंदना, स्वागत गीत, राजस्थानी नृत्य, जया के एकल नृत्य पर जोरदार तालियां बजीं तो आपरेशन सिंदूर, एवं रामायण मंचन ने सबको भावविभोर कर दिया।

विज्ञान प्रदर्शनी में सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी प्रतिभानुसार अलग अलग माडल प्रस्तुत किये, जिसमें पाचन प्रणाली, श्वसन प्रणाली, उत्सर्जन तंत्र, चंद्रयान-3, ज्वालामुखी कार्य, रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम, डीप इरिगेशन, सोलर पैनल, ग्रीन सिटी, मैथ्स कार्नर, सर्वधर्म समभाव, जी एम सिटी बैंकिंग और जी एम सिटी मेडिकल की सभी दर्शकों ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन डॉ. श्री प्रकाश मिश्र ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों शिक्षा का अभाव था। अपने क्षेत्र के विकास एवं बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए ग्रामीण अंचल में जी एम एकेडमी की बरहज शाखा का संचालन शुरू किया गया। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी कम संसाधन में शिक्षा प्रदान की जा सके। आगे डॉ मिश्र ने कहा कि जब हमारे ग्रामीण क्षेत्र का विकास होगा तो निश्चित ही जनपद के साथ प्रदेश और राष्ट्र मजबूत होगा। राष्ट्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित होना आवश्यक है ।नपाध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चों का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। यहां के अध्ययनरत छात्र छात्राओं का भविष्य निश्चित रूप से बहुत ही सुनहरा होगा। अध्यक्षता कर रहे आश्रम के पीठाधीश्वर ने कहा कि जी एम एकेडमी के छात्र छात्राएं बहुत ही होनहार हैं। इतने कम दिनों में शिक्षा के स्तर में उत्तरोत्तर विकास, मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, अद्भुत विज्ञान प्रदर्शनी आदि इसके सबसे बड़े प्रमाण हैं। कार्यक्रम को मंगल मणि, मोहन द्विवेदी, निशिकांत दीक्षित ने संबोधित किया। इस अवसर पर सीओ बरहज राजेश चतुर्वेदी, डॉ. ओम प्रकाश शुक्ल, डॉ. अजय कुमार मिश्र, सावित्री राय, रामजी यादव, केशव सिंह, जयप्रकाश सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख, काशिपति शुक्ला, नथुनी प्रसाद, पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव, रतन वर्मा, सच्चिदानंद शुक्ला, पुरुषोत्तम मिश्र, बृजेश मिश्र, रामाश्रय यादव, रामसिंगारे पांडेय आदि के साथ विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक, बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे ।विद्यालय की निदेशिका डॉ. संभावना मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापक अध्यापिकाओं, अभिभावकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनन्या, सिमरन सिंह, शुभांजलि पाल ने किया। निबंध प्रतियोगिता में माया को प्रथम, आशी सिंह को द्वितीय एवं बंदिता मिश्रा तृतीय को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## श्री अंकलेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन



**सिधौली (सीतापुर)।** नैमिषारण्य की पुण्यभूमि सिधौली में स्थित श्री अंकलेश्वर महादेव मंदिर के पावन प्रांगण में सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। श्री सिद्धेश्वर महादेव के दिव्य आशीर्वाद और भोलेनाथ की कृपा से हुए इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अयोध्या धाम से पधारे पं. गिरिजा शंकर मिश्र ह्यसत्यम जीह्न के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कथा का शुभारंभ होता था। मुख्य यजमान श्रीमती सरला देवी, ज्ञानू सिंह व करन सिंह सपत्नीक ने श्रद्धाभाव से व्यासपीठ पूजन कर कथा का आरंभ कराया। अयोध्या के प्रसिद्ध कथा-व्यास आचार्य हरेंद्र त्रिपाठी महाराज ने अपने ओजस्वी व भावपूर्ण प्रवचनों से श्रीमद्भागवत महापुराण के दिव्य संदेश जन-जन तक पहुंचाए। उन्होंने कहा जहां प्रेम है, वहीं भगवान हैं, और जहाँ सेवा है, वहीं सच्ची भक्ति का निवास है। श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, सुदामा-कृष्ण की मित्रता, गोवर्धनधारण और रुक्मिणी विवाह जैसे प्रसंगों ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। मंदिर परिसर प्रतिदिन भक्ति रस में डूबा रहा। संध्या बेला में शंखनाद, भजनों की गूंज और दीपमालाओं से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। सप्तम दिवस पर वैदिक विधि-विधान से पूणार्हुति व भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सांसद, विधायक सहित देशी, विदेशी श्रद्धालुओं ने भन्दंत को दी श्रद्धांजलि



**कसया, कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध तीर्थ कुशीनगर स्थित म्यांमार मंदिर में दिवंगत भंते ज्ञानेश्वर के पार्थिव शरीर का दर्शन कर सांसद विजय कुमार दुबे, विधायक मोहन वर्मा सहित भारी संख्या में भारत, म्यांमार, थाईलैंड, श्रीलंका, वर्मा, जापान, नेपाल, वियतनाम आदि देशों केश्रद्धालुओं ने दिवंगत भंते को श्रद्धांजलि अर्पित की ।सांसद श्री दुबे ने भंते के निधन पर शोक प्रकट किया। कहा कि भंते ज्ञानेश्वर सर्वमान्य बौद्ध संत थे। उन्होंने कुशीनगर में आध्यात्म के साथ शिक्षा का भी विकास किया। भिक्षु नियमित शांति पाठ कर रहे हैं। इस दौरान भंते डॉ नंद रतन, भंते महेंद्र, भंते नंदिका, भंते अशोक, भंते उपाली, भंते विनयकीर्ति, भंते आलोक सहित सरदार बलविंदर सिंह, श्रीमती मनमी कौर, डॉ. निगम मौर्य, चंद्र प्रकाश चमन यादव, सुमित त्रिपाठी, अंबिकेश त्रिपाठी, पूर्व छात्र संघ महामंत्री श्रीराम सिंह, पूर्व सभासद रामाधार यादव, राम नगीना, टीके राय, सीताराम सहित सैकड़ों उपासक मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**कुशीनगर।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को दीवानी न्यायालय, कुशीनगर एवं वाह्य न्यायालय, कसया के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर की अध्यक्षता में किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न वादों का आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे वाद जो अभी तक न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उन्हें भी प्री-लिटिगेशन स्तर पर इस लोक अदालत में निस्तारित कराने की सुविधा उपलब्ध है।

## एस आई आर को लेकर भाजपा की कार्यशाला सम्पन्न

देवरिया : गुरुवार, भाजपा कार्यालय औरा चौरी में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला प्रभारी संतराज यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने और त्रुटियों को सुधारने पर जोर दिया गया ।कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि एसआईआर का कार्यक्रम घोषित होते ही पार्टी ने भी जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का फैसला किया है। पार्टी बीएलओ की तर्ज पर अपने ब्लॉक लेवल एजेंट बनाएगी। यह बीएलए मतदाता सूची की पड़ताल करने घर-घर जाएंगे। निर्वाचन आयोग से भी समन्वय बनाया जाएगा। फर्जी और दोहरे वोटर हटवाए जाएंगे। नए और खासतौर पर युवा वोटरों के नाम जुड़वाए जाएंगे ।उन्होंने कहा कि एसआईआर को जन आंदोलन के रूप में बदलना चाहिए तथा कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर जाकर, हर एक घर तक पहुंचकर प्रत्येक परिवार का नाम दो बार मिलान करना है और यह सुनिश्चित करना है कि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो। उन्होंने बताया कि इस संपर्क अभियान के माध्यम से बूथ समितियों को और भी मजबूत बनाना है ।जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर परिस्थिति के लिए तैयार रहता है। हमारे कार्यकर्ताहै, जिसमें सभी की भूमिका पहले की तरह सक्रिय रहनी चाहिए। कार्यशाला का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने किया । इस दौरान पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, मतदाता पुनरीक्षण अभियान के संयोजक गंगा शरण पांडे, उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट, अजय शाही, अजय कुमार दुबे आदि उपस्थितरहे।

# बैखौफ होती है ट्रेन से तस्करी, वीडियो वायरल

**भटनी (देवरिया)** ।स्थानीय नगर में शराब की तस्करी का मामला आये दिन किसी से छुपा नहीं है, कुछ ऐसे युवा लड़के जिनमे कुछ महिलाएं भी शामिल है जिसका एक विडिओ तेजी से वाईरल हो रहा है, जिसमें एक युवक द्वारा देर रात को शराब तस्करों को पकड़ कर बैग की तलाशी लेते हुये बरामद शराब को लेकर पूछ रहा है कि

- शराब कि दुकानों पर पिट्ठू बैग लिए दिखते है अधिक संख्या में युवा
- बिहार चुनाव में यूपी से शराब

इसे कहा ले जाना है। तस्करों द्वारा यह कहा जा रहा है कि बिहार ले जाना है। और अपने किसी साथी को पकड़े जाने की सूचना अपने मोबाइल फोन से देकर बुला रहा है। जिसमे स्पष्ट शब्दों में कह रहा है कि हम लोगों को किसी ने पकड़ लिया है। हालांकि इस तरह की वाईरल विडिओ की पुष्टि हमारा अखबार नही करता। मगर यह नगर एवं क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आये दिन नगर के शराब की दूकान के आस पास कुछ अज्ञात युवाओं को दस बीस की संख्या में अपनी पीठ पर पिट्ठू बैग लिए देखा जाता है। जिनकी पहचान नगर से नहीं है। यहाँ के कुछ स्थानीय लोगों या प्रत्यक्षय दशीर्यों की मानी जाय तो उनका कहना है की जब भी कोई ट्रेन बिहार की तरफ से भटनी के लिए आती है तो 15-20 की संख्या में कुछ लडके और साथ में महिलायें पिट्ठू बैग लिए स्थानीय शराब की दूकान पर ऐसे जाते दिखाई देते है की यदि समय से नहीं खरीदा गया तो वापसी के लिए ट्रेन छूट जायेगी। दिन का उजाला हो या रात का अंधेरा ये धंधेबाज बेखौफ होकर स्थानीय पुलिस सहित रेलवे पुलिस के नाक के नीचे से अपना काम कर के ट्रेन से ही वापस चले जाते है।

सवाल हैरत करने वाली है कि क्या ये बगैर पुलिस प्रशासन कि मिलीभगत से सम्भव है ? यदि मान भी लिया जाय तो ये कोई अतिश्योक्ति नहीं है। और रेलवे पुलिस अपने दामन को साफ रखने के लिए दो चार महीने में किसी छोटे तस्कर को पकड़ कर एफ आई आर करते हुए खुद के द्वारा एक बड़ी कार्यवाही कर समाज में या अपने उच्चाधिकारीयों में घोषित कर खुद कि पीठ थप थपाती हुई नजर आती है।

आईये चलते है आज से लगभग दो वर्ष पीछे दिनांक 14 जून 2023 कि तड़के सुबह भटनी विकास चौक कि गली में अंग्रेजी शराब के स्टोर रूम में जब एक युवक का शव फंदे से लटका मिला मामला आग कि तरह पुरे नगर में फैल गया। सूचना पर भटनी पुलिस ने शव को देख दंग रह गई। पुलिस कि जाँच में मौके से एक मोबाईल फोन भी बरामद हुआ जिस पर फोन आने से युवक कि पहचान बिहार प्रान्त के बैशाली जिला के गोरोल थाना क्षेत्र के ग्राम चेहरा कला शाहपूर खुर्द के रूप में हुई। और वह वैशाली फलमंडी में काम करता था।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मगर चौकाने वाली बात तब आयी जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक द्वारा खुद ही आत्महत्या दिखाया गया।

मगर प्रत्यक्षय दशीर्यों का कहना था कि मृत युवक के दाहिने हाथ कि उंगली में चोट का निशान भी था। युवक का मौत कई राज अपने साथ दफन कर ले गई।

उस दिन कि घटना से अभी तक अगल बगल के लोग दहशत में जीने को मजबूर है। यहाँ के स्थानीय लोगों के मन में बराबर एक भय व्याप्त रहता है कि कहीं इस तरह कि घटना कि पुनरावृत्ति दोबारा न हो जाये क्योंकि कहीं न कहीं उस मृत युवक का शराब तस्करी से जुडा तार नजर आज भी आता है।

केरवनिया पुल के बैरियर पर सितम्बर 2023मे शराब तस्करों ने बैरियर तोड दिये बल्ली के चोट से आरक्षी महानन्द यादव की मौत हो गयी ।पीकप सहित स्कोर्पियो लेकर तस्कर भाग निकले ।बाद शराब तस्कर व स्कोर्पियो की पहचान कर पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसा ।

## कड़ी मेहनत और लगन से सपनों को साकार करें बेटियां: डॉ बबीता सिंह चौहान

**बहराइच** । उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने जनपद भ्रमण के दौरान राजकीय बालिका इण्टर कालेज बहराइच में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। डॉ चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मा. अध्यक्ष ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलम्बन शीर्ष प्राथमिकता है। उन्हीं की प्रेरणा से प्रदेश में मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया जा रहा है। उन्होनें कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। डॉ चौहान ने कहा कि बेटियां आज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है चाहे आपरेशन सिन्दूर हो या महिला वर्ल्ड कप में अपना सर्वक्षेष्ठ प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। आज बेटियों को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है जिससे वे अपने सपने को साकार कर रही है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, महिला थानाध्यक्ष विनीता रावत, प्रधानाचार्या मधु यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, शिक्षकाएं, छात्राएं व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



# देव दीपावली पर 5100 दीपों से दमका सोहसा: दुबौली घाट



**कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के तत्वावधान में छोटी गंडक नदी तट स्थित सोहसाञ्दुबौली घाट पर बुधवार की संध्या देव दीपावली के पावन अवसर पर दीपदान एवं भजन संध्या कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और जनसहयोग के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा मैया की प्रतीक रूप से की गई, जबकि भगवान महादेव को मुख्य अतिथि मानकर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किया। पाँच हजार एक सौ दीपों की ज्योति से पूरा घाट क्षेत्र आलोकित हो उठा। मानो धरती पर आकाश उतर आया हो। संध्या बेला में आयोजित सामूहिक प्रार्थना में संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र के नेतृत्व में जन प्रतिनिधियों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा मैया से लगभग 100 गांव की आस्था के केंद्र सोहसा मोक्षधाम निर्माण एवं घाट के सर्वांगीण विकास की मंगल कामना की। यह प्रार्थना केवल शब्द नहीं, बल्कि वर्षों से उपेक्षित एक जनभावना की पुकार थी, ताकि अंतिम संस्कार के इस पवित्र स्थल को अब गरिमा, स्वच्छता और सुविधा प्राप्त हो सके। प्रार्थना में जन प्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने गंगा मैया से प्रार्थना की कि दुबौली छठ घाट का पवित्र कार्य शीघ्र पूर्ण हो और आने वाले दो से तीन महीनों के भीतर सोहसा मोक्षधाम का शिलान्यास अवश्य प्रारंभ हो जाए। यदि किसी कारण यह कार्य उस अवधि में आरंभ न हो पाए, तो जनमानस ने संकल्प लिया कि जन सहयोग के बल पर इस पवित्र कार्य को बिना किसी विरोध के, केवल सेवा, आस्था और श्रद्धा की भावना के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कलाकारों ने भक्ति गीतों से वातावरण को भाव विभोर कर दिया। अंत में पंडितगणों के मंगलमय मंत्रोच्चार के बीच दीपदान सम्पन्न हुआ और हजारों हाथों से प्रज्वलित दीपों की रौशनी में पूरा घाट ह्लहर हर गंगेह्न और ह्लहर हर महादेवह्न के जयघोष से गूंज उठा। सांसद विजय कुमार दुबे ने सोहसा मोक्षधाम निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं माननीय विधायक मोहन वर्मा ने 12 लाख रुपये की लागत से धर्मशाला निर्माण कराने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र मिश्र ने किया।

आगंतुकों का स्वागत ग्राम प्रधान सेवा लाल यादव एवं आभार सत्यजीत सिंह ने किया। पूर्व विधायक मदन गोविंद राव, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह, पूर्व प्रमुख राजन त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सतवंत यादव, सोहसा प्रधान प्रतिनिधि मुकेश राव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश राव, पंडित शुभम मिश्र, पंडित राघवेंद्र तिवारी, पंडित कन्हैया मिश्र, संस्था अध्यक्ष प्रो0 सीमा त्रिपाठी, डा0 शुक्ला नाथ, डॉ0 सत्यप्रकाश, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, शंभू राव, सुमित त्रिपाठी, राम कोमल चौधरी, बबलू मिश्र, गुलशन तिवारी, सुरेश प्रसाद गुप्ता, राजू जायसवाल, सूर्यभान गुप्ता, राजेश पांडेय, गौतम मुनि तिवारी, कृष्णमोहन, आदित्य पांडेय, देवानंद, अभिषांक शर्मा, रंजीत राय, हृदयानंद पांडेय, पारस नाथ गुप्ता, अश्विनी द्विवेदी नमन, धीरज राव, सुनील मिश्र, ऋषभ राव, कौशल जायसवाल, नीतीश गौड़, दुर्गेश वर्मा, नीतीश दुबे, देवानंद धर द्विवेदी, साहिल बजाज, दुर्गेश वर्मा, प्रवीण राव, धीरज मिश्र, दीनानाथ ओझा, अश्विनी पांडेय, आनंद पांडेय, सोनू राव, विनय राव, विनीत शुक्ल, अनिरुद्ध सिंह पटेल, राणा प्रताप राव, रणधीर राव, संदीप, बबलू दुबे, राजेश पटेल, अमन जायसवालविजय कुशवाहा, दरोगा कुँवर सिंह, संतोष कुमार राव, उग्रसेन राव, शैलेन्द्र वर्मा, उमापति सिंह, मिथिलेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## गन्ने के साथ लहसुन की खेती किसानों के लिए वरदानः ओपी गुप्ता

कुशीनगर। जिले में किसान धान काटकर शरदकालीन गन्ने की बुवाई प्रारंभ कर दिए हैं। गन्ने के साथ लहसुन की सहफसली खेती, किसानों के लिए वरदान व दोहरा लाभ देती है। गन्ने की बुवाई 4 फीट पर करें तथा गन्ने की दो लाइनों के बीच लहसुन की तीन या चार पंक्ति बोयें, यह जानकारी पूर्व सहायक निदेशक वह गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने कसया के ग्राम अभिनायकपुर में दी ।गन्ने की अधिक उपज देने वाली प्रमुख प्रजातियां को. 0118, को.शा. 13235, को. लख. 14201 हैं। जल भराव वाले खेतों में को.पी. 9301 की बुवाई करें। भूमि उपचार के लिए ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करें।

गन्ने की दो आंखें गेड़ी को हेक्सास्टॉप के घोल में उपचारित करें। लहसुन के लिए एक एकड़ खेत में अंतिम जुताई के समय 70 से 80 कुंतल गोबर की सड़ी खाद प्रयोग करें। गन्ने की दो लाइन के बीच 50 किलोग्राम डीएपी तथा 30 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश प्रयोग करें। लहसुन की कली जावा की बुवाई लाइन से लाइन की दूरी 15 सेंटीमीटर तथा पौध से पौध की दूरी 10 सेमी रखें। लहसुन की फसल मार्च माह में तैयार होगी। एक एकड़ में 45 से 50 कुंतल लहसुन की उपज होगी। 50 रुपए किलो बेचने पर दो से ढाई लाख का लहसुन होगा। लहसुन गन्ने में कीट नियंत्रण करेगा। गन्ने के उपज 300 से 400 कुंतल एकड़ होगी, जिससे आय बढ़ेगी तथा उत्पादन लागत कम होगी ।ढाढ़ा चीनी मिल परिक्षेत्र में अधिशासी अध्यक्ष आरके गुप्ता के मार्गदर्शन में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं।

उपाध्यक्ष 'गन्ना' रविंद्र सिंह ने किसानों को बताया की मिलकर बीज प्राप्त करें तथा गन्ने में बुवाई करें। ट्राइकोडर्मा, जैविक पोटाश, कृषि यंत्र सभी अनुदान पर दिया जा रहा है। सहायक उपाध्यक्ष 'गन्ना' मनोज बिश्नोई ने बताया नवंबर माह में दो दर्जन से अधिक शरदकालीन गन्ना विकास गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रगतिशील किसान ओम प्रकाश राय रामचंद्र यादव ने कहा कि गन्ना कटाई, छिलाई की व्यवस्था किया जाए।

## कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष डीएम को दिया ज्ञापन

फतेहपुर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष की अगवाई में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि पीड़ित राजेन्द्र सिंह लोधी निवासी-487, सिविल लाइन नासिरपुर ने वर्ष 2012 में ग्राम नासिरपुर के गाटा सं0-77 के खातेदार अवधेश सिंह व रामराज पुत्रगण चुरिया व भगवान दास पुत्र बल्देव से दिनांक 03.04.2012 को रकबा 0.0134 हे0 इनका सम्पूर्ण अंश एवं गाटा सं0-77 के ही खातेदार श्यामलाल व श्यामबाबू पुत्रगण सहदेव से दिनांक 10.12 2012 को इनका सम्पूर्ण अंश 0.0100हे० अपनी पत्नी सुनीता देवी के नाम खरीदा था, जिसमें पीड़ित तभी से काबिज दखील है। इसी गाटे से सटे गाटा सं0-75ख के खातेदार प्रेमलाल व रामप्रकाश पुत्रगण बसन्तलाल व होरीलाल पुत्र मैकू व सूरजपाल पुत्र परमेश्वर व श्यामकली पत्नी हरिश्चन्द्र व रामकुमार पुत्र राजाराम से दिनांक 22.09.2016 को 0.1701 वर्ग मीटर खरीदा था, तभी से कब्जा दखल है। गाटा सं0-77 के सहखातेदार जगदीश पुत्र छेदू से मनीष पटेल ने प्लाट खरीदना बताया है, जबकि जगदीश पूर्व में ही अपने हिस्से की जमीन अपने रिस्तेदार रामप्रसाद पुत्र सैकू निवासी नासिरपुर से पैसा लेकर बेच दी है, जिस पर रामप्रसाद का कब्जा है फिर भी गुण्डई के बल से दिनांक 25.09.2025 को रात्रि करीब 2:30 बजे मनीष पटेल व आशीष पटेल पुत्रगण अरविन्द कुमार निवासी शिवपुर थाना मलवा, नरेन्द्र लोधी पुत्र सुरेन्द्र व अंकित पुत्र नरेन्द्र लोधी व सुरेन्द्र निवासी नेवलापुर थाना राधानगर, फतेहपुर व शिवसागर लोधी पुत्र लाला निवासी जयराम नगर, थाना राधानगर अपने 20-25 हथियारबन्द साथियों के साथ रात्रि 2:30 बजे के आस पास मेरे गाटा सं0-75ख एवं 77 में बाउन्ड्रीवाल बनाकर कब्जा कर रहे थे। सुबह करीब 6:00 बजे लोगों ने सूचना दी ।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

पहला ( सीतापुर ) । थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे बिसवां एजेंसी से काम कर घर आ रहे बाइक सवार को अज्ञात ने कोठीपुरवा पुलिया के निकट जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे मोटरसाइकिल सवार दूर जाकर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल सीएचसी बिसवां लाया गया। खबर लिखे जाने तक इलाज चल रही थी।

मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैंया महीपत सिंह निवासी 30 वर्षीय सुधीर पुत्र शिवबालक बिसवां से मंगलवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे घर बाइक से आ रहा था कि कोठीपुरवा पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

जिससे मोटरसाइकिल दूर जा गिरी तथा सुधीर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल सीएचसी बिसवां लाया गया। जहां खबर लिखे जाने तक इलाज चल रहा था।

# डीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0, के0एम0सी0, महिला वार्ड, लेबर रूम, पैथॉलोजी, आक्सीजन प्लांट, किचेन, काउंसलिंग कक्ष, एन0बी0एस0यू0 आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि

**अनुपस्थित चिकित्सकों का काटा वेतन**

शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। शौचालय सहित अन्य सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 प्रखर श्रीवास्तव के अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि नोटिस जारी करते हुये आज का वेतन काटा जाये। कार्यों में लापरवाही मिलनें पर ब्लॉक एकाउंट्स मैनेजर (बी0ए0एम0) बालक राम, फार्मासिस्ट रवी यादव, स्टॉफ नर्स सीता के विरूद्ध डी0एच0एस0 में प्रस्ताव लाते हुये 15 दिन का वेतन काटनें के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। मरीजों को आपूर्ति किये जा रहे भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता व मात्रा मानकों के अनुरूप न मिलनें पर कार्यरत सखी स्वयं सहायता समूह का टेण्डर रद्द किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बी0पी0एम0, बी0सी0पी0एम0 एवं बैम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

जिलाधिकारी ने ऑक्सीजन प्लांट तत्काल ठीक कराते हुये संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक निरन्तर भ्रमणशील रहें और भर्ती मरीजों को दी गयी दवाओं एवं इंजेक्शन का विवरण उनके पर्चे पर अवश्य दर्ज किया जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर का पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये। फैमिली प्लानिंग हेतु समुचित काउंसलिंग व्यवस्था किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर हुई मां तुलसी की पूजा

**महोली (सीतापुर)।** बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर शक्ति लर्निंग टेम्पल स्कूल में विद्यालय के संस्थापक देवेन्द्र मिश्र के द्वारा तुलसी मां की पूजा अर्चना के साथ पौधों का वितरण कराया गया।

मां सरस्वती की वंदना व मां तुलसी की आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक पीयूष मिश्र के सहयोग से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रांत के पर्यावरण संरक्षण व गतिविधि संयोजक विष्णु दत्त दीक्षित व विभाग संयोजक कुमुद मिश्रा ने सर्वप्रथम तुलसी माता का पूजनकर वितरण किया। पर्यावरण संरक्षण के विषय में बच्चों को विस्तृत जानकारी देते हुए पॉलिथीन से होने वाले नुकसान जल संरक्षण, मृदा संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से बताया। तत्पश्चात आने जाने वाले राहगीरों को तुलसी के पौधों का वितरित किये। कार्यक्रम में विष्णु दत्त दीक्षित, कुमुद मिश्रा, मनोज मोहन दीक्षित, राजेश दीक्षित, नीरज गुप्ता, सुधीर दीक्षित, श्रद्धा, रोशनी, प्रियंका सुप्रिया, लक्ष्मी मिश्रा, सृष्टि गुप्ता, हिमांशी सहित प्रबंधक पीयूष मिश्रा उपस्थित रहे।




## शिक्षा के रुके विकास को आगे बढ़ाऊंगा: डॉ. देव मणि तिवारी

**सीतापुर।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक एमएलसी प्रत्याशी डॉक्टर देवमणि तिवारी के समर्थन में आहूत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेई ने कहा कि शहर कांग्रेस का लक्ष्य सर्वप्रथम स्नातक मतदाताओं की संख्या को बढ़ाना है एवं कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संकल्पित है। विधान परिषद में एमएलसी के रूप में कांग्रेस जीतने जा रही है। कांग्रेस एमएलसी प्रत्याशी डॉक्टर देवमणि तिवारी ने कहा कि आप सब की उर्जा देखकर अभिभूत हूं और सीतापुर के एक-एक स्नातक मतदाताओं के सम्मान के लिए सदैव संघर्ष करता रहूंगा और यहां शिक्षा के क्षेत्र में रुके हुए विकास को पूरा करूंगा। श्री तिवारी ने सभी कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त करते हुए एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी के सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश निषाद, विनीत दीक्षित, मंजरी राही संजय दीक्षित, चोक्ष विभू अवस्थी, जेपी शुक्ला, रिजवान खान, शबनम, प्रेमलता, रामलाल, संजय कुमार सनी, समर अहमद, श्यामू पांडे, रविकांत द्विवेदी, अभय कुमार मिश्रा, नाराज कश्यप, गुरु शरण द्विवेदी, श्रीचंद्र शुक्ला, प्रवेश, शाहिद, महबूब अली, त्रिभुवन सिंह, तारी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर पालिका सदस्य आमोद मिश्रा ने किया

## भुगतान न होने पर आशा बहुओं ने दिया ज्ञापन



**पुरवा, उन्नाव (वीओएल)।** असोहा विकास खण्ड की आशा बहुओं ने गुरुवार को भुगतान न होने पर हड़ताल की। ब्लाक अध्यक्ष सुनीता देवी के नेतृत्व में तारावती, कल्पना वर्मा, रंजीता, शालिनी, संगीता देवी, मायादेवी, प्रियंका, शिवानी, निर्मला देवी सहित सैकड़ों आशा बहुओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्रित होते हुए धरना प्रदर्शन किया। सुनीता देवी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि अब तक उनके कार्यो का पूर्ण भुगतान नही किया गया, हमारी बार बार मांगो व किये गए निवेदनों पर भी इस दिशा में कोई कार्यवाही नही की गई। यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक सभी आशा बहुओं व आशा संगिनी का बकाया भुगतान नही दिया जाता।

## सेवानिवृत्त नर्स का अस्पताल में आना चर्चा का विषय बना, कर्मचारी परेशान



**उन्नाव।** महिला अस्पताल की नर्स के सेवानिवृत्ति होने के बाद भी अस्पताल का मायामोह नहीं छूट रहा है। दिन से लेकर रात तक अस्पताल में बना रहना चर्चा का विषय बना है। चर्चा यह भी है कि कर्मचारी भी परेशान है। उक्त नर्स के पास पीपीसी, ओटी का चार्ज था।

यहां मरीजों से रोजना सुविधा के नाम पर शुल्क लिया जाता था। वहीं स्टॉप के लोगों ने दबी जुबा से बताया कि ओटी तथा पीपीसी से कीमती सामान पार करने की फिराक में है। पंडित उमाशंकर दीक्षित संयुक्त महिला चिकित्सालय में कार्यरत नर्स राजबाला 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हो गई थी। उनके पास पीपीसी तथा ओटी का चार्ज था। जिसके बाद से रोजाना की तरह अस्पताल में बने रहना तथा पहले कि तरह कर्मचारियों पर दबाव बनाना जिससे कर्मचारी परेशान है। बुधवार की सुबह पीपीसी तथा रात में ओटी में मौजूद रही। विभाग में लगे कैमरों के फुटेज की जांच की जाए तो स्वतः चर्चा पर विराम लग सकता है। वहीं एक सीनियर नर्स को चार्ज मिलना चाहिए था। सेवानिवृत होने के बाद भी अभी पूरी तरह चार्ज नहीं दिया। सुत्रो की मानें तो एक मुख्य दरवाजे की चाबी भी गायब है जो विभाग में चर्चा का विषय बना है। जानकारी के लिए जब महिला सीएमएस डॉ फौजिया अंजुम को कई बार फोन मिलाया गया तो उनका फोन नहीं मिला।

# जिला स्तरीय उद्योग बंधु सीमित की बैठक संपन्न



**फतेहपुर** ।जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं एमओयू क्रियान्वयन की बैठक जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई ।बैठक में सर्वप्रथम निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समय सीमा पार लंबित एक आवेदन को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए तथा सभी आवेदन पत्रों को निर्धारित समयावधि में निस्तारित करने पर बल दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत लंबित आवेदनों को बैंकों से शीघ्र स्वीकृत कर वितरण करने के भी निर्देश दिए ।उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों पर बैंकों से अधिकतम ऋण स्वीकृति सुनिश्चित की जाए ।इसके बाद जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र मलवा और बिंदकी में नई विद्युत लाइन निर्माण तथा स्वतंत्र फीडर स्थापित करने के निर्देश अधिशाषी अभियंता विद्युत को दिए। यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्र मलवा में कैंटीन निर्माण और जर्जर पोल व विद्युत लाइन बदलने कार्य हेतु क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीसीडा को वीसी के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए ।बैठक में बताया गया कि एमओयू उद्यमी ऋषभ रुया का बैंक ऑफ बड़ौदा में ऋण स्वीकृत हो गया है। वहीं दूसरी एमओयू इकाई, मारुति नंदन एग्रो फूड के धारा 80 के प्रकरण के निस्तारण के बाद उसे बैठक के माध्यम से निक्षेपित कर दिया गया, जिस पर उद्यमी ने प्रसन्नता व्यक्त की ।इस अवसर पर उद्यमी रिलेशनशिप मैनेजर अनुराग अग्रहरि, सहायक प्रबंधक रणविजय सिंह, लीड बैंक मैनेजर गोपाल कृष्णायह समाचार रिपोर्ट सरकारी बैठक से संबंधित है और इसे संरचित प्रारूप में समाचार शैली में प्रस्तुत किया जा सकता है। यह रहा परिष्कृत संस्करणःफतेहपुर, 06 नवम्बर 2025जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं एमओयू क्रियान्वयन की बैठक जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई ।बैठक में सर्वप्रथम निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समय सीमा पार लंबित एक आवेदन को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए तथा सभी आवेदन पत्रों को निर्धारित समयावधि में निस्तारित करने पर बल दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत लंबित आवेदनों को बैंकों से शीघ्र स्वीकृत कर वितरण करने के भी निर्देश दिए ।उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों पर बैंकों से अधिकतम ऋण स्वीकृति सुनिश्चित की जाए ।इसके बाद जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र मलवा और बिंदकी में नई विद्युत लाइन निर्माण तथा स्वतंत्र फीडर स्थापित करने के निर्देश अधिशाषी अभियंता विद्युत को दिए। यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्र मलवा में कैंटीन निर्माण और जर्जर पोल व विद्युत लाइन बदलने कार्य हेतु क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीसीडा को वीसी के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए ।बैठक में बताया गया कि एमओयू उद्यमी ऋषभ रुया का बैंक ऑफ बड़ौदा में ऋण स्वीकृत हो गया है।

## आश्रम में सत्संग और भंडारे का आयोजन



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र केह्लडौड़ियाखेड़ा मे गंगा तट पर स्थित कंदरा स्वामी आश्रम मे कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष की भांति श्रद्धालु इस वर्ष भी सत्संग कार्यक्रम व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजित कार्यक्रम मे स्वामी जी सहित सभी संतो को अंगवस्त्र पहनाकर पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के पिता ने सम्मान किया। आश्रम की तरफ से भी तेजबहादुर सिंह का सम्मान किया गया। आश्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर से आर्थिक सहयोग स्वामी जी को दिया गया, इस मौके पर पंकज सिंह, रामजी यादव, रमेश सिंह, राघवेंद्र, प्रखर आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एमएलसी अरुण पाठक ने स्कूल को बेंच उपलब्ध करायी




**मौरावां, उन्नाव।** विकासखंड हिलौली के गांव मवई में शिक्षक एमएलसी अरुण पाठक द्वारा उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई हिलौली के अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के अनुरोध पर उच्च प्राथमिक विद्यालय मवई कम्पोजिट विकास खण्ड हिलौली उन्नाव) को बेंच उपलब्ध कराई गई हैं। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं में हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिवार इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय में बेंच पहुंचने से बच्चों के साथ साथ अभिभावकों के बैठने के लिए सुविधा हो गयी है। इस अवसर पर अनिल कुमार शुक्ल, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार, रमजान, सत्येन्द्र कुमार अनुराग, अनुपमा, रेनू, पूनम सुनीला देवी मनोज कुमार आदि समस्त स्टाफ ने एमएलसी अरुण पाठक को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मनरेगा कार्यों में लाखों की धांधली, पहुंची जांच टीम

जिला संवाददाता

**विजयीपुर, फतेहपुर।** विजयीपुर विकासखंड के अंतर्गत विजयीपुर पंचायत में मनरेगा कार्यों में बिना कार्य किए लाखों रुपये के फर्जी भुगतान का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शिकायत पर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए मनरेगा लोकपाल संयुक्त टीम को स्थलीय जांच के आदेश दिए हैं।

टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यों का सत्यापन शुरू कर दिया है ।ग्रामीण प्रयेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र विजय प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 में पंचायत में मनरेगा के तहत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और फजीर्वाड़ा किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मनरेगा के नियमों को ताक पर रखकर सेटिंगझगेटिंग सिस्टम के जरिए बिना कार्य किए ही लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि विकास कार्यों के नाम पर केवल

**ग्रामीणों ने मांग की है कि निष्पक्ष जांच कर भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए**

कागजों पर खानापूर्ति कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है शिकायतकर्ता समेत करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में पंचायत में मनरेगा के तहत फर्जी भुगतान किए गए हैं। कई कार्य ऐसे हैं, जो जमीन पर हुए ही नहीं, लेकिन भुगतान पूरा कर दिया गया।

उदाहरण स्वरूप झललर के खेत से रिंकू के खेत तक नाली खुदाई, प्रेमा के खेत से पूनम के खेत तक नाली खुदाई, नरेश के खेत से तालाब तक नाला खुदाई, अबराब के खेत से बबलू के खेत तक मिट्टी भराई, रितेश के खेत के पास बंधी निर्माण कार्य, राजू के खेत से नाला तक मिट्टी भराई जैसे कार्यों के नाम पर लाखों रुपये के भुगतान किए गए जबकि ये कार्य वास्तविकता में नहीं हुए ।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मनरेगा के निर्देशों को दरकिनार करते हुए व्यक्तिगत पूंजी पत्तियों पर सीमांत किसानों को लाभ पहुंचाया गया है, जबकि गाइडलाइन के अनुसार मनरेगा कार्य केवल जॉब कार्ड धारक एवं लघु किसानों के खेतों पर ही कराए जा सकते हैं ।शिकायतकर्ता ने सभी भुगतान विवरण एवं बिलों की प्रतियां संलग्न कर मनरेगा आयुक्त सहित उच्च अधिकारियों से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर विजयीपुर पंचायत पहुंची मनरेगा लोकपाल संयुक्त टीम ने स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। जांच अधिकारियों ने कहा कि मीडिया से प्राप्त शिकायत बिंदुओं की गहनता से जांच की जा रही है और सत्यापन के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

फिलहाल मामला जांच टीम के समक्ष लंबित है। ग्रामीणों ने मांग की है कि निष्पक्ष जांच कर भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

## विधायक आशा मौर्या ने किया कॉलेज में कक्ष के लिए नींव पूजन

पहला ( सीतापुर ) । विकासखंड पहला अंतर्गत किसान इंटर कॉलेज सरैंया में क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या ने कक्ष निर्माण कार्य हेतु गुरुवार दोपहर नींव पूजन किया तथा बच्चों को शिक्षा के प्रति उत्साहित किया। मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक क्षेत्र किसान इंटर कॉलेज अंतर्गत सरैंया राजा में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने बरामद निर्माण कार्य हेतु नींव पूजन किया। विधायक द्वारा विकास निधि से 13 लाख रुपये की राशि दी गई तथा इस निर्माण का दायित्व कार्यदाई संस्था यूंपीसीएलडीएफ लखनऊ को दिया गया। इस मौके पर विधायिका द्वारा कॉलेज के छात्र छात्राओं को पढ़ाई हेतु उत्साहवर्धन किया।



## विश्व हिंदू व परिषद बजरंग दल ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**फतेहपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्गा वाहिनी के जिला अध्यक्ष हुसैनगंज में नई बाजार स्थित शिव मन्दिर से सटी बने शौचालय खजुवा स्थित बावन इमली में बढते लव जिहाद व फतेहपुर नगर में अस्थाई अतिक्रमण के सम्बन्ध में आज जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया कि बजरंग दल जो समाज और राष्ट्र के संस्कृत धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए कार्यरत संगठन हैं, आप के संज्ञान में लाना चाहता है कि हुसैनगंज नई बाजार स्थित शिव मंदिर में सटी तीन शौचालय बनी है जिसका निर्माण समाजवादी पार्टी के शासनकाल में हुआ था उस समय स्थानीय लोगो की आपत्तियों के बावजूद भी यह निर्माण कार्य कराया वर्तमान में यह शौचालय मंदिर की मयार्दा स्वच्छता और श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत कर रहा है मंदिर एक पवित्र स्थल है जहां प्रतिदिन अनेकों श्रद्धालु पूजा पाठ करने आते हैं मंदिर के बिल्कुल पास किस प्रकार के निर्माण धार्मिक मयार्दा का उल्लंघन है और क्षेत्र के लोगों में असंतोष का कारण बना रहा है। खजुहा स्थित बावन इमली जो कि लव जिहाद का केन्द्र बना जा रहा है अतः आपसे अनुरोध है कि वहीं प्रशासन लगाकर बिना जांच किए। प्रवेश रोक लगाया जाए। फतेहपुर के संपूर्ण नगर में अस्थाई रूप से जो अतिक्रमण किया है इसके कारण प्रतिदिन कई घटनाएं सामने आती है आपसे आग्रह है कि इस पर भी अपना ध्यान आकर्षित करें इस मौके पर जिला संयोजक राहुल अग्निहोत्री जिला सहसंयोजक बजरंग दल मोनू सोनी जिला अध्यक्ष विनायक संतोष सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दी, 6 पुलिस हिरासत में

जिला संवाददाता

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गगनी खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 31 अगस्त को फायरिंग में 10 वर्षीय बालक की मौत के मामले के मुख्य आरोपी के 80 वर्षीय पिता हीरालाल उर्फ मुनीम की देर रात घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने क्षेत्र में दहशत और तनाव पैदा कर दिया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर पूर्व सभासद समेत नौ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया

**परिवार की महिलाओं ने अंतिम संस्कार कराने से साफ मना कर दिया**

है और छह आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक हीरालाल ( 80 ) अगस्त में हुई हत्या के मुख्य आरोपी अशोक निषाद के पिता थे। अशोक के जेल में बंद होने के कारण हीरालाल अपनी पत्नी महादेई के साथ गांव में रहने वाली बेटी सरला के घर पर रह रहे थे।

बेटी सरला ने पुलिस को बताया कि बुधवार देर रात करीब दो बजे सोनू, राजकुमार, जितेन्द्र, महेश निषाद, गोविंद, संतोष, अमन, मंटानी और मनोज उनके घर में घुस आए। घर के आंगन में चारपाई पर सो रहे हीरालाल पर उन्होंने हमला कर दिया और फायरिंग शुरू कर दी। गोली सीधे उनके गले में लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसओजी, सर्विलांस टीम, फोरेंसिक टीम और स्थानीय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा।

पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गर्दन पर गन शाट होने और छर्रें फंसे होने की पुष्टि हुई है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पत्नी महादेई की तहरीर पर नौ आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है और छह आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस शव को लेकर मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट पहुंची, लेकिन यहां परिवार में फिर से तनाव पैदा हो गया। मृतक के बेटे अशोक और विनोद जेल में बंद होने के कारण परिवार की महिलाओं ने अंतिम संस्कार कराने से साफ मना कर दिया।

## नहर में मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप

**बिसवां नगर (सीतापुर)।** बिसवां तहसील क्षेत्र से होकर गुजरने वाली शारदा सहायक नहर आज एक बार फिर मगरमच्छ दिखने की घटना से सुर्खियों में आ गई। गुरुवार सुबह नहर में एक विशाल मगरमच्छ को तैरता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। बिसवां तहसील क्षेत्र की शारदा सहायक नहर किनारे काम कर रहे लोगों ने पानी में बड़ी हलचल देखी। पास जाने पर उन्हें एक बड़ा मगरमच्छ तैरता हुआ दिखाई दिया, जिससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल बन गया। सूचना तत्काल वन विभाग की टीम को दी गई।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम मगरमच्छ को पकड़ने में सफल रही। वन विभाग के अधिकारियों ने मगरमच्छ को पकड़ने के बाद उसे चहलारी घाट के पास सुरक्षित छोड़ दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस नहर में पहले भी कई बार मगरमच्छ दिख चुके हैं। वन विभाग का कहना है कि शारदा सहायक नहर का जल प्रवाह सीधे तराई क्षेत्रों से जुड़ा है, जहां से मगरमच्छ बहकर निचले क्षेत्रों में पहुंच जाते हैं।

# पुलिस का कार्य अत्यंत चुनौती पूर्ण होता है: सीओ



**महोली/ सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने सभा का आयोजन कर पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनी तथा उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संपर्क

**क्षेत्राधिकारी ने पुलिस की समस्याओं का किया समाधान**

सभा महोली कोतवाली परिसर में आयोजित की गई। क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने उपस्थित कार्मिकों की ड्यूटी से संबंधित तथा निजी समस्या के बारे में जाना तथा उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी जवान या अधिकारी को कोई भी समस्या हो तो वह सीधे कार्यालय में आकर अवगत कराये। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों व जवानों से तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विस्तृत संवाद किया।

पुलिस कर्मियों के दैनिक जीवन में आने वाले मानसिक दबाव, कार्य की जटिलताएं, पारिवारिक जिम्मेदारियां एवं ड्यूटी के दौरान उत्पन्न होने वाले तनाव के कारणो पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य अत्यंत चुनौती पूर्ण होता है इसलिए मन की स्थिरता और सकारात्मक सोच बनाए रखना बहुत आवश्यक है। जवानों को तनाव कम करने के व्यावहारिक उपाय जैसे योग, ध्यान, नियमित व्यायाम बनाए रखते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने मौजूद सभी कर्मचारियों को शासन व उच्च अधिकारियों के आदेश का शत प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान आने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर इंस्पेक्टर जंग बहादुर पांडेय, उप निरीक्षक रामाश्रय चौधरी, के के उपाध्यक्ष, विनोद कुमार, एखलाख अहमद, सुनील कुमार, जितेंद्र सिंह सहित मुख्य आरक्षी व आरक्षी मौजूद रहे।

### क्षेत्राधिकारी ने किया मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण

महोली/ सीतापुर क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने महोली कोतवाली परिसर में मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सभी अभिलेखों को चेक किया गया कुछ कमियां पाए जाने पर नियुक्त महिला कर्मचारी से उसमें सुधार लाने को कहा। मिशन शक्ति केंद्र में मौजूद महिला कर्मचारियों की मीटिंग कर महिला संबंधी अपराधों व शासन के दिए गए निर्देशों का पालन करने को कहा वही शासन द्वारा चलाई जा रही महिलाओं की योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।

## बृहद ग्राहक संवंधन अभियान का आयोजन

सीतापुर। इंडियन बैंक अंचल कार्यालय सीतापुर प्रांगण में आज एक वृहद ग्राहक संवर्द्धन अभियान का आयोजन हुआ, जिसके अंतर्गत वित्तीय समावेशन, री-के0वाई0सी0, आपकी पूंजी आपका अधिकार एवं बैंक के डिजिटल अभियान की जानकारी दी गयी।

इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के पाँच सौ से अधिक लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री ब्रिजेश कुमार सिंह रहे। उन्होंने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओ एवं बैंकिंग सेवाओं जैसे एस0एच0जी0 का क्रेडिट लिंकेज, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, पी0एम0 स्वनिधि मुद्रा एवं पी0एम0एफ0एम0ई0 का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया और प्रतिभागिओं को इंडियन बैंक द्वारा चलाई जा रही आरसेटी संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने की।

संक्षेप

## किसानों के लिए अनुदान पर मिल रहा बीज

**बांदा।** किसानों के लिए जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों में रबी फसलों तोरिया, सरसों, मसूर, चना, मटर, अलसी, आदि के बीज 50 प्रति० अनुदान पर एवं विभिन्न फसलों के बीज मिनीकिट पूरी तरह निःशुल्क वितरण के लिए उपलब्ध हैं। जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार ने किसानों से कहा है कि वह नवीनतम प्रजाति के बीज अनुदान पर बीज भण्डारों से प्राप्त कर सकते हैं। मिनी किट प्राप्त करने के लिये किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। रबी फसलों के बीज वितरण के लक्ष्य राई, सरसों 75.43 कु0, मसूर 189.60 कु0, जौ 28 कु०, गेंहू 5000 कु० जिले को प्राप्त हुआ है। लक्ष्य के अनुरूप बीजों की उपलब्धता है और किसानों को बीज वितरण किया जा रहा है। जनपद में 9 राजकीय कृषि बीज भण्डार हैं। एक कृषक अधिकतम 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल तक के लिए बीज का लाभ ले सकता है। बीज पॉश मशीन के माध्यम से बिक्री किया जाता है। किसान को अपना आधार कार्ड एवं खतौनी लेकर स्वयं जाना होगा।

## बिक्री केंद्रों को पहुंच रही खाद, हो रहा वितरण

**बांदा।** जनपद में वितरण केन्द्रों की मांग के अनुरूप डीएपी और यूरिया भेजी जा रही है। गुरूवार को 263 मै० टन डी०ए०पी० पी०सी०एफ० गोदाम मवई से वितरण के लिए भेजी गयी। खाद डी०सी०डी०एफ० मण्डी समिति आदि अनेक केन्द्रों में पहुंचाई गयी है। बी-पैक्स गड़रिया, बी-पैक्स तिन्दवारी उ०, बी-पैक्स जौरही, बी-पैक्स पलरा, बी-पैक्स नवीन क्योटरा, बी-पैक्स जसपुरा, बी-पैक्स खुरहण्ड, सहकारी संघ लि० खुरहण्ड, बी-पैक्स बिलगांव, बी-पैक्स बदौसा, बी-पैक्स बिसण्डा, बी-पैक्स अतर्रा, बी पैक्स बबेरू, सहकारी क्रय-विक्रय बबेरू के अलावा अन्य कई सहकारी समितियों में खाद नियमानुसार बांटी गयी। सहायक आयुक्त एवं सहाकय निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने बताया कि इफको डी०ए०पी० की एक रैक अगले दो दिन में जनपद को मिलेगी और इसे सीधे रैक प्वांइट से सहकारी उर्वरक बिक्री केन्द्रों को भेजा जायेगा। बताया कि यूरिया खाद की रैक भी शीघ्र ही प्राप्त होगी। जनपद में फास्फेटिक उर्वरक का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है।

## धान की फसल चौपट, भाकियू ने की मुआवजे की मांग

**बांदा।** भाकियू के जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल, प्रदेश पदाधिकारी मनरूप सिंह परिहार, रामदास साहू आदि ने गुरुवार को सदर तहसील परिसर में बैठक की। उन्होने कहा कि अतिवृष्टि के कारण धान की फसल बर्बाद हो गयी है। मुआवजा देने की मांग की, कहा कि तिल, अरहर, उर्द, मूंग आदि फसलों का बीमा कंपनी मुआवजा दे। किसान यूनियन ने कहा कि खाद के लिए किसान अब भी परेशान हैं। प्रतिदिन टोकन वितरित कर जोत बही के अनुसार खाद दी जाए। गौशालाओं की दयनीय स्थिति में सुधार हो इसके लिए अधिकारी नियमित निरीक्षण करें। पंप कैनाल कनवारा, बालाजी पंप कैनाल को चालू करवाया जाए। कहा कि गांवों में सरकारी चक मार्गों पर कब्जा है। इससे किसानों के वाहन खेत तक नहीं पहुंच पाते। लेखपाल अभियान चलाकर चकरोड़ों से कब्जा हटवाएं और मनरेगा के तहत खंड विकास अधिकारी मेड़बंदी व रास्ता बनवाएं। इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष प्राची सिंह, राजाबेटी, अनीता, सीता, रामप्रताप, संदीप सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## निर्धारित से अधिक मूल्य पर खाद बेचने पर हुआ विवाद

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत चैकी नेहरूनगर वार्ड नं. 8 जुगपुरा निवासी सूरज सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह खाद लेने के लिए अमर पैलेस के पास इफको बाजार के सामने (राय ट्रेडर्स) पर रामकुमार राय की दुकान पर कृषि कार्य के लिए डी.ए.पी. खाद लेने के लिए गया था। खाद का मूल्य पूछने पर शासन द्वारा निर्धारित मूल्य की दुकान से अधिक मूल्य बताये जाने पर जब उसने विरोध किया तो दुकानदार रामकुमार राय ने अपने दो-तीन साथियों के साथ उसके साथ गालियां देते हुये धक्का-मुक्की की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि अन्य किसानों ने उसे बचाया। आरोप है कि दुकानदार ने उसे अपमानित कर उसकी सामाजिक छवि को धूमिल किया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 131, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जेल में बंद कुख्यात अपराधी ने मांगी बागपत के स्कूल संचालक से रंगदारी

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** ललितपुर जिला जेल में बंद शातिर बदमाश द्वारा बागपत जनपद में संचालित स्कूल के प्रबंधक से मोबाइल पर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आने पर हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जिला कारागार पहुंच कर गहनता से पड़ताल की। सुबह से दोपहर तक चली गहन पड़ताल के बाद जेल से पुलिस ने मोबाइल बरामद कर लिया है। प्रकरण की लगातार निगरानी डीआईजी जेल प्रदीप गुप्ता करते रहे। जिला कारागार ललितपुर में निरूद्ध बागपत के थाना दोघट अंतर्गत ढिकौली गांव में रहने वाला ज्ञानेन्द्र ढाका ने बागपत स्थित भड़ल गांव के सीबीएसएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल राणा से फोन कर बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुये जान से मारने की धमकी दी। यह खबर के प्रकाश में आते ही ललितपुर में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलने पर सुबह ही जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक जिला कारागार पहुंच गये।

- बैरक में अपराधी के पास से मोबाइल बरामद, एसपी, डीएम ने कारागार का किया निरीक्षण

दोपहर तक जेल के अंदर ही गहनता से पड़ताल की गयी। ऐसा बताया जा रहा है कि पुलिस ने कारागार से फोन भी बरामद किया है, जिससे रंगदारी मांगी गयी थी। हालांकि इस घटना के बाद से कई ज्वलन्त सवाल भी उठ खड़े हुये हैं। जेल सुरक्षा को लेकर भी यह सवाल उठ रहा है कि कारागार के अंदर फोन पहुंचा कैसे? हालांकि जिला जेल में मोबाइल पहुंचने की यह कोई पहली घटना नहीं है।इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। कहा कि जेल प्रशासन द्वारा एक तहरीर दी गयी है, जिसमें रंगदारी मांगने में उपयोग हुये फोन को बरामद किया गया है।

रंगदारी मांगने के मामले में बागपत के दोघट थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। चार माह से ज्ञानेन्द्र ढाका जेल में निरूद्ध है। प्रकरण की गहनता से जांच करायी जा रही है। मामले में एफआईआर दर्ज की जायेगी। फोन जेल में जाने के गंभीर मामले में जो भी जांच में दोषी पाया जायेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। तीन लोग अंदर लड़े भी है, जिसमें एक चम्मच बरामद की गयी है।

### यह था पूरा मामला

बागपत जिले के ग्राम भडल निवासी कृष्णपाल राणा पुत्र स्व.विजय सिंह ने थाना दोघट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 नवम्बर 2025 की रात करीब 12.41 पर उसके पास ग्राम ढिकौली निवासी ज्ञानेन्द्र पुत्र कृष्णपाल का फोन आया।

फोन पर उसके साथ गालियां देते हुये पैसे की मांग की गयी और जान से मारने की धमकी दी गयी। कृष्णपाल राणा ने बताया कि उसके पास बैठे नरेश पाल सिंह ने अपने फोन से फोन किया तो उसके साथ गालियों वाले लहजे में बात की गयी और रुपयों की मांग की गयी, जिसकी रिकॉर्डिंग भी है। बताया कि ज्ञानेन्द्र पहले भी मर्डर कर चुका है। बागपत के दोघट थाना पुलिस ने कृष्णपाल राणा की तहरीर पर ज्ञानेन्द्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 308 (5) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## पुरानी रंजिश को लेकर भिड़े दो पक्ष, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम खड़ोवरा निवासी कमल सिंह पुत्र महाराज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 नवम्बर को सुबह 9 बजे उसका छोटा भाई कोमल पुत्र प्रताप अपने खेतसे घर की ओर आ रहा था। तभी निहाल पुत्र फर्सराम, रामजीवन पुत्र करतार, छोटू पुत्र फर्सराम, फर्सराम पुत्र समरथ एकराय होकर आये और आये और पुरानी रंजिश के चलते उसके छोटे भाई से बात-विवाद करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। जब उसके भाई ने विवाद करने से मना किया तो उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। इस हमले में उसके भाई को सिर में गंभीर चोटें आयीं। घटना को देख गांव के लोगों ने, उसने व परिजनों ने बीच-बचाव किया। तो उक्त लोग मौके से जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से निहाल सिंह पुत्र परसराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि खेत के पास स्थित मकान पर था, तभी कोमल यादव पुत्र प्रताप सिंह, कमल सिंह व जहिन्दर पुत्रगण महाराज सिंह, माधव सिंह पुत्र बाबूलाल एकराय होकर आये और गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सदर विधायक ने पेयजल योजना का किया भूमि पूजन

**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी एवं नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने अमृत 2.0 के तहत लोगों को 24 घंटे शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए शहर के स्वराज कालोनी वार्ड 14 में योजना का भूमि पूजन किया। योजना के तहत शासन ने 1585.07 लाख रुपए स्वीकृत किये है अभी इसके लिए शासन ने 258.23 लाख की धनराशि अवमुक्त की है। इस योजना के पूरा हो जाने पर 24 घण्टे शुद्ध पेयजल मोहल्ले वासियों को मिलेगा और बिना किसी मोटर के तीसरी मंजिल तक पानी पहुंचेगा। योजना के तहत 2000 किलो लीटर क्षमता का ओवर हेड टैंक, 18.5 किलो मीटर पाइप लाइन का विस्तार कार्य, 200 मी0 राइजिंग मेन का कार्य, 400 किलो लीटर क्षमता का एक सी0डब्लू0आर0 का निर्माण, एल0टी0 रूम एवं एस0टी0 रूम व स्टाफ क्वाटर का निर्माण किया जायेगा। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम ने बताया कि इस परियोजना को पूर्ण करने की तिथि 10.06.2026 शासन ने निर्धारित की है। इस परियोजना से वार्ड 14 के करीब 1500 उपभोगता लाभांवित होंगे। सदर विधायक ने मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर स्वराज कालोनी एवं आवास विकास ए ब्लाक के उपभोगताओं को साफ एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा तथा बिना पंम्पिग मोटर के मोहल्लेवासियों को तीसरी मंजिल तक 50 टी0डी0एस0 के नीचे का पेयजल पूरे चैबीस घण्टे उपलब्ध हो सकेगा। सदर विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर योजना की औपचारिक शुरूआत की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह चैहान, ब्लाक प्रमुख तिन्दवारी प्रतिनिधि अजय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सन्तोष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, वार्ड सभासद अंशू वर्मा, पूर्व चेयमैन राजकुमार राज, माता बदल प्रजापति, उत्तम सक्सेना, मनोज जैन, धमेन्द्रसुनील त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ताअभियन्ता जल निगम नगरीय तपिश कुमार बालियान, अधिशाषी अधिकारी श्रीचन्द्र चैधरी, अवर अभियन्ता विरेन्द्र प्रजापति, कार्यकर्ता एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## मुठभेड़ के दौरान चोरी के जेवरात बरामद पुलिस ने दो शातिर बदमाश दबोचे





**नगीना, बिजनौर।** बेटी की शादी के लिए परिवार सहित वेंकट हॉल में गए परिवार के बंद पड़े मकान में हई लाखों रुपए की चोरी का नगीना पुलिस ने ने मात्र 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुठभेड के दौरान दो कुख्यात बदमाशों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुवार को सीओ डॉ0 अंजनी कुमार चतुवेर्दी ने पत्रकारों को घटना के संबन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि 4/5 नवंबर की रात्रि मोहल्ला कायस्थ सराय में एक घर में उस समय चोरी हो गई थी जब पूरा परिवार अपनी बेटी की शादी करने के लिए धामपुर रोड स्थित एक वेंकट हॉल में गया हुआ था। सूचना मिलते ही वह स्वयं तथा नगीना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर पीड़ित परिवार व आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि खुशहालपुर मठेरी रोड पर गरुवार की तड़के लगभग 03 बजे चेकिंग के दौरान पुलिस ने उधर से गुजर रही एक ई रिक्शा को रोकने का प्रयास किया तो ई-रिक्शा में सवार दो लोगों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। अपने बचाव में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो पुलिस की गोली उनके पैरों में लगी। पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के पास से चोरी किए गए सोने के आभूषण बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए दोनों बदमाशों के पास से एक 315 बोर व एक बारह बोर का अवैध तमंचे भी बरामद हुए हैं। सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए शातिर बदमाशों के नाम साजिद उर्फ बटला निवासी तथा नाजिम उर्फ कुल्फी हैं। सीओ के मुताबिक पकडे गए दोनों शातिर किस्म के कुख्यात बदमाश हैं। आरोपी साजिद उर्फ बटला पुत्र मकसूद निवासी मौ0 सरायमीर थाना नगीना के खिलाफ 17 मुकदमें तथा नाजिम उर्फ कुल्फी पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी मौ0 लुहारी सराय थाना नगीना के खिलाफ 18 मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सचिन मलिक मय स्वाट, उपनिरीक्षक सुनील कुमार प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम, नगीना थाना प्रभारी अवनीत मान, उ0नि0 सुक्रमपाल राणा, सरवेज खां, सुभाष, हे0कां0 बिजेन्द्र, वरुण, राजेश, अंकित सोलानिया, प्रदीप कुमार, सचिन कुमार थाना नगीना शामिल रहे।

## डीएम ने मतदेय स्थलों के सम्भाजन और समायोजन के लिए राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

ललितपुर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के पश्चात सम्भाजन, समायोजन पर विचार विमर्श व सुझाव आमंत्रण हेतु जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर दोनों विधानसभाओं के रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से संक्षिप्त परिचय लिया गया और आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर मतदेय स्थलों के सम्भाजन आलेख्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया। बताया गया कि आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु निम्न तिथियां निर्धारित की गई हैं, जिसके अंतर्गत 06 से 07 नवम्बर तक मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार किये जायेंगे, 10 नवम्बर को आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन होगा और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह सूची उपलब्ध करा दी जाएगी। 18 नवम्बर को वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के पश्चात शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अन्तिम रुप दिया जाएगा। 20 नवम्बर को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी संलग्नकों सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को आयोग के अनुमोदनार्थ भेजने हेतु उपलब्ध कराया जाएगा तथा 24 नवम्बर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा सम्भाजन सम्बंधी प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जाएगा।

- उप जिलाधिकारियों को सुझाव व आपत्तियों का भौतिक सत्यापन के आधार पर निस्तारण कराने के दिये निर्देश
- सभी राजनैतिक दल बीएलओ के साथ अपन-अपने बीएलए सभी बूथों पर तैनात करें

जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से उन्हें उपलब्ध कराये गए आलेख्य के सम्बन्ध में सुझाव आमंत्रित किये और किसी भी त्रुटि को निराकरण हेतु अवगत कराने की अपेक्षा की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी, नि०रजि०अधि०, 226-ललितपुर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी, स०नि०रजि०अधि०, 227-महरौनी रजनीश वाजपेयी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुॅवर सिंह यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह एवं राजनैतिक दलों से जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी हर दयाल सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष बहुजल समाज पार्टी अमन संतोष, जिला महासचिव इण्डियन नेशनल कॉग्रेस अजय तोमर, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी नेपाल सिंह यादव, जिला महासचिव अपना दल (सोने लाल) सोहन लाल निरंजन उपस्थित रहे।

### राज्य महिला आयोग की सदस्या ने की जनसुनवाई

ललितपुर। गुरुवार को राज्य महिला आयोग की सदस्या अर्चना पटेल ने विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के लिए महिला जनसुनवाई कर अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने जनसुनवाई करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला जनसुनवाई का आयोजन इसीलिए किया जाता है कि पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय मिले और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी हो सके। साथ ही सरकार की अनेकों योजनाओं का लाभ देकर महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके।

कुछ महिलाएं जानकारी के अभाव में यहां वहां न्याय के लिए भटकती हैं, लेकिन महिला जनसुनवाई में आकर उन्हें अपनी समस्या का निस्तारण मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनका निस्तारण अगली जनसुनवाई तक हो जाना चाहिए, यदि शिकायतें लम्बित रहती हैं तो सम्बंधित अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार होंगे। कुल 21 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 04 बाल सेवा योजना, 01 स्पोन्सरशिप योजना, 03 राशन कार्ड, 01 एलपीजी, 01 घरेलू हिंसा, 01 अवैध कब्जा, 01 आवास, 01 सड़क व नाली बनवाने व 08 अन्य शिकायती पत्र आये हैं, जिनमें से 07 मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया और शेष शिकायतों को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गए हैं। इस दौरान पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई, जिसमें कुल 65 मामले आये थे, जिनमें से 39 का निस्तारण हो चुका है, शेष मामले जमीनी विवाद वाले हैं, जिनका निस्तारण भी जल्द होगा। जनसुनवाई के बाद सदस्य ने ग्राम बिरारी के पंचायत भवन में जनचैपाल कर ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, असहाय व जरुरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सीएमओ डा0 इम्तियाज अहमद, एसडीएम न्यायिक, डीएसओ, प्रोबेशन अधिकारी, डीपीओ, डीआईओ, ईओ नगर पालिका, समाज कल्याण अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम आयोजित



**ललितपुर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग ललितपुर के तत्वावधान में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम-सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान मेला का उद्घाटन रामरतन कुशवाहा, सदर विधायक ललितपुर, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ द्वारा किया गया। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, ललितपुर के हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में, जनपद के स्थानीय कलाकरों के साथ विद्यालयों, महाविद्यालयों शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्थाओं के उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेटिंग, लोकनृत्य (समूह), लोकगीत (समूह), कविता लेखन, इनोवेशन (साइंस मेला प्रदर्शनी) मे प्रतिभावान बालक-बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है। युवा उत्सव कार्यक्रम में सांइस मेला में प्रथम रितिक एण्ड पार्टी, द्वितीय रामेश्वर एण्ड पार्टी लोकनृत्य मे प्रथम रौनक सेन, द्वितीय मुस्कान, लोकगीत में प्रथम दिया चन्देल, द्वितीय कल्पना, पेटिंग प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम, द्वितीय चुनमुनय कहानी प्रतियोगिता में प्रथम अंश, द्वितीय राधिका, कविता लेखन में सूयार्शी द्वितीय चांदनी राजा, भाषण में प्रथम मोनिका चैरसिया, द्वितीय कृष्ण प्रताप सिंह ने स्थान प्राप्त किया।

## दूसरी शादी कर पहुंची महिला को ससुरालियों ने जलाकर घर से निकाला

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम अडवाहा व हाल निवासी जखौरा के ग्राम प्रतापपुरा निवासी उर्मिला सहरिया पत्नी प्रसन्न अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है।

बताया कि करीब 17 वर्ष पहले उसकी शादी महानगर झांसी के थाना रक्सा अंतर्गत ग्राम पाली निवासी अजब सिंह से हुयी थी, जिससे उसे एक पुत्र हुआ। इसके बाद अजब सिंह ने 13 वर्ष पहले उसका परित्याग कर अन्य लड़की के साथ भाग गया था, तब उसे जानकारी नहीं थी। काफी वर्षों तक एकांकी व निरस जीवन जीने के बाद उसके परिचित व्यक्ति ग्राम दैलवारा के सिद्धपुरा निवासी प्रसन्न पुत्र भागीरथ अहिरवार ने चार वर्ष पहले उससे मंदिर में शादी कर ली थी। शादी के बाद प्रसन्न व ससुरालियों में ससुर भागीरथ, सास गुडडी, जेठ महेश, इमरत, जेठानी रामवती, बंटी, रीना ने उससे दहेज में एक मोटर साइकिल व आवासीय प्लाट की मांग की, जिससे मना करने पर उक्त लोगों ने उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। बताया कि प्रसन्न से उसे एक और पुत्र हुआ। बच्चा होने के बाद भी ससुरालियों ने उसे प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा और बच्चा होने के चार माह बाद ससुरालियों ने उसे जला दिया, जिसमें उसने अपनी जान बचायी और उसके माता-पिता ने उसका उपचार कराया। महिला ने बताया कि उसके ससुरालियों ने उसे घर से भी निकाल दिया। अब पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115 (2), 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जमीन की रंजिश में चाचा की हत्या

**बिजनौर।** जमीन के विवाद में एक भतीजे ने अपने चाचा पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में इलाज के लिए चाचा को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर के ग्राम भरेरा में गुरुवार सुबह नरेश सिंह (65 वर्ष) पुत्र प्रवीण सिंह अपने खेत पर गए थे। इसी दौरान खेत पर पहुंचकर उनके भतीजे नरेंद्र (45 वर्ष) पुत्र गिरीश कुमार ने उन पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना में नरेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने घायल नरेश सिंह को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान नरेश की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नरेश सिंह और उनके भतीजे विनीत के बीच पिछले काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी पुरानी रंजिश के चलते भतीजे ने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी। घटना के संबन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ0 कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर लड़ाई-झगड़ा हुआ था। हमले में भतीजे नरेन्द्र ने अपने चाचा नरेश पर धारदार हथियार से हमला किया। इलाज के दौरान नरेश की अस्पताल में मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक नरेश सिंह के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। उनका बेटा दिल्ली में सीआईएसएफ में दरोगा है जबकि बेटी की शादी हो चुकी है।

## मतदाता सूची पारदर्शी बनाना लोकतंत्र की बुनियादः विधायक




**बांदा।** मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भाजपा की बैठक हुई। मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि मतदाता सूची को स्वच्छ और पारदर्शी बनाना लोकतंत्र की बुनियाद है। अभियान का उद्देश्य है कि देश के वास्तविक नागरिकों को मतदान का अधिकार मिले। उन्होने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर निर्णय लिया गया कि 258 नवंबर तक सभी विधानसभाओं में पदयात्रा निकाली जाएगी ताकि पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होने कहा कि बांदा विधानसभा की विशाल यात्रा 19 नवंबर को खुरहण्ड से निकाली जाएगी जिसमें लगभग 10 हजार लोग शामिल होंगे। इसके बाद विशाल जनसभा होगी। इसमें प्रदेश के नेताओं का मार्गदर्शन होगा। कहा कि किसी तरह मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता सक्रियता के साथ मतदाताओं का पंजीकरण और सूची में सुधार कार्य करेंगे जिससे लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो सके। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि पार्टी पटेल की 150वीं जयंती पर अनेक कार्यक्रम चला रही है। जिसके तहत मतदाता पुनरीक्षण अभियान, एमएलसी चुनाव पदयात्रा के अभियान चलाए जा रहे हैं। भाजपा संगठन बूथ से लेकर मंडल और जिले तक एकजुटता से कार्य कर रही है। बैठक में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, अभियान के जिला संयोजक उत्तम सक्सेना, जिला मंत्री पंकज रैकवार, कार्यालय मंत्री दिलीप तिवारी, मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## श्री गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव के मौके पर गुरुद्वारा में कीर्तन का आयोजन



**नगीना, बिजनौर।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत सभा में कथा विचार कीर्तन एवं लंगर का आयोजन हुआ। इस अवसर गुरु घर को फूलों से विशेष रूप से सजाया गया। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष मेंएसडीएम कोर्ट नगीना के निकट बीती 03 नवम्बर को आरंभ हुए श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ की संपूर्णता सुबह 10 बजे गुरुद्वारा दीवान हाल में हुई। इसके बाद कीर्तन दरबार का आयोजन दीवान हाल में किया गय, जिसमें बाबा कृष्ण सिंह, भाई रामधन सिंह ने अपने रूहानी कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया। भाई अमीर सिंह और भाई हरदयाल सिंह सोढ़ी ने गुरु नानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। भाई तारा सिंह ने श्री गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और सभी संगतों से गुरु नानक देव जी द्वारा दिखाए रास्ते पर चलने का अनुरोध किया। दोपहर लगभग 1:30 बजे सरबत दे भले की अरदास के बाद लंगर का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने लंगर को छका। अरदास के बाद गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा तथा लंगर की सेवा से जुड़े लोगों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा संत सभा नगीना सरदार केवल पाल सिंह, गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, भाई तारा सिंह, भाई रामधन सिंह, हरमीत मल्होत्रा, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, शिवा मिगलानी, हरविंदर कौर, बक्शीस सिंह, बाबू चंद्रपाल सिंह, कुशदीप सिंह, रोहित, जगदीप ठकराल, महेंद्र सिंह, परमिंदर कौर, दीपक मल्होत्रा, चारु मल्होत्रा, अनमोल, ऋषभ, पूजा, अजीत कौर, रमिंदर कौर, अवनीत कौर, प्रीत टंडन, मनमीत कौर, पूर्व विधायक सतीश गौतम सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी नगीना द्वारा गुरुद्वारे आए सभी परिवारों का बहुत-बहुत धन्यवाद किया गया और सभी संगतों से आगे भी इसी तरह के सहयोग की अपील की।

## हेल्थ समीक्षा, गैर हाजिर डॉक्टरों का वेतन रोकने के निर्देश



**बांदा।** कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने हेल्थ डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए महुआ एवं जसपुरा में धीमी प्रगति पर प्रभारी चिकित्साधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों का वेतन भी रोके जाने के निर्देश दिए। परिवार नियोजन के तहत महिला व पुरूष नसबंदी कार्य में कमासिन में वृद्धि के निर्देश और चिकित्सकों को नियमित अस्पतालों में मौजूद रहने, वीएचएनडी दिवस को प्रभावी रूप से संचालित कराए जाने के साथ गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच कराए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कवच पोर्टल में नरैनी एवं महुआ ब्लाकों के कार्य में कमी पर सुधार के निर्देश दिए। उन्होने आरबीएस टीमों के चिन्हित किए गये कमजोर बच्चों को एनआरसी केन्द्र में भर्ती कराने, प्रभारी चिकित्साधिकारियों को बच्चों के नियमित टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ ही बच्चों के टीकाकरण के तहत तिंदवारी व बांदा अर्बन में सुधार के निर्देश दिए। क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार पोटली वितरण कराने, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, नरैनी व महुआ में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की समीक्षा में महुआ ब्लाक में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, सीएमओ विजेन्द्र कुमार, चिकित्सा अधीक्षक महिला सुनीता सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व डॉक्टर तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रंप के दावे कितने सच

हालांकि डोनॉल्ड ट्रंप की बातों पर यकीन करना या उसमें किसी तरह की गंभीरता देखना विवेकपूर्ण नहीं कहा जा सकता है, लेकिन जब दुनिया के सबसे ताकतवर देश का राष्ट्रपति कुछ कहे, तो उसकी अनदेखी करना भी ठीक नहीं। इसलिए अगर ट्रंप ने यह बात कही है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण करता रहता है, तो इस पर सतर्क रहने की जरूरत है। पाक ने तीसरी बार परमाणु परीक्षण किया है अथवा परीक्षण किया जा रहा है या ऐसी कोई रणनीति है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐसा खुलासा कर दुनिया में सनसनी फैला दी है। उन्होंने कहा है कि रूस, चीन, उत्तरी कोरिया और पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। सिर्फ अमरीका ने ऐसा नहीं किया है। अमरीका ने 1992 में अंतिम परमाणु परीक्षण किया था, जब 1990 में रूस ने परीक्षण कर विश्व को चौंका दिया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने अब यह भी कहा है कि अमरीका हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकता, लिहाजा बहुत संभावनाएं हैं कि तीन दशकों के बाद अमरीका फिर परमाणु परीक्षण करे। वैसे ट्रंप के बयान भरोसे लायक नहीं हैं, क्योंकि वह अनर्गल प्रलाप करते ही रहते हैं। लेकिन परमाणु परीक्षण के संदर्भ में अमरीकी राष्ट्रपति व्यर्थ बयान नहीं दे



सकते, ऐसा हमारा मानना है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तान को रूस, चीन, उत्तरी कोरिया की जमात में रख कर खुलासा किया है। ये सभी देश परमाणु परीक्षण करने में जुटे हैं। मसलन-रूस ने 'खाबरोवस्क' परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की है, जो परमाणु रिएक्टर से चलेगी। यह पानी में 500 मीटर भीतर तक कारगर है और बहुत विनाशकारी हथियार है। रूस ने हाल ही में 14,000 किमी तक प्रहार करने वाली मिसाइल का भी परीक्षण किया है, जिसे लेकर अमरीका समेत शेष विश्व भयभीत हैं। उसके वारहेड भी परमाणुमय हैं। चीन का बयान भी सामने आया है कि वह पहले परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं करेगा। हमारे हथियार आत्मरक्षा के लिए हैं। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी पर्दाफाश किया है कि ऐसे परीक्षण जमीन के गहरे भीतर किए जाते हैं। उनसे जो कंपन होता है, उसे भूकम्प करार दिया जाता है। बीते रविवार को अफगानिस्तान में भी कथित भूकम्प के, 6.3 की तीव्रता के, झटके महसूस किए गए, जिनमें 20 लोगों की मौत हो गई। ऐसे झटके भारत के किसी भी हिस्से में महसूस नहीं किए गए, जबकि पाकिस्तान उससे सटा हुआ पड़ोसी देश है। यह एक गंभीर सवाल हो सकता है। सवाल यह भी मौजू है कि जिस देश पर 103.38 लाख करोड़ ये का कर्ज है, जिस देश की जीडीपी के 70 फीसदी हिस्से के बराबर कर्ज है, जिसके प्रत्येक नागरिक पर 1230.5 डॉलर की उधारी है और 40 फीसदी से अधिक आबादी गरीबी-रेखा के नीचे है, क्या ऐसा देश परमाणु परीक्षण की सोच सकता है? अथवा परीक्षण कर सकता है? राष्ट्रपति ट्रंप के खुलासे के बाद पाकिस्तान की सिट्टी-पिट्टी गुम है। खुफिया एजेंसी आईएसआई और सेना की तरफ से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं है। ज्यादातर मंत्रियों और फौजी अफसरों तक को कोई जानकारी नहीं है। पाकिस्तान राष्ट्रपति ट्रंप के बयान का खंडन नहीं कर सकता, क्योंकि आका नाराज हो जाएंगे और उधारी का रास्ता बंद हो जाएगा। यदि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण की आधिकारिक पुष्टि करता है, तो अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा प्राधिकरण (आईएईए) सख्त कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तान पर अमरीका भी आर्थिक पाबंदियां थोप सकता है। सवाल यह भी है कि क्या परमाणु परीक्षण चोरी-छिपे किए जा सकते हैं? भारत ने मई, 1998 में पोखरण में दो बार में पांच परमाणु परीक्षण किए थे। बदले में पाकिस्तान ने भी परमाणु परीक्षण किए। लेकिन उसके बाद से न भारत ने कोई परीक्षण किया है और न ही पाकिस्तान ने कभी खुले तौर पर किया। ऐसे में अगर पाकिस्तान चोरी छिपे परमाणु परीक्षण करता है, तो भारत के लिए भी जरूरी होगा कि वह भी अपने परमाणु शस्त्रागार को और मजबूत करे।

# प्रगति की दृष्टि से तीन छोटे राज्यों का सफर



संजय श्रीवास्तव

वर्तमान भारत के तीन राज्य, उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़, अपनी स्थापना की रजत जयंती मना रहे हैं। देश में समय समय पर नये राज्यों की मांग, इस तर्क के साथ उठती रहती है कि छोटे राज्य बेहतर प्रशासन वाले और अधिक सफल राज्य बनेंगे, लेकिन क्या इन तीनों राज्यों के 25 सालों के अनुभव से यह बात सच साबित होती है?

पच्चीस बरस पहले नवंबर के ही महीने में देश के राजनीतिक नक्शे पर तीन राज्य उभरे थे- उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़। उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश से जन्में ये राज्य लंबे जनांदोलन, भारी मांग के बाद सुविचारित राजनीतिक-रणनीति के तहत अस्तित्व में आये। छत्तीसगढ़ में प्रचुर प्राकृतिक संपदाओं का फायदा स्थानीय लोगों को नहीं मिलता था। झारखंड की खनिज संपदा का लाभ बिहार के दीगर हिस्सों में चला जाता था। उत्तराखंड का शासन 600 किमी दूर लखनऊ से चलता था। तीनों राज्यों के निर्माण के पीछे समान भावना थी- विशालकाय राज्यों में क्षेत्रीय असंतुलन, राजधानी की दूरी, विकास की धीमी गति और स्थानीय संस्कृति एवं पहचान की उपेक्षा। इन राज्यों की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य स्थानीय जन आकांक्षाओं की पूर्ति के साथ प्रशासनिक सुगमता, संसाधनों का न्यायपूर्ण उपयोग और क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करना भी था। अब जब इन राज्यों के गठन को 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं, ऐसे में यह समय यह परखने का है कि क्या वे अपने निर्माण के उद्देश्यों को प्राप्त कर पाए हैं? इस रास्ते में किस रफ्तार से कितनी दूर चले हैं? मंजिल पाने के लिए कितना रास्ता तय करना अभी बाकी है? इस दौरान उनका सफर आसान रहा अथवा कंटकाकीर्ण? क्या इन राज्यों की जन्मजात मूल समस्याएं आज भी विद्यमान हैं? वे बढ़कर विकराल हुई हैं अथवा उनमें सुधार दिखा है? अपने मूल राज्यों के बरअक्स सामाजिक, आर्थिक विकास की उनकी गति क्या रही और 25 सालों बाद उनके मुकाबले विभिन्न क्षेत्रों में तुलनात्मक स्थिति क्या है? क्या बड़े राज्यों को बेहतर शासन प्रशासन के नाम पर हिस्सों में बांट देना उचित है अथवा राज्यों का टूटना जनता के लिए अहितकर? इन नए राज्यों से मिले अनुभव और आंकड़े क्या कहते हैं? यदि बड़े राज्यों से काटकर छोटे राज्य बनाए जाएं, तो इन छोटे राज्यों के अनुभव के आधार पर कौन सी सावधानियां बरतनी होंगी? उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ तथा झारखंड के 25 बरस के अनुभव हमें राज्य शासन, प्रशासन, विकास के बारे में प्रेरणा देते हैं या फिर बहुत से मामलों में सावधान करते हैं? बीते 25 बरसों के इन राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक नफा-नुकसान का आकलन किन मापदंडों पर करना उचित हो सकता है, जिससे इन रजत वर्ष वाले राज्यों को आगे की दिशा और अपने उद्देश्यपूर्ति में सफलता मिले? देश में बिजली उत्पादन में नौंवे स्थान पर पहुंचने वाले छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 2001 में तकरीबन 6 फीसदी और गरीबी 50 प्रतिशत थी। वहीं मध्य प्रदेश में बेरोजगारी दर तब 2 प्रतिशत से कुछ अधिक और गरीबी दर 48 प्रतिशत थी आज छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर आधी से ज्यादा घट गई है और गरीबी दर सुधरकर 18 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि मध्य प्रदेश में गरीबी दर 21 फीसदी के आसपास ठिठकी हुई है तथा बेरोजगारी दर डेढ़ गुना बढ़ गई। एसजी हेल्थ इंडेक्स में छत्तीसगढ़ भारत के 10 टॉप राज्यों में है, जबकि मध्य प्रदेश बॉटम के पांच राज्यों में। उत्तराखंड जब बना तो वहां 65 प्रतिशत घरों में बिजली थी, आज 99 प्रतिशत से अधिक घरों में बिजली है। सड़क संजाल 84 प्रतिशत तक विस्तारित हुआ। उत्तराखंड का बजट बीते 24 साल में 30 गुना तक बढ़ गया है। पर्यटन, मैन्यूफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र में यहां जबरदस्त सुधार हुआ है। आय का 14 फीसद हिस्सा पर्यटन से आता है। यहां जीवन प्रत्याशा 71 बरस तक पहुंच गई है, तो यूपी में अभी यह 67 साल नहीं छू पा रही। अविभाजित उत्तर प्रदेश में गरीबी दर 41 प्रतिशत थी, जो अब 23 जबकि उत्तराखंड में गरीबी दर 9 फीसद के करीब है। शुरूआत में उत्तराखंडियों की प्रतिव्यक्ति प्रतिवर्ष आय 15 हजार के करीब थी, आज यह बढ़कर दो लाख सत्ताईस हजार पर पहुंच गई है। जबकि उत्तर प्रदेश अभी एक लाख दस हजार का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। 15 नवंबर को बिहार के दक्षिणी जिलों को काटकर बनाए देश के 28वें राज्य झारखंड ने 25 बरसों में बहुत तरक्की की है, वह घरेलू पर्यटन में बिहार से आगे निकल गया है तथा खनन से वह देश में सबसे ज्यादा कमा रहा है। उसका पूंजीगत व्यय देश के औसत से डेढ़ गुना है। बजट 25 साल में 13 गुना बढ़ गया इसके अलावा झारखंड की इकोनॉमी ने तेजी से विकास किया है, जिससे उसने अपनी उधारी बाकियों के मुकाबले बेहतर तरीके से चुकायी है।

### तीन राज्य, 25 साल

निस्संदेह नवनिर्मित राज्यों ने ढाई दशकों में यह दिखाया कि वे बेरोजगारी पर अंकुश लगा सकते हैं, साक्षरता दर भी बढ़ा सकते हैं, आय के नए साधन, संसाधन, स्त्रोत तलाशकर अपनी आर्थिकी को बल दे सकते हैं। मगर इसके बावजूद ऐसा नहीं है कि बड़े राज्यों से अलग हुए छोटे राज्य बहुत सफल हैं। उत्तराखंड प्राकृतिक चुनौतियों से निबटना अभी नहीं सीख पाया है, मुख्यमंत्री के रिवर्स पलायन के दावे के बावजूद पलायन आज भी बड़ी समस्या है। पहाड़ी और तराई क्षेत्रों के बीच आय असमानता बड़ी चुनौती बनी हुई है। गांवों तक कनेक्टिविटी नहीं बन सकी है। छत्तीसगढ़ में आज भी 70 फीसद खेती वर्षा आधारित है और वह पर्यावरणीय खतरे की जद में है। गरीबी और विस्थापन गंभीर समस्या हैं। स्वास्थ्य और अवसंरचना विकास दूसरी चुनौतियां हैं। झारखंड में गरीबी और जनसंख्या वृद्धि दर बेकाबू है, भले ही यहां 94 प्रतिशत स्कूलों में बेसिक सुविधाएं हैं, जबकि बिहार में केवल 83 प्रतिशत में लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च यहां अब भी राष्ट्रीय औसत से कम है, सो इस क्षेत्र का विकास अवरुद्ध है। यहां एक लाख की आबादी पर सिर्फ एक बेहतर कॉलेज है। झारखंड मानव विकास सूचकांक में बिहार से थोड़ा ही ऊपर है, यहां 32 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता ने 25 वर्षों में 12 मुख्यमंत्री दिए जिसने विकास की निरंतरता तोड़ी। इस तरह इन राज्यों का सफर यह दर्शाता है कि छोटे राज्य संभावना तो बन सकते हैं, पर समाधान नहीं।

उत्तराखंड ने पर्यटन और सेवा क्षेत्र से आत्मनिर्भरता का रास्ता दिखाया, झारखंड ने संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद सुशासन की कमी से चेताया और छत्तीसगढ़ ने यह सिखाया कि सुरक्षा और विकास का संतुलन अनिवार्य है। तीनों राज्यों की स्थापना का उद्देश्य स्थानीय लोगों को सशक्त शासन देना था, किंतु प्रशासनिक ढांचे में सुधार सीमित रहा। इन राज्यों के अनुभव हमें यह प्रेरणा देते हैं कि विकास केवल जीडीपी का आंकड़ा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय संतुलन और राजनीतिक स्थिरता का समावेशी परिणाम है। राज्य निर्माण का अर्थ केवल राजनीतिक सीमाएं बदलना नहीं, बल्कि शासन की मानसिकता बदलना है। राजनीतिक स्थिरता और पारदर्शी संस्थागत ढांचे के जरिए प्रशासनिक दक्षता, जनता की भागीदारी और संसाधनों का समान वितरण ही किसी राज्य की असली सफलता तय करते हैं। असल में राज्य बनाना आसान है, उसे सफल बनाना कठिन। तीन राज्यों के अनुभव बताते हैं कि छोटे राज्य बनाना अपने आपमें समाधान नहीं है। इससे प्रशासनिक फुर्ती बढ़ सकती है, परंतु यदि सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही न हो तो समस्याएं यथावत रहती हैं। यदि भविष्य में और नए राज्य बनाने की मांग उठे, तो नए राज्य का प्रशासनिक ढांचा निर्माण और राजधानी की योजना पहले से तैयार हो। स्थानीय संसाधनों का समान वितरण और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने से पहले उसके वित्तीय स्वावलंबन का आंकलन अवश्य कर लिया जाए।




## सोशल मीडिया

विरासत, विकास और राष्ट्रवाद की वंदनीय धरा बिहार आना मेरे लिए तीर्थाटन के समान है, विकसित बिहार, आत्म निर्भर बिहार के लिए हर बिहारासी एनडीए के साथ है। सीएम योगी.



सुपौल में इस अभूत-पूर्व जनसमर्थन ने मेरे हौसले को 14 करोड़ गुना बढ़ा दिया है, बिहार में अब हर दिल से एक ही आवाज उठ रही है। बदलाव, बदलाव, बदलाव। तेजस्वी यादव.



हर चुनाव में भाजपा की बी टीम काम करती है, बिहार में तो सी टीम भी काम कर रही है, और पी टीम भी, मुखबिर का साथी खुफिया, पर डूबेगी दोनों की लुटिया अबकी बार। अखिलेश यादव.



# शांति और विकास पथ पर अग्रसर जम्मू-कश्मीर



सामयिक

जम्मू कश्मीर प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। पहलगाम आतंकी हमला जरूर भारत की संप्रभुता के सामने बड़ी चुनौती थी जिसका जवाब भी देश ने दिया। लेकिन इस बड़ी और पाक प्रायोजित आतंकी घटना की बात छोड़ दी जाये, तो कश्मीर धीरे-धीरे मुख्यधारा में लौट रही है। धारा 370 को हटाने के फैसले को अदालत पहले ही सही ठहरा चुकी है। वैसे कश्मीरी जनता पहले ही इस बदलाव को स्वीकार कर भारत के साथ अपने भविष्य के सपने बुनने लगी है। एक जमाने में मोदी सरकार की जबरदस्त आलोचक रहीं शिक्षाविद और जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय दिल्ली में छात्र संघ की पूर्व उपाध्यक्ष शेहला रशीद अब मोदी सरकार की तारीफ कर रही हैं। शेहला ने केंद्र की नीतियों को सही ठहराते हुए कश्मीर में मौजूदा शांति के लिए प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की तारीफ की है। एक जमाने में मोदी सरकार और भारतीय सेना पर गंभीर आरोप लगाने वाली शेहला रशीद ने कहा है कि कश्मीर में मानवाधिकार रिकॉर्ड लगातार बेहतर हो रहे हैं और पहले कश्मीरियों की पहचान का जो संकट था, अब वह नहीं रहा। शेहला ने राजनीतिक संदर्भ में ही नहीं बल्कि इसके इतर हटकर केंद्र सरकार की ऊर्जा नीति की भी तारीफ की है।

मौजूदा केंद्र सरकार द्वारा जब साल 2019 में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया था, तो जिन कई लोगों ने इस कदम का भारी विरोध किया था, उनमें शेहला रशीद भी शामिल थीं। शेहला ने जम्मू कश्मीर के आईएएस शाह फैसल के साथ मिलकर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के इस फैसले के विरूद्ध याचिका भी दायर की थी, लेकिन इसी साल जुलाई माह में शाह फैसल और एक्टिविस्ट शेहला रशीद ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली थी। लेकिन तब वह इस कदर लाइम लाइट में नहीं आयी थीं, जिस तरह से पिछले दिनों कश्मीर की गाजा से तुलना करने के बाद, वह देश विदेश की मीडिया की सुर्खियों में आ गई हैं। पिछले दिनों समाचार एजेंसी एएनआई को इंटरव्यू देते हुए शेहला रशीद ने जहां एक तरफ गाजा की स्थिति के लिए चिंता जतायी, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने इसकी तुलना मौजूदा जम्मू कश्मीर से की। उन्होंने अपने इंटरव्यू में साफ शब्दों में कहा, कश्मीर गाजा नहीं है, यह बात स्पष्ट हो गई है। क्योंकि कश्मीर सिर्फ विरोध प्रदर्शनों में शामिल था, यहां जो कुछ हुआ वह उग्रवाद और घुसपैठ की छुटपुट घटनाएं थी, जो अब खत्म हो चुकी हैं। मैं इसका श्रेय प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को देना चाहूंगी। जिन्होंने कश्मीर में एक ऐसी राजनीतिक स्थिति सुनिश्चित की है, जिसे रक्तहीन क्रांति कहनी चाहिए। मालूम हो कि एक समय शेहला रशीद केंद्र सरकार की नीतियों की धुर विरोधी थीं और उनकी सहानुभूति यहां के आंदोलनकारियों विशेषकर पत्थरबाजों के साथ थी, लेकिन जब इस संबंध में उनसे मौजूदा इंटरव्यू के दौरान सवाल पूछा गया तो इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने बिना किसी ना नुकुर के साफ शब्दों में कहा, हां, साल 2010 तक ऐसा था। लेकिन आज जब मैं बदली हुई स्थितियों को देखती हूं तो मैं इन स्थितियों के लिए मौजूदा केंद्र सरकार को धन्यवाद देती हूं।

यह इस मायने में एक महत्वपूर्ण बात है कि पिछले कुछ सालों में जम्मू कश्मीर का एक बड़ा वर्ग, जिसमें विशेष तौर पर युवा शामिल हैं, वह पारंपरिक अलगाववाद के विरोधी हैं और जम्मू कश्मीर को भी देश के अन्य हिस्सों की तरह मुख्यधारा में शामिल होते हुए देखना चाहते हैं। साथ ही चाहते हैं कि उनका भविष्य भी देश के मुंबई, बंग्लुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे महानगरों में देश के दूसरे युवाओं की तरह चमकदार उम्मीदों वाला हो। जब से कश्मीर से धारा 370 हटायी गई है, शुरू में तो इसका बहुत बड़े स्तर पर विरोध हुआ था, लेकिन हर गुजरते दिन के साथ यह विरोध भी कमजोर हुआ है और अगर यहां शांति के वातावरण को तुलनात्मक ढंग से देखें तो वह 2019 के पहले के मुकाबले आज लगातार बेहतर हो रहा है। हो सकता है इसमें एक बड़ी कोशिश मशीनी रही हो, लेकिन उस मशीनी कोशिश ने जो वातावरण पैदा किया है, वह अब लगातार जमीनी वातावरण में तब्दील हो रहा है। हालांकि आतंकवादी नहीं चाहते कि लोगों के दिलोदिमाग में यह बात घर करे कि कश्मीर में अब शांति और सहजता का वातावरण बन रहा है, इसलिए बीच बीच में वो ऐसी हरकतें जरूर कर देते हैं कि लगे जैसे आतंकवाद पर नियंत्रण के सारे दावे हवाहवाई हैं। – आशीष सिंह.

# कर्तव्य पथ की चुनौतियां

विषय भोग की लिप्साएं मनुष्य को आकर्षित करती हैं। उनको कर्तव्य पथ से विमुख कर अपने में समाहित कर लेती हैं। मनुष्य जब विषय भोग में फंस जाता है तो फिर उसका निकलना बहुत मुश्किल होता है। विषयों में फंसकर मनुष्य अपने जीवन का उद्देश्य भूल जाता है या उससे भटक जाता है। यही कारण है कि ऋषि मुनियों ने मनुष्य को जीवन पथ पर दृढ़ता से अडिग रहते हुए मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। संसार के अधिकांश दुखों का कारण सांसारिक विषयों की कामनाएं और भोग लिप्सा ही होती है। इससे पीड़ित व्यक्ति के लिए वास्तव में यह संसार दुख कानन है। दुख से घिरे हुए व्यक्ति के अंदर केवल एक ही विचार कार्य करता है कि वह निरीह और घृणास्पद है। अन्य व्यक्ति न उसके प्रति आकृष्ट होते हैं और न हार्दिक संवेदना ही प्रकट करते हैं। और तो और उसका स्वयं अपने ही ऊपर से विश्वास हट जाता है। बात यही है कि दूसरों से न उसे सहसयता मिलती है न सांत्वना। पर उसके मन से यह बात अलग नहीं होती कि शायद किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसे दुख से छुट्टी मिल जाये। दुख के अवसर पर मन से किसी प्रकर की सहायता नहीं मिलती। क्योंकि उसकी अनर्गल इच्छाएं ही दुख उत्पन्न करती हैं। इच्छाओं से उत्पन्न सुख का तो वह आलिंगन करता है पर दुख के उपस्थित होने पर उसका कुछ सुने बिना ही वह उसे भगा देना चाहता है। परिस्थितियों के अनुकूल होने पर यदा-कदा उसे अपनी चाल में सफलता मिल जाती है ओर बुद्धि निस्सहाय होकर सुषुप्ति अवस्था में चली जाती है। दुख के विषय पर गंभीर विचार करने में असमर्थ हो जाती है। मन के चक्र में फंसा हुआ प्राणी इस प्रकार अधिक काल तक दुख भोगता रहता है। एक के बाद दूसरा इस प्रकार कितने ही जीवन ऐसे ही नष्ट हो जाते हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दुख की घड़ी उपस्थिति होने पर उस पर विचार करते हैं और सत्संग का आश्रय लेते हैं लेकिन अधूरे विचार और बाहरी सत्संग से उन्हें लाभ नहीं होताा। क्योंकि उसमें भी दुख भोगने के अतिरिक्त उनका कोई दूसरा अभिप्रायः नहीं होता। दुख पर विचार नहीं रहता। उनका मन सदा इधर-उधर भटकता रहता है और दूसरों की बातों में दुख से छुटकारा पाने के लिए समाधान खोजता है, जो उसे कभी नहीं मिलता है। कारण वह अपने इन्द्रिय सुखों को छोड़ना नहीं चाहता। दुख के अवसर जीवन में बार-बार आते हैं और जब-जब आते हैं, तब तब मनुष्य को गहरी चोट पहुंचाते हैं। मनुष्य उससे तिलमिला उठता है, रोता और चिल्लाता है। पश्चाताप करता है और उसके मन में भोगों से मुंह मोड़ने की भी इच्छा होती है, लेकिन पुरानी आदत अवसर आने पर उसे भोग भोगने के प्रति पुनः प्रवृत्त कर देती है।

अंतर्दृष्टि

# चोर आयें, नियम पूर्वक करें चोरी!

व्यंग्यलोक

उत्तम नगर मोहल्ला विकास संसद सदस्यों ने जिला कलेक्टर को विज्ञापन प्रस्तुत कर मोहल्ले में चली आ रही विभिन्न समस्याओं की ओर आक्रोश प्रकट किया। संसद के शिष्टमंडल ने कहा कि मोहल्ले में पिछले 6 माह से लगातार चोरियां नहीं होने से मोहल्ले की पूरे शहर, जिले एवं राज्य में भारी बदनामी हुई है। इधर चोरों के नहीं आने से समाज और जिले में ये संदेश गया है कि उत्तम नगर मोहल्ला वासी भिखमंगे, गरीब व भुक्कड़ टाइप के जंतु हैं। कलेक्टर साहब से अनुरोध है कि वे शीघ्र ही चोरों की व्यवस्था कराएं ताकि चोर आएं और नियम पूर्वक नियमित रूप से चोरी करें। जिससे मोहल्ले का देश-दुनिया में नाम हो। चोरों के नहीं आने से मोहल्ले के बच्चों के सगाई-संबंध भी नहीं हो रहे हैं। इससे मोहल्ले का सामाजिक ढांचा भरभरा कर गिर गया है। साथ ही शिष्टमंडल ने मोहल्ले की चिकनी-चुपड़ी और सीधी-सपाट सड़कों के बारे में भी शिकायत की है। चिकनी-चुपड़ी सड़कों से मोहल्ले के लोगों को बहुत भारी परेशानी होने लगी है। मांग की कि सड़कों में शीघ्र ही जगह-जगह गहरे-गहरे गड्ढे बनवाए जाएं। अगर सड़क में गड्ढे होंगे तो चोर इन गड्ढों में छुपकर अपने कर्म को बेहतर ढंग से संपादित कर पाएंगे। साथ ही शिकायत की कि मोहल्ले में खंभों पर चकाचक सोडियम लाइटें भी लगी हुई हैं। इससे मोहल्ले में रात्रि में भी दिन का आभास होता है। इस वजह से चोर भाई भी अपने चोर्य कर्म को संपादित नहीं कर पा रहे हैं। इन चकाचक लाइटों की वजह से मोहल्ले के युवाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। पहले बहुत अच्छा होता था जब मोहल्ले में घनघोर अंधेरा हुआ करता। सड़कों पर बेहतरीन गड्ढे हुआ करते। इस घनघोर अंधेरों में मोहल्ले के युवा, अधेड़ एवं बुजुर्ग वर्ग अपने प्रेम प्रदर्शन का अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम यहीं संपन्न किया करते। मौके-बेमौके सड़कों में बने गड्ढों में छुप कर प्रेम प्रबंधन कार्य को और आगे बढ़ाते। इन सुविधाओं के अभाव में बेचारों को अब डिजिटली प्रेम करना पड़ रहा है। इन्हीं गड्ढों में छुप कर चोर महाशय अपना कार्यक्रम भी संपादित करते। बरसात के दिनों में गड्ढों में मोहल्ले वासी अपनी नावें भी चलाया करते। सरकार ने बदबूदार बजबजाती नालियों की सुविधा भी हमसे छीन ली है। चोरों संग कुत्ते और शराबी भाई इन नालियों के सहारे पूरी रात काट लिया करते थे। सरकार ने ये सारी सुविधाएं छीन ली है। उत्तम नगर के साथ सौतेला व्यवहार करने पर नागरिकों ने आज ही सारी व्यवस्थाएं करने के लिए कलेक्ट्रेट के बाहर धरना शुरू कर दिया। मौके पर कलेक्टर साहब ने जिले के पुलिस अधिकारियों को बुलाकर उत्तम चोरों की व्यवस्था करने का भरोसा दिया। साथ ही नरक निगम के अधिकारियों को बुलाकर सड़कों में गड्ढे करवाने का निर्देश दिया।



राम विलास जॉगिड़

## विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

## आपकी बात

### अपराध के बढ़ते आंकड़े

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### योजनाओं में भ्रष्टाचार

प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुत सी खामियां सामने आयेंगी। अस्पताल अनेक गड़बड़ियां करेंगे। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान लेने की घटनाएं सामने आयेंगी, जैसा कि सरकारी कामों में होता है। बहुत से पात्र योजना में छूट जायेंगे और अपात्र लाभान्वित होंगे। इन तमाम तथ्यों के बावजूद भी सरकार कोई सत्यापन करने के बजाय यों ही योजना लागू कर देती है।

**प्रमोद कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## किसी के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्ची समाजसेवा

**अयोध्य** । जनपद की सामाजिक संस्था उम्मीद एक आस के सहयोग एवं दीपक जायसवाल की तरफ से मिनी गुड्स कैरियर ओनर्स एसोसियन के अध्यक्ष स्व प्रभु नाथ जायसवाल जी के पुण्य तिथि के अवसर पर वृद्धा आश्रम मणिपर्वत विद्याकुंड अयोध्या पर बुजुर्गों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है जिसमें संस्था के सभी पदाधिकारी सुमित श्रीवास्तव अवधेश पांडेय सौरभ शर्मा जितेंद्र तिवारी वीरेंद्र पटेल अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव अभिषेक सागर पार्षद अनूप श्रीवास्तव जे पी रावत समाजसेवी अमरेश मिश्रा शुभम श्रीवास्तव आदि जनों ने सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया। संस्था के संरक्षक सोम प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था की तरफ से हमेशा जन्मदिन एवं विभिन्न उत्सवों पर सबका ध्यान रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं , माताओं को अपनों की कमी ना खले इसके लिए छोटा सा प्रयास है। संस्था के अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था हमेशा से शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्रों मे निरंतर कार्यरत है एवं सेवा ही धर्म का पालन करने की भावना के साथ कार्य कर रही है।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पर अयोध्या में होगा सामूहिक गायन



**अयोध्या** । राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के लिखे जाने के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अयोध्या महानगर में भी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता विभिन्न स्थानों पर एक साथ वंदे मातरम् का गायन करेंगे। यह जानकारी नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सर्किट हाउस सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी ।उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम का विजय मंत्र था, जिसकी गूंज ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। इस अवसर पर अयोध्या महानगर में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महानगर में नगर निगम तिलक हॉल में प्रात दस बजे से सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन होगा। विधायक ने बताया कि पार्टी संगठन सामाजिक और राष्ट्रवादी कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि 15 से 17 नवंबर तक ह्वविधायक खेल प्रतियोगिताह्व आयोजित की जाएगी, जिसमें कबड्डी, वालीबॉल, खो-खो और कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन होगा। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना और राष्ट्रभक्ति का संचार करना है। नगर विधायक ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूट न जाए ।इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के पखवारे में 8 किलोमीटर लंबी ह्वराष्ट्रीय एकता दौड़ह्व का आयोजन किया जाएगा, जो पूरा बाजार के हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर गंगौली चैराहे तक जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के चार पड़ाव रहेंगेकृपहला रहेरवा, दूसरा हनुमान मंदिर बिल्हर घाट, तीसरा दुगार्पुर स्थित महाविद्यालय और अंतिम पड़ाव गंगौली चैराहा। प्रत्येक पड़ाव पर स्थानीय नागरिकों को जोड़ा जाएगा और सरदार पटेल के कृतित्व व योगदान पर चर्चा की जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान अनीता सिंह, महानगर उपाध्यक्ष तिलकराम मौर्या, मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, अमल गुप्ता उपस्थित रहे।

# अग्नि पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**अयोध्या** । कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के अंतर्गत चैकी रायगंज स्थित माझा बरेहटा मदरहिया गांव में राजू रैदास के घर में आगजनी की घटना और पुलिस प्रशासन की लापरवाही को लेकर गुरूवार को कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा रेणु तथा अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामसागर रावत के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने राजू रैदास के घर पहुंचकर उनके दुःख-दर्द को साझा किया, ढांढस बंधाया तथा हर संभव सहायता एवं न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि दिवाली की शाम पटाखा जलाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। राजकुमार पुत्र मनीराम और छोटू पुत्र बनवारी राजू पुत्र हरीराम के छप्पर के पास पटाखे दगा रहे थे। राजू ने आग लगने के खतरे की आशंका जताते हुए उन्हें वहां पटाखे न जलाने को कहा, जिसके बाद विवाद हो गया। रात करीब 11 बजे राजू के छप्पर में आग लग गई, जिसमें साइकिल, तख्त, बच्चों की किताबें, कपड़े सहित घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। राजू रैदास का आरोप है कि राजकुमार और छोटू ने मिलकर उनके घर में आग लगाई। पीड़ित ने चैकी प्रभारी को तहरीर देने के बावजूद अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में पुलिस प्रशासन की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी फरियादी महिलाओं की समस्या, प्रस्तुत हुए 10 शिकायती पत्र



**बाराबंकी** । डीआरडीए सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति की अध्यक्षता मे महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। जनसुनवाई ने महिला आयोग सदस्या श्रीमती प्रजापति ने फरियादी महिलाओ की शिकायतो को सुना। जनसुनवाई के दौरान कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। शिकायतो के गुणवत्तापूर्ण समस्याओ के निस्तारण कराये जाने हेतु सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। इस मौके पर महिला आयोग सदस्या ने कहा कि पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को तात्कालिक न्याय दिलाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिससे उनके अधिकारों के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। जनसुनवाई ने पूर्व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरख का निरीक्षण करते हुये छात्राओं से बातचीत की। तथा शिक्षण कार्य और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये स्मार्ट क्लास सहित छात्राओं द्वारा लगाए गए टीएलएम स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, एसीएमओ डॉ0 डी0के0 श्रीवास्तव, बाल संरक्षण अधिकारी हरीश मोहन पांडेय, महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने ऑटो,ई-रिक्शा,मैजिक चालकों को दिलाया नियम पालन करने का संकल्प



**बाराबंकी** । सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि हर वाहन चालक की सामूहिक जिम्मेदारी है। लापरवाही सड़क हादसों का कारण बनती है। यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उक्त उद्गार यातायात माह नवम्बर के तहत जागरुकता कार्यशाला मे यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने आटो, ई-रिक्शा, मैजिक चालकों के साथ बैठक मे जागरुक करते हुये व्यक्त किये। यातायात प्रभारी ने चालकों को विशेष रूप से नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित सीटों से अधिक सवारी न बैठाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने और नाबालिगों को वाहन न चलाने देने की हिदायत दी। साथ ही हाईवे पर अचानक वाहन रोककर सवारी बिठाने से बचने को भी कहा।

# तूफान व बारिश के चलते फसलों के नुकसान का मुआवजा दे सरकार



**अयोध्या** । संयुक्त किसान मोर्चा ने विगत दिनों तूफान के चलते अयोध्या सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश से धान की कटी फसलों के नुकसान होने को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार नगर को सौंपा। ज्ञापन में मोथा चक्रवात के चलते हुई बेमौसम बारिश से किसानों की फसलें भारी पैमाने पर बर्बाद हुई हैं, तत्काल आर्थिक पैकेज दिए जाने, क्रय केंद्रों पर तत्काल धान की खरीद शुरू करने तथा बिचैलियों द्वारा औने-पौने दामों पर धान खरीदे जाने पर रोक लगाने, किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी व अन्य उर्वरक समय पर उपलब्ध कराने तथा कुछ समितियों पर अधिक दामों पर बेंची जा रही डीएपी पर रोक लगाने, एम एस पी पर धान व अन्य फसलों के खरीद की गारंटी करने, किसानों के सभी तरह के कर्ज माफ करने जैसी अन्य मांगें शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक मया राम वर्मा, किसान सभा के प्रदेश सचिव अशोक कुमार तिवारी, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, किसान महासभा के राजेश वर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# पत्रकारों को समान पेंशन दे केंद्र सरकार

जिला संवाददाता

**अयोध्या** । यू.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन ने विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा पत्रकारों को दी जा रही पेंशन के स्थान पर पूरे देश के पत्रकारों को केन्द्र द्वारा समान पेंशन देने की मांग की है। इसके आलावा भविष्य निधि संगठन (पी.एफ.) द्वारा मिल रही 1000 रुपए प्रति माह न्यूनतम पेंशन को बढ़ाकर 5000 रुपए किये जाने की भी मांग की गयी है।

- यू.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन की कार्यकारिणी बैठक में पारित किया प्रस्ताव
- जानकी महल ट्रस्ट में आयोजित प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन में आज किया जायेगा पेश

यह प्रस्ताव गुरूवार को जानकी महल ट्रस्ट में आयोजित यूनियन की कार्यकारिणी की बैठक में पारित किया गया, जिसे शुक्रवार को प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन में पेश किया जायेगा। यूनियन का मानना है कि क्योंकि पत्रकार केन्द्रीय ऐक्ट से कवर होते हैं, इसलिए केन्द्र सरकार को ही पेंशन देना चाहिए। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने की। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव राज्य सरकार को इस अनुरोध के साथ भेजा जायेगा कि वह अपने स्तर से केन्द्र सरकार से संस्तुति करें। बैठक में आयुष्मान योजना में छूटे पत्रकारों को जोड़ने और पी.जी.आई. में मिल रही मुफ्त चिकित्सा सुविधा सभी श्रमजीवी पत्रकारों को उपलब्ध कराने तथा पूर्व शासनादेश को संशोधित कर प्रक्रिया के सरलीकरण की भी मांग राज्य सरकार से की गयी। बैठक में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने तथा रेलवे द्वारा पत्रकारों को किराया में दी जा रही छूट को भी बहाल करने की मांग की गयी।

प्रस्ताव महामंत्री देव राज सिंह ने पेश किया, जिसका समर्थन विश्वदेव राय, शिव शरण सिंह, अविनाश शुक्ल, मनवीर सिंह चैहान और रजत मिश्र आदि ने किया। यूनियन का प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन शुक्रवार को सुबह साढ़े दस बजे जानकी महल ट्रस्ट सभागार में होगा। मुख्य अतिथि उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, प्रधान संपादक विश्वास स्वरूप अग्रवाल, मुकेश बहादुर सिंह अध्यक्ष इंडो अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स होंगे। यू.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार हरि कृष्ण अरोड़ा, प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, विमलेश तिवारी, संपादक डॉ. सुमन गुप्ता, संपादक राम कुमार सिंह, उग्रसेन मिश्रा, अंजनी सिन्हा, सूर्य नारायण सिंह, अमरनाथ वर्मा, हरिश्चंद्र सिंह, चंद्र मोहन श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, सुशील पांडेय, पवन पांडेय, श्यामबाबू, भानु सिंह आदि शामिल हुए।

## एडीए के नये उपाध्यक्ष ने गिनाई प्राथमिकताएं

अयोध्या। अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के नये उपाध्यक्ष आईएएस अनुराग जैन ने पत्रकारों से मुलाकात मे अपनी प्राथमिकताए साझा की और चल रही योजनाओ का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पहली प्राथमिकता बतायी। महराजगंज और अंबेडकरनगर जिलों में ह्वविकास योजनाओं के सही क्रियान्वयन और सख्त रवैये के लिए माने जाने वाले अनुराग जैन प्रधानमंत्री के आगामी 25 नवम्बर के प्रस्तावित दौरे की तैयारियो को अन्जाम देने मे लगे है। वार्ता में विकास प्राधिकरण के विषय में बताया कि अयोध्या मे चल रही योजनाओं का गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन और उनका समय से पूरा किया जाने के साथ आगामी 25 नवंबर को प्रस्तावित देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की में लगे सचिव से वार्ता में बताया कि अयोध्या धाम और अयोध्या के विकास की ऐसी तस्वीर होनी चाहिए।

## वालीबॉल एसोसिएशन के मंडल संयोजक बने प्रेमनाथ तिवारी



**बहराइच** । उत्तर प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन के महासचिव सुनील कुमार तिवारी ने देवीपाटन मंडल में मंडलीय वॉलीबॉल टीमों के चयन में सहभागिता के लिए एडवोकेट प्रेमनाथ तिवारी को मंडल संयोजक नियुक्त किया है। महासचिव ने बताया कि वर्ष 2025 -26 में सब जूनियर, जूनियर तथा पुरुष एवं महिला वर्ग की सीनियर प्रदेशीय प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इसमें उत्तर -प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन से संबंधित सभी जिला इकाइयों के सहयोग से जनपदीय टीमों का चयन किया जाता है ततपश्चात क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा मंडलीय टीमों के चयन हेतु ट्रायल आयोजित किया जाता है। मंडलीय टीमों के चयन में क्षेत्रीय खेल कार्यालय को सहभागिता के रूप में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रत्येक मंडल स्तर पर मंडल संयोजक नियुक्त किया गया है देवीपाटन मंडल के लिए जिला वालीवाल एसोसिएशन बहराइच के सचिव एडवोकेट प्रेमनाथ तिवारी को मंडल संयोजक के रूप में नामित किया गया है। जिला वालीवाल एसोसिएशन बहराइच के अध्यक्ष रजवंत सिंह ने बताया कि बहराइच जनपद के लिए बहुत ही गर्व की बात है की पूर्व खिलाड़ी व सचिव प्रेमनाथ तिवारी जी को मंडल के संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है नियुक्ति होने के बाद वॉलीबॉल के खेलों में पारदर्शिता आएगी ।खेलों को उच्च स्थान पर पहुंचने के लिए का मंडल संयोजक पद पर नियुक्त होने पर बहराइच के खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है इस दौरान अनिल कुमार श्रीवास्तव, बृज प्रकाश ,विनोद कुमार,इंद्र मोहन मिश्र,सरदार गुरमीत सिंह ,उर्मलेश अवस्थी, अर्पित कुमार ,पंकज कुमार, अतुल मिश्र सहित सैकड़ों लोगों ने खुसी जाहिर की है ।

# उ. प्र. आदर्श व्यापार मंडल के तत्वावधान में रोशनी से नहाया नागेश्वरनाथ सरोवर



**बाराबंकी** । शहर के प्राचीन नागेश्वर सरोवर पर 7100 दिये जलाकर भव्य शंखनाद के साथ भव्य गंगा आरती की गई। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक उ0प्र0 आदर्श व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष/प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता बब्बी ने बताया कि दिवाली के 15 दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली पर्व मानाया जाता है। आज के दिन मां गंगा की पूजा की जाती है। इस दिन गंगा के तटों का नजारा बहुत ही अद्भुत होता है। क्योंकि देव दीपावली के इस पर्व पर गंगा नदी के घाटों व सरोवरों पर दीप प्रज्ज्वलित करके रोशन किया जाता है। आज के दिन भगवान शंकर ने राक्षस त्रिपुरासुर का वध किया था।

- देर रात्रि 7100 दीप जलाकर शंखनाद के साथ हुआ दीपदान
- पूर्व कैबिनेट मंत्री गोप ने की गंगा आरती, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

इसी खुशी में देवाओं ने इस दिन स्वर्ग लोक में दीपक जलाकर जश्न मनाया था। इसके बाद से हर साल इस दिन को देव दीपावली के रुप में मनाया जाता है। इस दिन पूजा का विशेष महत्व होता है। इस त्योहार को लेकर यह भी मान्यता है कि इस दिन देवता पृथ्वी पर आते हैं। इस माह में ब्रह्मा जी, विष्णु जी, शिव जी, अंगिरा जी और आदित्य जी आदि ने महापुनीत पर्वों को प्रमाणित किया है। जिस वजह से कार्तिक पूर्णिमा के पूरे महीने को काफी पवित्र माना जाता है। श्री बब्बी ने आगे बताया कि पिछले कई वर्षों से लगातार देव दीपावली त्यौहार की शुरूआत हो रही है। इस बार 7100 दिये जलाकर भव्य आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रमो गणेश वन्दना, शिव तांड़व, श्री कृष्णलीला का आयोजन कर त्यौहार को धूमधाम से मनाया गया है। इस मौके पर मो0 सलमान सल्लू, जिला ओलपिंक एसोसिएशन बाराबंकी सचिव धीरेन्द्र वर्मा, आलोक जायसवाल, अविरल सिंह, महेश जायसवाल, संजय निगम, अतुल निगम, हिमाशू गुप्ता, आदित्य सिंह, अमित मिश्रा, उमेश गुप्ता, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार, दो घायल



**रूपईडीहा, बहराइच** । भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श थाना कोतवाली रूपईडीहा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।रूपईडीहा पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस चार अंतर्जनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है जिसमें दो पुलिस की गोली से घायल हो गए है।चोरों के पास से चोरी के जेवरात और नकदी भी बरामद हुआ है।

जनपद बहराइच में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और चोरी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह बहराइच के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गुरुवार को थाना रूपईडीहा पुलिस को बड़ी सफलता मिली।अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कोदरैला व नौव्वागांव में हुई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधी आज फिर से चोरी की योजना बनाकर लखैया रोड, ग्राम सहाबा की तरफ आने वाले हैं।सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। कुछ ही देर बाद सामने से आती हुई एक ईको वैन को रोकने का प्रयास किया गया तो उसमें सवार बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए आत्मरक्षा में फायर किया, जिसमें दो बदमाश मुनौव्वर खान पुत्र ईदा निवासी सिसैया खुर्द, थाना धौरहरा जनपद खीरी एवं जोखेलाल उर्फ चोखे पुत्र रामदत्त निवासी दामो बेहड़, थाना ईसानगर जनपद खीरी के पैर में गोली लगी ।पुलिस ने मौके से दोनों घायल बदमाशों के साथ दो अन्य अपराधियों छोटेलाल उर्फ छोटन पुत्र सकुई निवासी सिंघोड़ा, थाना ईसानगर जनपद खीरी तथा मोहम्मद बाबू पुत्र मोसद्दीन निवासी सिसैया, थाना धौरहरा जनपद खीरी (वैन चालक) को भी दबोच लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से दो अवैध तमंचे 315 बोर, दो खोखे, दो जिंदा कारतूस, करीब 45 हजार रुपये नकद, चोरी के जेवरात और अन्य सामान बरामद किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के जेवरात खरीदने वाले विजय सोनी पुत्र महेश कुमार सोनी निवासी शिवपुर बाजार, थाना खैरीघाट, बहराइच को ग्राम लखमईया के पास से गिरफ्तार किया गया।

सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक बहराइच ने पूरी टीम को सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की।

## जनता दर्शनन में एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**बहराइच** । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

## मिशन टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच** । मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक* मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना नवाबगंज, थाना बौण्डी, थाना रामगांव, थाना जरवल कस्बा, थाना दरगाह शरीफ, महिला थाना नानपारा, थाना कोतवाली नगर व अन्य थानों में मिशन शक्ति टीम द्वारा भ्रमण कर व चौपाल लगाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी को महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया ।टोल फ्री नंबरः महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 आदि और साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई ।सरकारी योजनाएंः उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक



**रुपईडीहा (बहराइच)** । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के आगमन पर रुपईडीहा इकाई की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय व्यापारियों ने कस्बे की प्रमुख समस्याओं को उठाया। बैठक में व्यापारियों ने कस्बे में अतिक्रमण की समस्या पर कहा कि इस मुद्दे का समाधान शालीनता और सौहार्दपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। साथ ही यह भी कहा गया कि सीमावर्ती जांच के दौरान जाँच प्रक्रिया धीमी होने से लोगों को काफी समय तक लाइन में खड़ा होना पड़ता है, जिससे व्यापारिक हित प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि जाँच के दौरान महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है, जो निराशाजनक है। आवागमन करने वाले नागरिकों के साथ सम्मानजनक और समुचित व्यवहार होना चाहिए ताकि व्यापारी और जनता के बीच सौहार्द बना रहे ।व्यापारियों ने यह भी मांग रखी कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संगठनात्मक चुनाव दिसंबर माह तक संपन्न कराए जाएं, जिससे नई कार्यकारिणी का गठन शीघ्र हो सके ।बैठक के दौरान रुपईडीहा बाजार में सरकार की ओर से अधिकृत भारतीय और नेपाली मुद्रा बदलने के लिए एक आधिकारिक काउंटर खोले जाने की भी मांग की गई। व्यापारियों का कहना था कि सीमा क्षेत्र में होने के कारण नेपाली ग्राहकों की संख्या अधिक रहती है, ऐसे में अधिकृत मुद्रा विनिमय काउंटर खुलने से व्यापार को पारदर्शिता और सुगमता मिलेगी। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि संगठन व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर है।

# विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन



बहराइच 06 नवम्बर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत संचालित जिला विज्ञान क्लब बहराइच के तत्वावधान में महाराज सिंह इंटर कॉलेज बहराइच में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नंद, वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा, जिला समन्वयक डॉ नंद कुमार शुक्ल एवं निर्णायक सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने अपने संबोधन में सभी बच्चों द्वारा बनाए गए प्रदर्श की सराहना करते हुए आह्वान किया कि यह सब भविष्य के वैज्ञानिक हैं तथा जनपद को अग्रणी बनाने में इनकी सर्वाधिक महती भूमिका है। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद ने कहा कि जिज्ञासा ही ज्ञान का पहला कदम है सवाल पूछो, खोज करो, इसके माध्यम से ही छात्र और छात्राएं अपनी जिज्ञासाओं का निवारण कर सकते है।

जिला समन्वयक डॉ नंद कुमार शुक्ल ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद के राजकीय, अशासकीय, सीबीएसई विद्यालयों से आये लगभग 210 बाल वैज्ञानिकों ने अपने-अपने 100 नवोन्मेषी विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किये। जिनमे साइबर सिक्योरिटी, स्टेम सेल टेक्नोलॉजी, स्मार्ट स्कूल नैनोटेक्नोलॉजी, सेंसर टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी रोबोटिक्स, सोलर ट्रेकिंग सिस्टम, स्मार्ट होम, वायरलेस चार्जिंग, फ्यूचर ट्रांसपोर्टेशन स्मार्ट डस्टबिन आदि थे। जनपद स्तर से प्रथम 15 उत्कृष्ट मॉडल मण्डल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे, राज्य स्तर पर श्रेष्ठ मॉडल को 50 हजार रुपये पुरस्कार के साथ प्रौद्योगिकी परिषद नियमानुसार पेटेंट की व्यवस्था भी करती है। पुरस्कार सत्र के विशिष्ट अतिथि डॉ एस पी सिंह व वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने कहा कि ने कहा कि आप बाल वैज्ञानिकों में से ही कोई न्यूटन, आइंस्टीन बने, बाल वैज्ञानिकों के सतत प्रयास अनुशासन और अध्यापकों के मार्ग दर्शन से ही नित नवीन आविष्कार संभव हैं।

जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में अर्शी खान ऐम्स इंटरनेशनल स्कूल बहराइच प्रथम स्थान, अल जफीरा नूर सेवेन्थ डे इंटर कॉलेज को द्वितीय स्थान, अनुष्का शर्मा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बहराइच तृतीय स्थान, प्रतिष्ठा सिंह अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल बहराइच व साक्षी सिंह बल शिक्षा निकेतन बहराइच को सांत्वना पुरस्कार प्रमाणपत्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार हेतु क्रमश 5000, 3000, 2000, 1000 व 1000 रुपये के पुरस्कार जिला विज्ञान क्लब के खाते से आरटीजीएस के माध्यम से दिए जाएंगे।

जनपदीय मूल्यांकन समिति में केडीसी के एसोसिएट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव व भौतिक विज्ञान के अखिलेश उपाध्याय, राजकीय पॉलिटेक्निक मोहम्मदपुर के प्रवक्ता डॉ. अमित रंजन व लोकेंद्र कौशल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रद्युम्न पांडेय ने किया। तनूजा श्रीवास्तव व दीपा द्विवेदी द्वारा उकेरी गई जीवंत रंगोली ने सभी उपस्थित को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## नगर निगम के दो सौ कर्मचारियों को बांटे गए जैकेट

**अयोध्या** । नगर निगम अयोध्या के तिलक हाल में 200 कर्मचारियों को ठंड से बचाव के लिए महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त श्रीजयेंद्र कुमार के साथ जैकेट का वितरण किया।

इस दौरान महापौर ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का इस सहयोग के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में 200 सफाई कर्मियों को जाकर उपलब्ध कराया गया। इस दौरान उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद अनिल सिंह, चंदन सिंह, अभय श्रीवास्तव, संतोष सिंह, विनय जायसवाल, दीप कुमार, रमाशंकर निषाद, अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल उपस्थित थे।

संक्षेप

## मारपीट के मामले में पांच लोगों का डॉक्टरी परीक्षण

**महाराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कोटवा मदानिया गाँव में बीती रात रास्ता रोककर गाली गलौज व मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों से 5 लोगों का डॉक्टरी परीक्षण कराकर घटना की जांच कर रही। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि घटना की सूचना मिली है। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, किशोरी घायल

**महराजगंज।** कोतवाली क्षेत्र के मोन गांव के पास एक स्कूल की बस से बाइक सवार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक पर बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल किशोरी को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## डीडीओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कुड़वार विकास खंड के डोमनपुर गांव में ग्राम पंचायत से हुए कार्यों का जिला विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया। गुरुवार को डीडीओ गजेन्द्र तिवारी कुड़वार विकास खंड के डोमनपुर गांव पहुंचे। जहां उन्होंने ग्राम पंचायत से हुए तालाब निर्माण, इंटर लॉकिंग कार्य, मनरेगा से हुई मार्गो की पटाई, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य विकास कार्यों का गहनता से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि इसी तरह सभी ग्राम पंचायतों में औचक निरीक्षण कर हकीकत की जानकारी ली जाएगी। जहां भी अनियमितता पाई जाएगी उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर जेईआरईएस दीप शिखा चैरसिया, एडीओ आईएसबी सुभाष सिंह, प्रधान प्रतिनिधि दिव्यांश सिंह, रोजगार सेवक पवन कुमार मिश्रा, करण सिंह, बबलू मिश्रा, ब्लॉक कॉर्डिनेटर सुमन मौर्य, टीम सदस्य राजकुमार, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, लता सिंह आदि मौजूद रहीं।

## कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 21 छात्रों का चयन

**सुलतानपुर।** केएनआई के कृषि संकाय में गुरुवार को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 21 विद्यार्थी चयनित हुए। एक बार फिर संस्थान की बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया व संस्थान का मान बढ़ाया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रतिष्ठित डेयरी कंपनी सहज मिल्क प्रोड्यूसर लि. ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर चयन टीम ने छात्रों को कंपनी की कार्यप्रणाली रोजगार अवसरों व भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया। प्लेसमेंट कार्यक्रम मे 60 छात्रों ने हिस्सा लिया व आयोजित साक्षात्कार द्वारा कुल- 21 छात्रों का चयन किया गया। इनका चयन मिल्क फैसिलिटेटर के पद पर किया गया। संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों की कठोर मेहनत समर्पण और सीखने की सतत इच्छा का प्रमाण है। संस्थान सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रशिक्षण और छात्रों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर कृषि संकाय के प्रभारी डॉ. नवीन विक्रम सिंह ने बताया इन 21 छात्रों का चयन संकाय के लिए गर्व व शिक्षकों के लिए अच्छे शिक्षण पद्धति का प्रमाण है।

# सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता से करें संपर्क : विधायक

### भाजपा के मतदान पुनर्निरीक्षण बैठक में विधायक ने दिये निर्देश



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** ब्लॉक मुख्यालय पर भाजपा की मतदान गहन पुनर्निरीक्षण संबंधी बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाउपाध्यक्ष आनन्द द्विवेदी व मुख्य अतिथि विधायक राज प्रसाद उपाध्याय रहें। बैठक में आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की गई। विधायक उपाध्याय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सफलता संगठन की सक्रियता और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ पर सक्रिय रहना होगा। विधायक ने निर्देश दिया कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें। जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनका नाम जोड़वाने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ता उठाएं। जिला उपाध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा मतदाता सूची से मिलान करते हुए नए और पुराने नामों की जांच करें, ताकि एक भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती जमीनी स्तर पर कार्य से आती है। यदि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समझकर कार्य करेगा, तो भाजपा हर स्तर पर विजय पताका फहराएगी। जिला मंत्री राजेश सिंह ने भी अपील की कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता निरंतर जनसंपर्क बनाए रखें और मतदाता जागरूकता के अभियान को गति दें। ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह ने कहा कि मतदाता सूची का कार्य संगठन की मजबूती का आधार है और हर बूथ को सशक्त बनाना प्राथमिकता है। बैठक में मंडल प्रभारी रूपेश सिंह, अध्यक्ष विनय प्रजापति, कौशलेश सिंह, गया प्रसाद गौतम, विनोद सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए-2 मौजूद रहे।

## रशियन टूरिस्ट का दल पहुंचा नन्दगांव

**चांदा, सुलतानपुर।** गुरुवार को रशियन टूरिस्ट का एक दल चांदा, लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नन्दगाँव पहुँचा। दल ने पूर्व सूचना देकर यहाँ का भ्रमण किया और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण परिसर का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान पर्यटकों ने यहाँ लगी विभिन्न औषधीय पौधों की जानकारी ली और नन्दगाँव की सांस्कृतिक एवं शैक्षिक विशेषताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि नन्दगाँव का अवलोकन हमारे लिए एक अनूठा व ज्ञानवर्धक अनुभव रहा।

## मिशन शक्ति अभियान में दिव्यांग रिशा कुमारी वर्मा बनीं प्रेरणा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति चरण-5के अंतर्गत चल रहे अनन्ता अभियान में सुलतानपुर जनपद की दिव्यांग समाजसेवी रिशा कुमारी वर्मा की प्रेरक कहानी लोगों को प्रेरित कर रही है।

रिशा वर्मा न सिर्फ शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं, बल्कि उनके भीतर समाज सेवा की अदम्य शक्ति है। उन्होंने प्रौढ़ शिक्षा के माध्यम से हजारों महिलाओं को साक्षर बनाकर उनके जीवन में नई रोशनी बिखेरी है। गांव-गांव जाकर महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण दिलाते हुए उन्हें स्वावलंबन की राह से जोड़ा। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त किया। उनकी प्रेरणा से आज भी महिलाएं स्वरोजगार कर अपने परिवार का सहारा बन रही हैं। महिला कल्याण विभाग से जुड़ने के बाद रिशा वर्मा ने कई निराश्रित व जरूरतमंद महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन दिलाने के साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया। खास बात यह है कि वे मानसिक रूप से विक्षिप्त व दिव्यांग बच्चों की सेवा में भी निरंतर समर्पित हैं। उनकी संस्था में 40 विशेष बच्चे रह रहे हैं जिनकी देखभाल, उपचार और पालन-पोषण का कार्य वे पूरी जिम्मेदारी से कर रही हैं। सामाजिक सेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें राज्य सलाहकार बोर्ड सदस्य, कार्य परिषद सदस्यकृ जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट और जिला कार्यकारिणी समिति सुलतानपुर का सदस्य बनाया गया है। वर्ष 2017 में उन्हें समाज में उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्यमंत्री द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान भी प्रदान किया जा चुका है। रिशा कुमारी वर्मा की प्रेरक यात्रा यह संदेश देती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ा जाए तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। समाज सेवा, नारी सशक्तिकरण और मानवता के प्रति उनका योगदान सुलतानपुर ही नहीं, प्रदेश के लिए भी गौरवपूर्ण है।

## जिसे परिवार में प्रेम सीखना हो वे भगवान शिव से सीख सकते हैं




**अमेठी।** अमेठी के पूरे प्रेम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक ने रासलीला , कंस वाद हा श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह उद्धव ब्रज यात्रा की कथा के साथ परिवार , समाज , राष्ट्र में एकता और समरसता को प्रासंगिक करते हुए सुनाया। कथा में बड़ी संख्या में श्रोताओं की मौजूदगी रही । अयोध्या धाम से आए भागवत भूषण कथा वाचक पंडित राधेश्याम शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन अपनी कथा में अत्रि अनुसुइया की कथा को सुनाते हुए कहा कि जिस व्यक्ति में काम, क्रोध, लोभ, मोह, माया नहीं है उसी के हृदय में अत्रि का वास है और जिसमें ईर्ष्या दूर दूर तक छू नहीं गई है वही अनुसुइया है और उसी शरीर रूपी घर में ब्रह्मा, विष्णु, महेश वास करते हैं। कथा वाचक ने भगवान शिव एवं पार्वती एवं राजा दक्ष की कथा को भी सुनाया । कथा वाचक ने कहा कि भगवान शिव के परिवार में जितने लोग थे सभी का बुद्धि, विवेक अलग था लेकिन इसके बावजूद भगवान शिव अपने परिवार को हमेशा साथ लेकर चलते थे। बताया कि जिसे परिवार में प्रेम सीखना हो वो भगवान शिव से सीख सकते हैं। कहा कि अधिक से अधिक उत्कृष्ट व्यवहारों को हृदय की तिजोरी में सहेजकर रखना चाहिए और समय आने पर अपने उस अच्छे व्यवहार से परिवार, समाज और राष्ट्र को मृदुल बनाना चाहिए। कथा यजमान मधु श्री एवं डॉ प्रेमनाथ मिश्र ने आए हुए श्रोताओं का स्वागत किया। इस मौके पर पंडित कामतानाथ मिश्र, राम नाथ मिश्र, जितेन्द्र तिवारी, डॉ सुरेश मिश्र, राज तिवारी, माता प्रसाद मिश्र, डॉ अक्षय वर नाथ तिवारी, संत प्रसाद पाठक, गिरीश चंद्र पाण्डेय , शारदा प्रसाद द्विवेदी, प्रतीक मिश्र के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## स्कूल जाते समय लापता हुआ पांचवीं कक्षा का छात्र, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमेठी।** मिली जानकारी के अनुसार थाना अमेठी क्षेत्र के जंगलरामनगर गांव में पांचवीं कक्षा के छात्र के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे स्वयंवर सिंह का पुरवा निवासी आजाद सिंह का भांजा कप्तान पुत्र अश्वनी सिंह ( मूल निवासी बनकटा, जनपद फतेहपुर ) पिछले दो वर्षों से अपने मामा के घर रहकर रणवीर आनंद पाठशाला, रामनगर अमेठी में पढ़ाई कर रहा था। बताया गया कि बच्चा 4 नवंबर की सुबह करीब 8:30 बजे विद्यालय जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास काफी खोजबीन की, परंतु उसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। अंततः परिजनों ने मामले की सूचना थाने में दी। प्रार्थी आजाद सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और बच्चे की खोज के लिए पुलिस टीम गठित कर सक्रिय रूप से तलाश की जा रही है।

## विवाहिता के प्रेमी ने ही अपनी प्रेमिका को उतारा मौत के घाट

**बछरावां , रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के समोधा गांव में बुधवार सुबह इसी गांव की रहने वाली सोनी ( 26 ) का शव चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास के पास सड़क किनारे धान के खेतों में दो हिस्सों में महिला का शव जब ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया था । ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी थी। शव पूरी तरह सड़ चुका था। शरीर का दूसरा हिस्सा लगभग 40 मीटर दूर दूसरे किसान के खेत में मिला। जिस कारण पुलिस को शंका हुई की यह पूरा मामला हत्या से ही जुड़ा हुआ है।

इसके बाद मृतका सोनी की मां कुसमा देवी की तहरीर पर पुलिस ने सोनी के पति इचैली गांव का रहने वाले गुरु प्रसाद पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया। बुधवार देर रात बछरावां कोतवाली पुलिस ने पति पर शक के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की जांच महाराजगंज सीओ प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचकर पूरी घटना की जांच पड़ताल स्वयं करना शुरू किया। तो पता चला कि क्षेत्र की ही सिक्का खेड़ा गांव के रहने वाले राजू पासी पुत्र कल्लू के साथ मृतका महिला का प्रेम संबंध बीते कई वर्षों से चल रहा था। जिस कारण राजू पासी ने सोनी को मिलने के लिए कई बार बुलाया परंतु वह नहीं आई। पूछताछ में राजू पासी ने बताया कि सोनी को कई बार बुलाने पर जब वह नहीं आई तो उसे शक हुआ कि वह अब किसी और से बात करने लगी है जिस पर काफी जोर जबरदस्ती करने पर सोनी बीते एक सप्ताह पूर्व घटनास्थल पर मिलने आई जहां पर राजू पासी ने बांके से सोनी को काटकर हत्या कर दी और अपने साथ हुए धोखे का बदला ले लिया। सीओ महाराजगंज प्रदीप कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के हाथ व सर पर एक दर्जन से ज्यादा धार दार बांके से हमला कर हत्या करने का जुर्म कबूल किया गया है। जिस पर मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## भया अनंद जगत विच, कल तारन गुरु नानक आया



- हर्षोल्लास से मना गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व

**रायबरेली।** निरंकारी जोति श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व गुरु नानक नगर गुरुद्वारा व फिरोज गांधी गुरुद्वारा साहब में बहुत ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह अमृतवेला से ही ज्ञानी जगरूप सिंह, ज्ञानी सुखजीत सिंह, रागी भाई जगतार सिंह उना साहब वाले, सुखमनी सेवा सोसायटी, गुरुगोबिंद सिंह स्टडी सर्किल के वीर ने सुखमनी साहब का पाठ, नितनेम का पाठ किया। उसके उपरांत हजूरी रागी भाई जगतार सिंह उना साहब वालो ने कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया।

जानी जगरूप सिंह ने गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 में तलवंडी ( शेखपुरा ) जो इस समय पाकिस्तान में है और ननकाना साहिब के नाम से प्रसिद्ध है, में जन्म हुआ था गुरुजी ने ऊंच नीच के भ्रम को दूर करने के लिए बड़े छोटों को चरण वंदना अर्थात नम्रता के साथ मिलना एवं रहना सिखाया।

ज्ञानी सुखजीत सिंह ने कहा गुरुजी का जन्म तब हुआ था जब सारा संसार पाप, द्वेष में चल रहा था धर्म की दुनिया में मानव प्रलय आ गई थी, श्री गुरु नानक देव ने संसार में एकता, प्रेम, समता का संदेश दिया, सारी सृष्टि की भलाई की अरदास की, गुरुजी ने गरीब भाई लालो जी को सम्मान दिया वही धनी सेठों के यहां जाने से इसलिए मना कर दिया जिन्होंने गरीबों की कमाई को हड़प करके धन इकट्ठा किया था, गुरु जी ने अपनी मेहनत की कमाई करके ही जीवन चलाने की प्रेरणा दी थी। अरदास के बाद लंगर का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ लंगर ग्रहण किया दोनों गुरुद्वारों में परसों से रखे गए अखंड पाठ साहब का समापन देर शाम को होगा। इसमें प्रमुख रूप से गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरमंदर सिंह सलूजा महामंत्री बलबीर सिंह गांधी वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरभेज सिंह सलूजा कोषाध्यक्ष गुरमीत सिंह मोंगा, त्रिलोचन सिंह मोगा, अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अरोड़ा, अवतार सिंह छाबड़ा, गुरजीत सिंह तनेजा, बलजीत सिंह मोंगा, त्रिलोचन सिंह नरूला, हरविंदर सिंह सलूजा, जसविंदर सिंह गांधी, गुरमीत सिंह मोगा, परमजीत सिंह गांधी सभासद, दलजीत सिंह अरोड़ा, तेजपाल सिंह मोगा, पंजाब सिंह मोंगा, सुरेंद्र सिंह बल्लू, गुरबचन सिंह सलूजा, सुरेंद्र सिंह बग्गा, जसबीर सिंह, अमरिंदर सिंह तनेजा आदि उपस्थित रहे।

## रोहित ब्लॉक अध्यक्ष व कृष्ण कांत बने एमडब्लूओ के जिला मीडिया प्रभारी

**तिलोई, अमेठी।** ब्लॉक के शंकरगंज, तिलोई कस्बे में सामाजिक संगठन महापद्मनंद वेलफेयर आर्गनाइजेशन (टहड) ब्लॉक इकाई सिंहपुर की बैठक बजरंग शर्मा उर्फ राजू की अध्यक्षता मे आयोजित की गई, जिसमें सिंहपुर ब्लॉक इकाई के विस्तार के क्रम में रोहित शर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष, शेखर शर्मा को ब्लॉक उपाध्यक्ष, अमित शर्मा को ब्लॉक सचिव योगेन्द्र शर्मा को ब्लॉक कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। साथ ही पूर्व में रहे ब्लॉक अध्यक्ष सिंहपुर रहे कृष्ण कांत वर्मा को टहड अमेठी जनपद का जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा, जिला सचिव दिनेश शर्मा, संग्राम सिंह सविता,, दीपक शर्मा हृदयराम शर्मा ,ऋषि वर्मा, अखिल मसाला के डॉयरेक्टर अखिलेश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित




**अमेठी।** मिशन शक्ति 5 अभियान के अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन अमेठी द्वारा घरेलू हिंसा, दहेज उन्मूलन, नारी सुरक्षा एवं साइबर अटैक विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन अमेठी के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ग्राम सोरांव परभनपुर, विकासखंड शाहगढ़ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाधिकारी संजय चौहान एवं उपजिलाधिकारी प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को घरेलू हिंसा के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करना तथा समाज में दहेज न लेने और न देने के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने कहा जब तक रहेगी दहेज प्रथा, बेटी रहेगी दुखी सदा। महिलाओं को शिक्षित करें और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि उन्हें दहेज के लिए वस्तु के रूप में न देखा जाए। केस वर्कर रुचि सिंह ने उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा, साइबर अटैक और नारी सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी तथा कन्या सुमंगला योजना के बारे में बताया। वहीं सुपरवाइजर रोशन लाल ने स्पॉन्सरशिप योजना, बाल सेवा योजना एवं महत्वपूर्ण टोल फ्री नंबर – 1098, 102, 108, 181, 1090, 1076, 112, 1930 – की जानकारी दी और पंपलेट वितरित किए। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रूपा झा और बैंक सखी रानी विश्वकर्मा का सहयोग सराहनीय रहा।

## डीएम ने किया धान की कटाई का शुभारंभ



- पराली न जलाने की अपील किसानों से सरकारी केंद्रों पर ही बिक्री की सलाह

**सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2025-26 की औसत उपज व उत्पादकता के आंकड़ों के संकलन हेतु जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने तहसील सदर स्थित विकासखंड दूबेपुर के ग्राम पंचायत पैगापुर में धान की फसल कटाई कर प्रक्रिया की शुरुआत की।

इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा चिन्हित किसान मोहम्मद मुनीर के खेत में समबाहु त्रिभुज प्लॉट बनाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से क्रॉप कटिंग प्रयोग किया गया। कटाई व मड़ाई के बाद धान का तौल कराया गया, जिसमें 13.938 किलोग्राम उत्पादन प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी उपज को नजदीकी सरकारी खरीद केंद्रों पर बेचें, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने किसानों को आगाह करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के बिचैलियों के बहकावे में न आएं। जिलाधिकारी ने खेतों में पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है, मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट होते हैं और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों को वैकल्पिक प्रबंधन अपनाकर खेत की उर्वरा शक्ति बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी सदानंद चैधरी ने बताया कि क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले की औसत उपज और उत्पादकता का आंकड़ा तैयार होता है। इन्हीं आंकड़ों को राज्य स्तर पर कृषि निदेशालय द्वारा जारी किया जाता है। आगे चलकर इन्हीं के आधार पर फसल क्षतिपूर्ति और बीमा राशि निर्धारित की जाती है। कार्यक्रम में एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी सहित कृषि विभाग और राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## नाली के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष 13 लोग गंभीर रूप से घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के जिहवा गांव में नाली को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों और कुल्हाड़ियों से हमला हो गया घटना में एक पक्ष के आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष के पाँच लोग भी चोटिल हुए हैं जिसमें मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी तेरह घायलों कोसीएचसी लाकर डॉक्टरी परीक्षण कराया जिसमें दो लोगों को हालत नाजुक देख सकते चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के जिहवा गाँव में नाली को लेकर पूर्व में भी कई बार विवाद हो चुका है लेकिन प्रशासन द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम न उठाए जाने के कारण आज एक बार फिर सुबह पानी निकलने को लेकर दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ जिसमें लाठी डंडे और कुल्हाड़ियां जमकर चली तो वही एक पक्ष से राम सजीवन पुत्र राम मनोहर, संत सेवक पुत्र राम मनोहर ,संतलाल पुत्र रतिपाल, सुनीता पत्नी राम सजीवन शांति देवी पत्नी संतलाल, प्रियंका पुत्री राम सजीवन, रतिपाल पुत्र महावीर, राम दुलारी पत्नी रतिपाल, तो दूसरे पक्ष से शत्रोहन पुत्र रामप्रसाद ,आशीष पुत्र शत्रुहन, कृष्णावती पत्नी शत्रुहन, शशि पुत्री शत्रुहन, शिवानी पुत्री शत्रुहन्त्र ,सहित कुल 13 लोग चोटहिल हुए हैं जिसमें रती पाल पुत्र महावीर व राम दुलारी पत्नी रतिपाल की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है वहीं मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल भेजकर घायलों को सीएचसी लाकर मेडिकल परीक्षण कराया गया दोनों पक्षों से तहरीर मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## गोली मारने की साजिश कर्ताओं के घरों पर चल सकता है बुलडोजर

**गौरीगंज, अमेठी।** विगत दिनों अंकित सिंह को गोली मारने के साजिशकर्ताओं के घर चल सकता है बुलडोजर, राजस्व टीम ने की पैमाईश। इस संबंध में एसडीएम गौरीगंज प्रीती तिवारी ने बताया एँधी गांव में सरकारी भूमि पर लगातार कब्जे की शिकायत मिल रही थी, राजस्व विभाग टीम से पैमाईश करवाई गई, सुरक्षित भूमि पर कब्जा पाया गया है, नियमानुसार जल्द अतिक्रमण हटवाया जाएगा। बताते चलें कि अमेठी जनपद के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे मंशा, गुजर टोला निवासी अंकित सिंह को बीते सोमवार की दोपहर काजीपटी बाजार से सफेद बुलेट से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के मोड़ के पास पीर मोहम्मद के मकान के समीप एक कार सवार बदमाशों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गिरने के बाद हमलावरों ने उन पर लोहे की रॉड से हमला किया और अंधाधुंध फायरिंग की। गोली लगने से अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद घायल अंकित के पिता विमलेश सिंह ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने संदीप कुमार पुत्र रामकेवल ( निवासी कासिमपुर, थाना जायस ) और उदय सिंह पुत्र शीतला प्रसाद ( निवासी बिन्नावां, थाना डीह, रायबरेली ) सहित चार अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया है। इसके अलावा मो. इस्लाम, मो. जलील ( निवासी पूरे सूबेदार ऐंधी ), मो. वसीम उर्फ रज्जन ( निवासी दौलतपुर ऐंधी ) और सूरज पासी ( निवासी तोमड़ का पुरवा, जायस ) पर घटना की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। एसडीएम निदेशानुसार राजस्व विभाग टीम द्वारा सूबेदार एंधी के मोहम्मद इस्लाम और उनके भाई जलील के मकान के आस पास की जमीन की पैमाईश की गई जिसमें दोनों भाइयों का मकान सरकारी भूमि पर निर्माण किया गया है।

# आदिवासी बच्चियों ने जीता दर्शकों का दिल

- कलाकारों ने प्रस्तुत किये भावपूर्ण लोकनृत्य




**रायबरेली।** भगवान राम की पावन धरा अवध में माता कौशल्या के कोसल प्रदेश ( पश्चिम ओड़िशा )से आई बच्चियों और कलाकारों के बेटी के जन्म से लेकर विदाई से जुड़े लोकनृत्य की मोहक प्रस्तुति से सतरंगी छटा छा गई। प्रस्तुति से कलाकार भावों में डूब कर रोने लगे और उनको देखकर दर्शकों की आंखों से भी अश्रुधार फूट पड़ी। यह दृश्य देखकर माहौल थोड़ी देर गमगीन भी हो गया।

पुस्तक मेले के पांचवें दिन लोकनृत्यों की पुस्तक मेले में लोकनृत्य संध्या के लिए पदमपुर -संबलपुर ( पश्चिम ओडिशा ) में लुप्त हो रही लोककला, लोकनृत्य और लोकगीतों को संजोने का काम कर रहे एकटंकिया म्यूजिक स्कूल के बच्चों और कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। स्कूल संचालक, रिसर्चर एवं संगीतज्ञ सुरेंद्र साहू एवं मंजुला बिस्वाल के नेतृत्व में 1200 किलोमीटर दूर से आई इस टीम में शीतल साहू, उत्पला साहू, शिवानी मेहर, लिपि शिखा, अलीशा पावर, मीना बाग, रसूल कुंभार आशीष कुमार कंधेर, नबिन बांचोर, हराधान कुंभर, सभ्य सिंह बरिहा शामिल थे।

पश्चिम ओड़िशा में जन-जन में पूज्य समलेश्वरी माता की वंदना के साथ शुरू हुई लोक नृत्य संध्या में मीना बाग ने भजन गाया और कलाकारों ने वाद्ययंत्रों पर साथ दिया। इससे माहौल थोड़ी देर गमगीन और गंभीर भी हो गया लेकिन कुछ देर बाद ही संयत हुए कलाकारों और बच्चियों ने नोवाखाई ( नई फसल घर आने की खुशी ) पर लोकनृत्य प्रस्तुत करके सभी का दिल जीत लिया। इसके बाद फिर भजन पर लोक नृत्य की प्रस्तुति ने सभी को मोहित कर लिया। तीन घंटे तक चली लोकनृत्य संध्या का समापन सामूहिक नृत्य साथ हुआ। मीना बाग द्वारा गाए गए गीत पर श्रोता दर्शन और कलाकार सब साथ में काफी देर झूमते-गाते रहे। पश्चिम ओड़शा से आए लोक कलाकारों को संस्था की ओर से सम्मानित भी किया गया। सिमहैंस हॉस्पिटल की एमडी डॉ. ओमिका चौहान, विमुक्ति सिंह, दादा जेपी त्रिपाठी, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी, महामंत्री योगेंद्र दीक्षित,, सभासद एसपी सिंह, नेहा अवस्थी, प्रिया पांडेय, डॉ नीलांशु अग्रवाल, ने सभी कलाकारों को मोमेंटो एवं बुके देखकर स्वागत किया।

## ग्यारह वर्ष पुराने भूमि विवाद मामले में 4 महिलाओं सहित 10 लोगों को सजा

**महराजगंज, रायबरेली।** ग्यारह वर्ष पुराने भूमि विवाद मामले में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में मंगलवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. एक्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मामले का निस्तारण करते हुए दोनों पक्षों को दोषी पाया और 4 महिलाओं सहित कुल 10 लोगों को सजा सुनाई, जिसके बाद सभी को जेल भेज दिया गया। घटना फरवरी 2014 की है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के लालगंज मजरे मोन निवासी राम अवध और राम करन सिंह के बीच भूमि को लेकर विवाद हो गया था। यह विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों तरफ से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने घटना के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था। मंगलवार को न्यायालय ने इस विचाराधीन मामले में फैसला सुनाते हुए एक पक्ष के राम करन पुत्र सरदार सिंह, सुरेश उर्फ लाला पुत्र राम सिंह, संजय सिंह पुत्र राम सिंह, विजय सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह सहित चार लोगों को एससी-एसटी एक्ट में 5-5 वर्ष कारावास व 36 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। वही दूसरे पक्ष से रामअवध पुत्र महावीर, राम पियारे पुत्र देवतादीन, गंगादेई पत्नी रामअवध, भावना देवी पत्नी राज कुमार, गेंदावती पत्नी राजेंद्र, सुनीता पुत्री राजेंद्र सहित छः लोगों को 6-6 माह का कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि न्यायालय के अनुपालन में दोनों पक्षों के सभी दस आरोपियों को जेल भेजा गया है।

संक्षेप

## युवक की गोली मारकर हत्या

मथुरा। गुरुवार को मांट-वृंदावन मार्ग पर राजकीय महाविद्यालय के समीप एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मांट राजा निवासी अक्कू के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पास से एक तमंचा बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, युवक बाइक पर सवार था जब उसे गोली मारी गई। सूचना मिलते ही थाना मांट क्षेत्र की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि उन्हें शव के पास से एक तमंचा मिला है, जिसे जब्त कर लिया गया है। इस घटना से गुस्साए परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मांट-वृंदावन मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सीओ आशीष शर्मा ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि परिजनों को शांत कराया जा रहा है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## व्यवसायी के लापता होने से व्यापारियों में रोष

मथुरा। शहर के गिलट व्यापारी मनीष अग्रवाल के रहस्यमय तरीके से लापता हो जाने से सनसनी फैल गयी है। उनके परिजन बुधवार रात से उनकी तलाश कर रहे हैं। अभी तक कुछ भी पता नही लग सका है। शहर कोतवाली और गोविंद नगर थाने की पुलिस सीमा विवाद के कारण अब तक गुमशुदगी दर्ज नहीं कर पाई है और न ही कोई ठोस कार्रवाई की है। इससे परिजनों और व्यापारियों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार चैक बाजार क्षेत्र निवासी गिलट व्यापारी मनीष अग्रवाल बुधवार शाम को अपने घर से स्कूटी पर निकले थे। कुछ समय पश्चात उनका फोन बंद हो गया और उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका। परिजनों ने रातभर संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह दोबारा खोजबीन के दौरान नए बस स्टैंड परिसर में मनीष की स्कूटी खड़ी मिली। स्कूटी में चाबी लगी हुई थी और डिक्की से मनीष की हाथ की घड़ी तथा मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। इन परिस्थितियों ने घटना को संदिग्ध बना दिया है। इसी बीच परिजनों ने बताया कि मनीष के मोबाइल फोन से उनके परिचित डॉक्टर अनुराग अग्रवाल वैद्य को एक व्हाट्सऐप संदेश भेजा गया है।

## ट्रक में लगी आग

मथुरा। नौहझील थाना क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक ट्रक अचानक आग की चपेट में आ गया। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को सुरक्षित निकाल लिया और समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यमुना एक्सप्रेस-वे से होकर एक ट्रक लोहे के पाइप लेकर नोएडा से आगरा की ओर जा रहा था। आग ट्रक के केबिन हिस्से में लगी थी, जिसकी जानकारी चालक को नहीं लग पायी। ठसी दौरान एक्सप्रेस वे पर बाजना कट पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। जब टीम एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 60 पहुंची, तभी एक ट्रक से अचानक धुआं और आग की लपटें उठती नजर आईं। बिना समय गंवाए पुलिस ने तुरंत ट्रक को साइड में रुकवाया और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही यमुना एक्सप्रेस-वे की फायर टेंडर टीम भी मौके पर पहुंच गई। संयुक्त प्रयासों से थोड़ी ही देर में आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया।

# श्रद्धालुओं से भरी मैक्स ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरायी, 18 घायल



मथुरा। कार्तिक पूर्णिमा पर हरिद्वार से गंगास्नान कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी मैक्स गाड़ी गुरुवार तड़के नौहझील-गौमत रोड स्थित बृजधाम फार्म हाउस के समीप बजे ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ओवरटेक करने के प्रयास में मैक्स में टक्कर मार दी। हादसे में मैक्स में 11 किशोरियों, तीन युवतियों और दो युवकों सहित 16 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील पहुंचाया। जहां हालात गंभीर होने पर 4 किशोरी एक युवती को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि हरिद्वार से गंगास्नान कर लौट रही किशोरियों और युवतियों से भरी मैक्स गाड़ी गुरुवार सुबह नौहझील-गौमत रोड स्थित बृजधाम फार्म हाउस के समीप ईंटों से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ओवरटेक करने के प्रयास में मैक्स में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। ट्रैक्टर-ट्राली चालक दुर्घटना के बाद वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों और पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल चार किशोरियों 15 वर्षीय दीक्षा, 12 वर्षीय प्रभा, 15 वर्षीय लक्ष्मी, 12 वर्षीय खुशबू और युवती 20 वर्षीय राधा निवासी नगला भूपसिंह, थाना मांट को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालात में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, नगला भूपसिंह निवासी 17 वर्षीय डॉली, 18 वर्षीय पूजा, 32 वर्षीय नीरज, 17 वर्षीय दुर्गेश, 15 वर्षीय काजल, 38 वर्षीय रामकिशन, 12 वर्षीय कोमल, 14 वर्षीय निशा और बिजौली निवासी 15 वर्षीय गरिमा, 23 वर्षीय विक्रम व 15 वर्षीय रचना को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। थाना प्रभारी सोनू सिंह ने बताया बताया कि सभी श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा पर गंगास्नान करने बुधवार को हरिद्वार गए थे। बुधवार रात लगभग साढ़े 8 बजे स्नान कर सभी अपने गांवों के लिए रवाना हुए थे। तड़के जब वे नौहझील क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। राहगीरों द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी सोनू सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक अंकित कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य थ्य केंद्र नौहझील भिजवाया। फार ट्रैक्टर-ट्राली चालक की तलाश शुरू कर दी है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## डीएम ने विशेष पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया

फिरोजाबाद। निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य के संबंध में गिरधारी इंटर कॉलेज में चल रहे बीएलओ और सुपरवाइजर के प्रशिक्षण कार्य का अवलोकन करने हेतु डीएम रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया,साथ ही यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बीएलओ और सुपरवाइजर का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी को भी परखा,उन्होंने कई बीएलओ व सुपरवाइजरों से विशेष प्रांगण पुनरीक्षण के संबंध में प्रशन कर उनके ज्ञान की बारीकियों को परखा,साथ ही साथ उन्होंने 50 ऐसे बीएलओ जिनका बीएलओ मैपिंग जीरो प्रतिशत है,उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए, उन्होंने बीएलओ सुधा कुमारी से एस आई आर प्रक्रिया के संबंध में जानकारी चाही, परंतु उनके द्वारा डीएम के एस आई आर के संबंध में पूछे गए प्रश्न का जवाब सही नहीं मिला,साथ ही उनके द्वारा बीएलओ मैपिंग बेहद काम कराया गया था,जिससे इनको डीएम ने चार्ज शीट देने की बात कही, डीएमने बीएलओ ममता यादव और अनोखे लाल द्वारा बीएलओ मैपिंग में अच्छा कार्य करने पर प्रशंसा पत्र देने की बात कही, डीएम ने कहा कि जो भी बीएलओ मैपिंग का कार्य कर लेगा, उसका आगे का कार्य अत्यंत आसान हो जाएगा, डीएम ने इसी तरह बीएलओ आशीष सक्सेना, सौरभ यादव तपस्या इत्यादि से भी इस प्रक्रिया के संबंध में प्रश्न किए,परंतु डीएम को कोई संतोजनक उत्तर नहीं दे पाया,इसी तरह एईआरओ बीइओ नंदकुमार द्वारा भी डीएम द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर नहीं देने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए, डीएमने कहा कि आप सबसे प्रश्न करने का यह मंतव्य है, कि जिससे आप सब जब घर-घर सर्व करें तो नागरिकों के प्रश्नों का जवाब पूरे आत्मविश्वास से दे सकें। डीएम ने गणना प्रपत्र को खोलकर बिंदुवार उसमें निदेर्शों की व्याख्या भी की जिससे गणना प्रपत्र के संबंध में बीएलओ को सारी बातें स्पष्ट हो जाए और किसी प्रकार का कोई भ्रम न रहें, साथ ही उन्होंने बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी भूमिका एस आई आर में महत्वपूर्ण है, इस कार्य को आप जिम्मेदार पूर्ण ढंग से करें, ध्यान रहे की कोई भी पात्र नागरिक इस प्रक्रिया में छूटने न पाए, आपको अपने कार्य को इतनी गंभीरता से करना है कि आप हमें यह कतई अवसर न दें कि हमें आपके विरुद्ध कोई कार्यवाही करना पड़े, यहां कुल 300 बीएलओ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## आगरा के वरिष्ठ साहित्यकार शीलेंद्र कुमार को मिला 'साहित्य जलधि सम्मान'



आगरा। के.बी. हिन्दी सेवा न्यास एवं डॉक्टर मिथिलेश दीक्षित साहित्य संस्कृति सेवा न्यास द्वारा बिसौली (बदायूं) में संयुक्त रूप से आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह में आगरा के वरिष्ठ कवि, साहित्यकार, संपादक और समीक्षक शीलेंद्र कुमार वशिष्ठ को उनकी महनीय साहित्य-सेवाओं के लिए 'सीताराम खुराना स्मृति साहित्य जलधि सम्मान' प्रदान किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार शीलेंद्र कुमार वशिष्ठ को साहित्य जलधि सम्मान प्रदान करते डॉ. सतीश चंद्र शर्मा 'सुधांशु', आशीष कुमार शर्मा 'नीटू', डॉ. मिथिलेश दीक्षित एवं अन्य। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मिथिलेश दीक्षित, डॉ. सतीश चंद शर्मा 'सुधांशु' और आशीष कुमार शर्मा 'नीटू' ने शीलेंद्र कुमार वशिष्ठ का माल्यार्पण किया, शॉल ओढ़ाई और उनको प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान स्वरूप 5000 रुपये की नगद राशि भी प्रदान की। समारोह में नेपाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि 11 राज्यों के साहित्यकारों को उनके कर्तृत्व के आधार पर मूल्यांकन करके सम्मानित किया गया। साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इस भव्य और वृहद् आयोजन में 07 साहित्यकारों को रु. 5000/-, 01 साहित्यकार को 3000/- और 42 साहित्यकारों को 2100/- और 12 साहित्यकारों को 1100/- की राशि के साथ शॉल ओढ़ाकर और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष और त्रैमासिक पत्रिका 'नये क्षितिज' के संपादक सतीशचन्द्र शर्मा 'सुधांशु' ने सभी आगंतुक साहित्यकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भारत माता की जय के जोशीले नारों से गुंजायमान हुआ आगरा

आगरा। राष्ट्रीय एकता सप्ताह के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के वीर जवानों ने आज गुरुद्वारा गुरु का ताल परिसर के बाहर सरफेस रोड पर रोमांचक करतब दिखाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस मौके पर 70 जवानों का दल ग्वालियर से आगरा पहुंचा, जिसमें महिला जवान भी शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की जय के जोशीले नारों के साथ हुई। बीएसएफ के बाइक राइडर्स ने रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिलों पर अद्भुत करतब दिखाए। कोई जवान बिना हाथों के बाइक चला रहा था तो कोई एक ही बाइक पर पाँच-पाँच जवानों के साथ संतुलन साध रहा था। दर्शकों ने हर करतब पर तालियों की गड़गड़ाहट से जवानों का हौसला बढ़ाया। महिला राइडर्स ने भी बारी-बारी से शानदार प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिला जवानों की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने साहस और कौशल का ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शक अपनी सीटों से उठकर तालियां बजाने लगे। यह दृश्य देश की बेटियों के बढ़ते आत्मविश्वास और जज्बे की झलक प्रस्तुत कर रहा था। बीएसएफ के असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर रनवीर सिंह फौजदार, जो आगरा के ग्वालियर रोड स्थित ओम गार्डन कॉलोनी के निवासी हैं, पहले भी रिकॉर्ड बना चुके हैं। उन्होंने बाइक के साइड फुटरेस्ट पर एक अन्य जवान के साथ खड़े होकर बिना हाथों के 58.6 किलोमीटर की दूरी 2 घंटे 8 मिनट 13 सेकेंड में पूरी की थी। अब बीएसएफ की यह टीम नए विश्व रिकॉर्ड की ओर बढ़ रही है और इसी उद्देश्य से आगरा में करतबों का यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस मौके पर बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने जवानों के साहसिक करतबों की सराहना की। कार्यक्रम के बाद यह जांबाज दल आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के लिए रवाना होगा, जहां और भी नए कीर्तिमान बनाए जाएंगे। बीएसएफ ने राष्ट्रीय एकता सप्ताह का आयोजन 31 अक्टूबर से शुरू किया है, जिसका समापन 7 नवंबर को होगा। इस सप्ताह के दौरान देशभर में विभिन्न रैली, प्रदर्शन और बाइक स्टंट के माध्यम से एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। रॉयल एनफील्ड के डीलर आगरा रॉयल्स के निदेशक मनोज जादौन ने बताया कि यह 70 राइडर्स का दल ग्वालियर से आया है।

## महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ ने पीड़ित महिलाओं की वेदना को सुना




फिरोजाबाद। महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ ने डबरई स्थित निरीक्षण भवन में पीड़ित महिलाओं की वेदना और पीड़ा को सुना,यहां पर उन्होंने महिलाओं की पीड़ा को न केवल सुना अपितु उनकी पीड़ा को दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया, इस दौरान महिला आयोग की सदस्या के समक्ष 11 मामले आए, जिसमें से तीन का त्वरित निस्तारण कराया और शेष का शीघ्र निस्तारण करने का आदेश दिया,इस दौरान महिला आयोग की सदस्या के समक्ष तलाक के दहेज उत्पीड़न के छेड़खानी के और ससुराल पक्ष द्वारा पीड़ित करने के मामले सामने आए, अंत में महिला आयोग की सदस्या ने कहा कि हमारा प्रयास है,कि हम पारिवारिक विवादों का आपसी समझौते से सुलह कराऐ,साथ ही साथ काउंसलिंग कर महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास पैदा करें, जिससे महिलाएं अपने मदद के लिए स्वयं खड़ी हो सकें और अपने विरुद्ध किए जा रहे, अत्याचार के खिलाफ भी आवाज उठा सकें, इस दौरान जिला प्रोवेशन अधिकारी मिथलेश कुमार, तहसीलदार कीर्ति चौधरी और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा दिल्ली से आज से शुरू, वृंदावन में समापन 16 को



मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री दिल्ली से वृंदावन तक 10 दिन की सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा शुरू करने जा रहे हैं और ये यात्रा 7 नवंबर से शुरू होगी और 16 नवंबर तक चलेगी। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का कहना है कि बागेश्वर बालाजी सरकार की असीम अनुकंपा, पूज्यपाद संन्यासी बाबा की कृपा एवं दादा गुरूजी महाराज की प्रेरणा से हम एक बार फिर भारत में व्याप्त जाति-पाति और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने और समस्त सनातनियों में एकता स्थापित करने के संकल्प के साथ सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा पर निकल रहे हैं। इस बार की पदयात्रा केवल सनातनियों के बीच एकता ही नहीं स्थापित करेगी, बल्कि बालाजी के भक्तों और ब्रजवासियों का दिव्य मिलन भी कराएगी।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की यह पदयात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत को जातिभेद से मुक्त करने और एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विश्वगुरु राष्ट्र बनाने का सामूहिक संकल्प है। यह यात्रा भारत के लिए एक ऐतिहासिक घटना सिद्ध होगी। इसके माध्यम से समस्त विश्व में सनातन एकता और जागृति का संदेश जाएगा। यह यात्रा एक ओर सनातन के विरुद्ध षड्यंत्र रचने वालों को स्पष्ट संदेश देगी और दूसरी ओर सनातनी भाई-बहनों को सुरक्षा, एकजुटता और आत्मबल प्रदान करेगी। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ये पदयात्रा दिल्ली के छतरपुर में स्थित कात्यायनी शक्ति पीठ मंदिर से 7 नवंबर दिन शुक्रवार से शुरू होगी और 16 नवंबर दिन रविवार को वृंदावन के बांके बिहारी लाल के मंदिर में समाप्त होगी। इस यात्रा में कुल 10 पड़ाव होंगे। पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का कहना है कि अब समय आ गया है जब भारत का प्रत्येक सनातनी अपने दोनों भुजा उठाकर सिंह के समान गर्जना करे और धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए आगे बढ़े। आपकी एकता ही भारत को हिंदू राष्ट्र बनाएगी, और यही सामूहिक शक्ति भारत को पुनः विश्वगुरु बनाएगी। पदयात्रा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। इसकी जानकारी आपको बागेश्वर धाम के आधिकारिक सोशल मीडिया पेजों के माध्यम से समय-समय पर मिलती रहेगी। आप सभी बालाजी भक्तों एवं सनातनी भाई-बहनों से आग्रह है कि बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर इस ऐतिहासिक पदयात्रा को सफल बनाएं।

## शिक्षकों की कमी से नाराज छात्राओं का प्रदर्शन



फिरोजाबाद। जिले के सिरसागंज क्षेत्र नगला बल्ल स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर छात्राओं का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। नाराज छात्राओं ने कॉलेज के बाहर एकत्र होकर सरकार और शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तत्काल नए शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। इस दौरान मौजूद छात्राओं की आंखों में आंसू नजर आ रहे थे तो वही प्रिंसिपल ने हाथ जोड़कर छात्राओं से प्रदर्शन खत्म करके क्लास में चलने की बात कही। वही छात्राओं का आरोप है कि शिक्षकों की कमी के कारण उनकी बोर्ड परीक्षा की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। छात्राओं के भविष्य की जिम्मेदारी अब मात्र दो स्थायी शिक्षकों के कंधों पर है, जो कक्षा 6 से लेकर 12 तक की छात्राओं को पढ़ा रहे हैं। छात्राओं ने बताया कि पहले विद्यालय में चार शिक्षक कार्यरत थे, जिनमें दो स्थायी और दो अटैचमेंट पर थे। लेकिन, 31 अक्तूबर को अपर मुख्य सचिव के एक आदेश के बाद अटैचमेंट पर तैनात अंग्रेजी की अध्यापिका तनवी गुप्ता और गणित की अध्यापिका मोनिका सिंह को रिलीव कर दिया गया। एक छात्रा ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा, बोर्ड की परीक्षा नजदीक है और हमारे पास विषय पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं हैं। दो टीचर इतने सारे बच्चों और विषयों को कैसे पढ़ाएंगे। अगर हमारी पढ़ाई ऐसे ही बाधित होती रही तो हमारा भविष्य खराब हो जाएगा। सूचना मिलने पर सीओ सिरसागंज अनिवेश सिंह और इलाका पुलिस मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित छात्राओं को समझा-बुझाकर शांत किया। सीओ सिरसागंज अनिवेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर छात्रों और शिक्षकों से बात की। उन्होंने डीआईओएस से बात कर ली है, और दो ट्रांसफर हुए शिक्षकों को वापस लाया जा रहा है। इन शिक्षकों के वापस आने के बाद, छात्र और शिक्षक का अनुपात काफी हद तक ठीक हो जाएगा। सीओ ने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का विधिवत निस्तारण किया जाएगा। छात्रों को समझा दिया गया है और स्कूल की दैनिक गतिविधियाँ सुचारू रूप से चलेंगी।

# 2 करोड़ 67 लाख सरकारी धन के गबन का आरोपी उप डाकपाल गिरफ्तार




टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम ने डांकघर टूण्डला में उपडांकपाल के पद पर रहते हुए 2 करोड 67 लाख 40 हजार रुपए के सरकारी धन के गबन के वांछित आरोपी रवि प्रकाश को गिरफ्तार किया है।

दिनांक 11/03/2025 को अजय दुबे पुत्र प्रबल प्रताप दुबे निवासी मीरा कालोनी थाना देहात कोतवाली जिला भिंड मध्य प्रदेश हाल पता सहायक अधीक्षक डाकघर फिरोजाबाद उप मण्डल फिरोजाबाद द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि रवि प्रकाश पुत्र कमलेश कुमार निवासी ग्राम टापा खुर्द कोटला रोड फिरोजाबाद पोस्ट रैपुरा जनपद फिरोजाबाद तत्कालीन कार्यवाहक उप डांकपाल टूंडला द्वारा उप डांकपाल टूण्डला पर सरकारी पद पर तैनात रहते हुये दिनांक 01.11.2023 से दिनांक 19.04.2024 तक सरकारी रकम दो करोड सड़सठ लाख चालीस हजार रुपए गबन कर लिये, प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें विवेचना के दौरान अन्य सह अभियुक्तगण का नाम प्रकाश में आया अभियुक्त रवि प्रकाश उपरोक्त मुकदमा में फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय से एनबीडब्लू तथा 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा करायी गयी। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा अभियुक्त रवि प्रकाश को जरौली कट एनएच 19 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## तीन दिन और बढ़ा ब्रज रज उत्सव

मथुरा। ब्रज रज उत्सव अब अपने चरम पर पहुंच चुका है। कला संस्कृति और भक्ति का ऐसा अनोखा संगम देखने को मिल रहा है कि दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता है। बढ़ती भीड़ और जनभागीदारी को देखते हुए उत्सव की अवधि तीन दिन और बढ़ा दी गई है। अब दर्शक हस्तशिल्प लोक कला खानपान और मंचीय प्रस्तुतियों का आनंद और भी दिनों तक उठा सकेंगे। धौली प्याऊ स्थित रेलवे मैदान पर आयोजित हो रहे इस भव्य उत्सव के अंतिम चरण में ब्रज की संस्कृति संगीत नृत्य और कविता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। भक्ति और आनंद से परिपूर्ण यह महाउत्सव अब तीन और दिनों तक अपने पूरे वैभव के साथ जारी रहेगा। ग्यारहवें दिन बुधवार शाम कार्यक्रमों की शुरूआत भावपूर्ण प्रस्तुति से हुई जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तृप्ति नागर और उनके साथी कलाकारों ने लोक लय पर आधारित गायन-नृत्य की ऐसी सुंदर प्रस्तुति दी कि दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। उनके सुर और ताल में ब्रज की आत्मा की झलक स्पष्ट दिखाई दी। प्रशांत चतुर्वेदी और धर्मवीर सिंह के भजनों ने श्रद्धा और आस्था की धारा प्रवाहित की जबकि रंचना राजित मिश्रा ने अपने लोक गायन से ब्रज की परंपरागत संगीत परंपरा को सजीव कर दिया। उनके गीतों में ब्रजभूमि की मिट्टी की सोंधी महक और लोक कला की गरिमा समाई रही। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस उत्सव में यातायात माह के अंतर्गत स्कूली बच्चों ने प्रेरणादायक प्रसंग प्रस्तुत किए। उन्होंने हेलमेट के महत्व शराब पीकर वाहन चलाने के खतरे और यातायात नियमों के पालन के संदेश को भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से प्रदर्शित किया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। शाम होते-होते वातावरण साहित्यिक रंगों में रंग गया। कवि सम्मेलन में डॉ. विष्णु सक्सेना दिनेश रघुवंशी महेंद्र अजनवी इकबाल अशर डॉ. प्रवीन शुक्ल राम सरीन अनु समन अनिल अग्रवंशी और डॉ. रुचि चतुवेर्दी ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया।

## एसएन के ट्रॉमा सेंटर में मरीज की मौत वेंटिलेटर न मिलने का आरोप

आगरा। एसएन मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती मरीज की मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि 4 दिन तक मरीज को वेंटिलेटर नहीं मिला। शिकायत के बाद वेंटिलेटर उपलब्ध कराया, कुछ ही घंटे में मौत हो गई। पहले दिन से ही मरीज को वेंटिलेटर की सुविधा मिल जाती तो जान बच सकती थी। अकोला निवासी देवेंद्र सिंह ने बताया भाई सनी (22) बीते 2 नवंबर को संदिग्ध हालात में सड़क पर गंभीर हालत में मिले थे। वह चिनाई का कार्य करते थे। सिर पर चोट लगी थी। निजी अस्पताल लेकर गए तो भर्ती करने से मना कर दिया गया। ऐसे में 2 नवंबर को एसएन मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। परिजन का आरोप है कि मरीज को वेंटिलेटर नहीं दिया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर स्टाफ से वेंटिलेटर की मांग की तो स्टाफ ने अभद्रता की। इस पर अपने परिचित समान अधिकार पार्टी के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा से शिकायत की। उन्होंने सोशल मीडिया पर अव्यवस्था के बारे में लिखा। इसके बाद बुधवार की दोपहर को स्टाफ ने वेंटिलेटर दिया। शाम करीब नौ बजे मरीज ने दम तोड़ दिया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता का कहना है कि ट्रॉमा सेंटर में 16 वेंटिलेटर और आठ बेड हैं। मरीज के सिर में गंभीर चोट लगी थी और उसे पहले दिन से ही वेंटिलेटर दिया गया है। परिजन मरीज को सुपर स्पेशियलिटी सेंटर में शिफ्ट करने का दबाव बना रहे थे।

## पुलिस लाइन सभागार में तनाव प्रबंधन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया



फिरोजाबाद। उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसो. के तत्वाधान में एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में ग्रीन हर्बल हेल्थ सेंटर योजना के तहत पुलिस लाइन सभागार में तनाव प्रबन्धन के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ.दीपावली बंसल सीनियर रेजीडेन्ट मानसिक रोग, दिनेश कुमार स्टाफ नर्स मानसिक रोग एवं शशि देव भार्गव काउंसलर मानसिक रोग ने प्रतिभागियों को तनाव प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिया। उन्होंने तनाव के कारणों, प्रभावों और प्रबंधन के तरीकों पर चर्चा की, कार्यशाला में प्रतिभागियों ने तनाव प्रबन्धन के विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया। कार्यशाला का आयोजन पुलिस विभाग फिरोजाबाद द्वारा किया गया, जिसमें करीब 145 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सुरेन्द्र विक्रम सिंह, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अफसरों संग की समीक्षा




मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश में हो रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर आज सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर को लेकर दिए गए दिशा-निर्देशों, कार्यक्रमों और इसकी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान कहीं से भी गड़बड़ी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जाए।

समीक्षा में यह पाया गया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा राजनैतिक दलों के साथ बैठक करके उन्हें एसआईआर की प्रक्रिया और आयोग के निदेर्शों की जानकारी दे दी गई है। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से बूथ लेबल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का अनुरोध भी किया गया है, जो पुनरीक्षण कार्यों में बीएलओ का सहयोग करेंगे। मतदाता सूची से मैपिंग के कार्य को अगले तीन दिनों के भीतर पूर्ण किए जाने के निर्देश मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत ह्लबुक ए कॉल विद बीएलओह्व की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके अन्तर्गत कोई भी मतदाता पोर्टल के माध्यम से बुक ए कॉल की सुविधा के अन्तर्गत अपने बीएलओ से बात करने की रिक्वेस्ट डाल सकता है। जिसे बीएलओ को अगले 48 घंटों के भीतर आवेदक से सम्पर्क कर निस्तारण करना है। किसी भी जनपद के जिला सम्पर्क केन्द्र में कॉल करने के लिए उस जनपद के एस0टी0डी0 कोड के साथ 1950 डायल करना होगा। इसका समुचित प्रचार-प्रसार कराये जाने का निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए।

सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान दिन-प्रतिदिन की प्रगति को मीडिया के साथ साझा किया जाए तथा अपने सोशल मीडिया हैण्डल्स से भी इसको प्रसारित किया जाए।

आज की बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी, शामली के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिये गये, साथ ही सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान किसी भी स्तर पर कार्य में लापरवाही तथा दिये गये निदेर्शों की अवहेलना पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

संक्षेप

## जोमैटो का कलनरी एक्सपीरियंस लॉन्च

नयी दिल्ली। डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो, द गोइंग-आउट प्लेटफॉर्म, ने कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग में, भारत के सबसे निष्ठावान ग्राहकों के लिए लक्जरी डाइनिंग का एक नया अध्याय पेश किया। यह अनुभव कोटक सॉलिटेयर क्रेडिट कार्ड के ग्राहकों के लिए एक्सक्लूसिव रूप से उपलब्ध है। देश के सबसे प्रसिद्ध कलनरी माइंड्स द्वारा तैयार और प्रतिष्ठित डाइनिंग डेस्टिनेशंस पर होस्टेड, ये दुर्लभ, परिष्कृत और बेहद व्यक्तिगत अनुभव खानपान और संस्कृति के साथ जुड़ाव को बेहतर करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। मिशलिन-स्टार्ड लेजेंड्स के साथ इंटिमेट शेफ्स टेबल्स से लेकर ग्लोबल मिक्सोलॉजी आइकॉन्स द्वारा तैयार शानदार ईवनिंग्स तक, कोटक सॉलिटेयर क्रेडिट कार्ड असाधारण गैस्ट्रोनॉमिक मोमेंट्स के लिए प्रिविलेज्ड एक्सेस प्रदान करता है।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया कैमरा फोन मोटो जी67 पॉवर

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज 15के सेगमेंट के तहत अपने सर्वश्रेष्ठ कैमरा फोन मोटो जी67 पॉवर के लॉन्च की घोषणा की है। इसमें विशाल 7000एमएएच की बैटरी दी गई है। यह डिवाइस अपने सेगमेंट को फिर से परिभाषित करता है, जिसमें सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ 50एमपी सोनी लिटिया 600 कैमरा है, जिसमें सभी कैमरों से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग की अनूठी सुविधा है, स्लिमर डिजाइन के लिए सिलिकॉन कार्बन टेक्नोलॉजी के साथ विशाल 7000एमएएच बैटरी, शक्तिशाली स्नैपड्रैगनो 7एच जेन 2 प्रोसेसर, सेगमेंट की सर्वोच्च मजबूती गोरिल्ला ग्लास 7आई और एमआईएल-810एच के साथ, और एक शानदार 6.7 इंच 120 हर्टज्प्लस डिस्प्ले, इन सबको एक अल्ट्रा-प्रीमियम पैंटोन क्यूरेटेड वेगन लेदर डिजाइन में पेश किया गया है।

## ईआईसीएमए में पहली बार पेश हुई बीएसए की एडवेंचर बाइक

बंगलुरु। बीएसए ने ईआईसीएमए में अपनी चौथी बाइक पेश की है, जिसे बीएसए थंडरबोल्ट नाम दिया गया है। यह नई एडवेंचर बाइक आकर्षक डिजाइन और इस सेगमेंट में जरूरत वाली आधुनिक राइडिंग टेक्नोलॉजी का दमदार मेल है। पहले की थंडरबोल्ट मॉडल अपनी टूरिंग और ऑफ-रोड क्षमता के लिए जानी जाती थी। 1972 में बर्मिंघम के प्रोडक्शन लाइन से निकली आखिरी बाइक की उस विरासत को अब बीएसए की इस पहली एडवेंचर बाइक में आगे बढ़ाया गया है।नई बीएसए थंडरबोल्ट को नई पीढ़ी के राइडर्स को ध्यान में रखकर दोबारा तैयार किया गया है। यह एक पुरानी पहचान का नया और बेहतर रूप है।

## राकेश मसाला के ब्रांड अम्बेस्डर बने ऋतिक

नयी दिल्ली। राकेश मसाला ने आज घोषणा की है कि ऋतिक रोशन अब इसके आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर होंगे। इस ऐतिहासिक साझेदारी के साथ, ब्रांड अपने पाँच दशकों के उत्तम स्वाद को भारत के सबसे प्रिय सितारों में से एक के आकर्षण के साथ जोड़ता है। 1975 में केवल दो उत्पादों के साथ स्थापित राकेश मसाला आज एक घरेलू नाम बन चुका है, जिसके पास 80 से अधिक उत्पाद हैं – जिनमें मसाले, तेल, आटा, रसोई की आवश्यक वस्तुएँ शामिल हैं।

## सूर्या रोशनी ने किया पोर्टफोलियो का विस्तार

बंगलुरु। सूर्या रोशनी, जो भारत में लाइटिंग, फैन, होम अप्लायंसेज, स्टील और पीवीसी पाइप्स के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक है, ने तार और केबल्स सेगमेंट में प्रवेश किया है और अपनी नई टर्बो फ्लेक्स रेंज लॉन्च की है – जो सुरक्षा, टिकाऊपन और बहुमुखी प्रतिभा का शक्तिशाली संयोजन है, विशेष रूप से आधुनिक घरों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए तैयार की गई है। इसके साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस मार्केट में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। नए लॉन्च किए गए तार दो प्रकार में उपलब्ध हैं: टर्बो फ्लेक्स झ्र फ्लेम रिटार्डेंट और टर्बो फ्लेक्स ग्रीन फ्लेम रिटार्डेंट लो स्मोक एंड हैलोजन। ये प्रतिबंधित खतरनाक पदार्थों पर रोक अनुपालन, पर्यावरण-अनुकूल तार हैं, जिन्हें उच्च सुरक्षा विशेषताओं के साथ बनाया गया है और रोजमर्रा की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इंजीनियर किया गया है।

# सेंसेक्स में 148 अंकों की गिरावट




मुंबई। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली के बीच बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 148 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 88 अंक नीचे आ गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 148.14 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 83,846.35 के उच्चतम और 83,237.65 के निम्नतम स्तर को छुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 87.95 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,509.70 अंक पर बंद हुआ। यह मानक सूचकांकों में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में खासी गिरावट आई थी। बुधवार को बाजार गुरु नानक जयंती पर बंद रहे थे। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड में सर्वाधिक 3.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इटर्नल में 2.44 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में 1.67 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस में 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में 1.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके उलट एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,067.01 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध रूप से बिकवाली की थी जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,202.90 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। एशियाई बाजारों के अनुकूल रुख के बावजूद घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। एफआईआई की निरंतर निकासी के बीच व्यापक मुनाफावसूली देखी गई। एमएससीआई सूचकांक में चार भारतीय कंपनियों के शामिल होने और मजबूत अमेरिकी आंकड़ों से उपजा शुरुआती आशावाद कमजोर घरेलू पीएमआई आंकड़ों से कम हो गया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर के 60.9 से गिरकर अक्टूबर में 58.9 पर आ गया, जो मई के बाद से विस्तार की सबसे धीमी गति को दर्शाता है। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.53 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 1.19 प्रतिशत की गिरावट रही।

# सोना 600 रुपये उछलकर 124700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी भी चमकी



नयी दिल्ली। व्यापारियों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत दो दिनों की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को 600 रुपये बढ़कर 124,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 600 रुपये बढ़कर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। मंगलवार को यह 1,23,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 1,800 रुपये बढ़कर 1,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। मंगलवार को यह 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बुधवार को गुरु नानक जयंती पर छुट्टी होने के कारण सर्राफा बाजार बंद रहे थे। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 28.96 डॉलर यानी 0.73 प्रतिशत बढ़कर 4,008.19 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि हाजिर चांदी 1.22 प्रतिशत बढ़कर 48.60 डॉलर प्रति औंस हो गई। सुरक्षित निवेश की मांग और अमेरिकी डॉलर में मामूली गिरावट आने से बृहस्पतिवार को सोने में तेजी आई। अमेरिका में सरकारी विभागों के वित्तीय प्रावधान न होने से जारी शटडाउन अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन बन गया है। इस लंबे शटडाउन ने वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता पैदा कर दी है, जिसका फायदा सुरक्षित निवेश वाली कीमती धातुओं को मिल रहा है। विश्व की छह प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक पिछले सत्र में कई महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद 0.29 प्रतिशत गिरकर 99.97 रह गया, जिससे कीमती धातुओं को भी मदद मिली।

# सेबी ने आईपीओ में संस्थागत निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए उठाया कदम

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में एंकर निवेशकों के लिए शेयर-आवंटन ढांचे में सुधार करते हुए नियमों में संशोधन किया है। इस कदम का उद्देश्य म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और पेंशन कोष जैसे घरेलू संस्थागत निवेशकों की भागीदारी को व्यापक बनाना है।

इसके तहत, नियामक ने एंकर हिस्से में कुल आरक्षित कोटा को बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 33 प्रतिशत था। इसमें म्यूचुअल फंड के लिए 33 प्रतिशत और बीमा कंपनियों तथा पेंशन कोष के लिए शेष सात प्रतिशत शामिल है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 31 अक्टूबर की एक अधिसूचना में कहा कि यदि बीमा कंपनियों और पेंशन कोष के लिए आरक्षित सात प्रतिशत हिस्से को अभिदान नहीं मिलता है, तो उसे म्यूचुअल फंड को आवंटित कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नियामक ने आईपीओ के लिए अनुमति प्राप्त एंकर निवेशकों की संख्या में भी वृद्धि की है। सेबी ने कहा कि कुल 250 करोड़ रुपये तक के आवंटन के लिए न्यूनतम पांच और अधिकतम 15 निवेशकों को अनुमति दी जाएगी। प्रत्येक अतिरिक्त 250 करोड़ रुपये या उसके हिस्से के लिए, अतिरिक्त 15 निवेशकों को अनुमति दी जाएगी।

# समाजवादी मानसिकता अभी कायम है: कांत



मुंबई। नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने बृहस्पतिवार को अत्यधिक नियामकीय अनुपालन बोझ से भारतीय उद्यमों का विकास प्रभावित होने का जिक्र करते हुए कहा कि देश के भीतर समाजवादी मानसिकता अब भी कायम है।

भारत का नियामकीय वातावरण अत्यधिक अनुपालन बोझ डालता है। ब्रिटिश राज को हमने कई मायनों में लाइसेंस राज से बदल दिया था। और हमारी समाजवादी मानसिकता आज भी कायम है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने उद्यमों को अत्यधिक विनियमन और अनुपालन के बोझ से मुक्त करने की जरूरत है। नियमन का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जो विश्वास और पारदर्शिता की ढाल बने, न कि मनमाने नियंत्रण की तलवार। कांत ने चेतावनी दी कि यदि नियामकीय ढांचा जटिल और नियंत्रणकारी बना रहा, तो विकसित भारत पहल के तहत 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। हमें सरकार और विनियमन की भूमिका को मूलतः नियंत्रित से सक्षम में बदलना होगा। वित्तीय नियामकों के भीतर स्वायत्त प्रभाव मूल्यांकन कार्यालय स्थापित किए जाएं, जो नियमित रूप से अपने निर्णयों के प्रभाव का मूल्यांकन करें और सीधे निदेशक मंडल को रिपोर्ट दें। उन्होंने एक ही नियामक के भीतर सभी शक्तियों के केंद्रीकरण पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे हितों के टकराव की स्थिति बनती है और बाहरी जांच-पड़ताल की कमी रहती है। भारतीय नियामकों को तीन अलग-अलग चरणों- नियम निर्माण, प्रवर्तन और निर्णय में विभाजित किया जाना चाहिए। जहां यह आंतरिक रूप से संभव न हो, वहां स्वतंत्र न्यायाधिकरण काम करें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि नियामक संस्थाएं सार्वजनिक परामर्श समूहों को कुछ अधिकार सौंपें और हर नियम में समाप्ति अवधि का भी उल्लेख हो ताकि उसे तय समय के बाद स्वतः समीक्षा या समाप्त किया जा सके।

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर पांच माह के निचले स्तर पर

नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर प्रतिस्पर्धी दबाव और भारी बारिश के कारण अक्टूबर में पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर के 60.9 से अक्टूबर में 58.9 पर आ गया। यह मई के बाद से विस्तार की सबसे धीमी गति को दर्शाता है। इस नरमी के बावजूद, अक्टूबर माह का सेवा पीएमआई सूचकांक 50 के तटस्थ स्तर तथा 54.3 के अपने दीर्घकालिक औसत से काफी ऊपर रहा। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अक्टूबर में घटकर 58.9 पर आ गयी जो मई के बाद से विस्तार की सबसे धीमी गति को दर्शाता है। इस क्रमिक मंदी की मुख्य वजह प्रतिस्पर्धी दबाव और भारी बारिश रही। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा करीब 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों की समिति को भेजी गई प्रश्नावली के जवाबों से संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई के अनुसार, मांग में तेजी तथा जीएसटी राहत जैसे कारकों से परिचालन स्थितियों में सुधार हुआ।

# रुपया 10 पैसे बढ़कर 88.60 प्रति डॉलर पर



मुंबई। प्रमुख विदेशी प्रतिद्वंद्वी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 10 पैसे बढ़कर 88.60 (अस्थायी) पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में सुस्त कारोबारी धारणा और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने रुपये की तेज बढ़त को रोक दिया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.51 पर खुला और इसने डॉलर के मुकाबले 88.49 के उच्चस्तर को छुआ। यह 88.66 के दिन के निचले स्तर तक भी आया। सत्र के अंत में यह 88.60 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो अपने पिछले बंद स्तर से 10 पैसे अधिक है। मंगलवार को घरेलू मुद्रा सात पैसे की बढ़त के साथ 88.70 प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। बुधवार को गुरु नानक जयंती के कारण विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। डॉलर सूचकांक में कमजोरी से रुपये को सहारा मिला। हालांकि, लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली ने रुपये की तेजी की गति को सीमित कर दिया, जिससे घरेलू मुद्रा पर हल्का दबाव बना रहा। बाजार प्रतिभागियों का ध्यान अब इस सप्ताह जारी होने वाले प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर है, जिनमें आईएसएम विनिर्माण और गैर-विनिर्माण पीएमआई शामिल हैं, जो डॉलर की चाल और वैश्विक जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। निकट भविष्य में रुपये के सीमित दायरे में रहने की उम्मीद है, जिसका कारोबारी दायरा 88.40-88.90 के बीच रहने की संभावना है। बृहस्पतिवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अक्टूबर में पांच महीनों में सबसे धीमी रही, क्योंकि प्रतिस्पर्धी दबाव और देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण उत्पादन में धीमी वृद्धि हुई। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.23 प्रतिशत गिरकर 99.83 रह गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.10 प्रतिशत बढ़कर 64.22 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में, सेंसेक्स 148.14 अंक की गिरावट के साथ 83,311.01 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 87.95 अंक गिरकर 25,509.70 अंक पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को 1,067.01 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# कैग ने की राजस्व, व्यय ऑडिट के लिए दो केंद्रीकृत कैडर बनाने की घोषणा



नयी दिल्ली। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार के वित्त के ऑडिट की गुणवत्ता में और सुधार लाने और गहन व्यावसायिक विशेषज्ञता विकसित करने के लिए दो केंद्रीकृत कैडर बनाने की घोषणा की।

उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के. सुब्रमण्यम ने यहां संवाददाताओं को बताया कि कैग ने भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के अंतर्गत विशेष कैडर... केंद्रीय राजस्व लेखा परीक्षा (सीआरए) कैडर और केंद्रीय व्यय लेखा परीक्षा (सीईए) कैडर... बनाने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह योजना एक जनवरी, 2026 से लागू होगी। वर्तमान में, केंद्रीय प्राप्तियों और व्यय का ऑडिट महानिदेशक (ऑडिट)प्रधान निदेशक (ऑडिट) कार्यालयों और कई राज्य सिविल ऑडिट कार्यालयों और स्वतंत्र सीसीए (मुख्य लेखा नियंत्रक) में फैले कैडर नियंत्रण वाले विशिष्ट कार्यालयों द्वारा किया जाता है। सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्रीकरण कैडर प्रबंधन को एकीकृत करेगा और कई अलग-अलग कैडर को दो विशिष्ट धाराओं में समेकित करेगा। नए कैडर वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी और सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के स्तर पर 4,000 से अधिक लेखा परीक्षा पेशेवरों को एकीकृत करेंगे। उन्होंने कहा कि सीआरए कैडर सरकारी राजस्व संग्रह की लेखा परीक्षा में विशेषज्ञता को बढ़ावा देगा और सीईए कैडर सरकारी व्यय की लेखा परीक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगा। केंद्रीकरण के लाभ के बारे में, सुब्रमण्यम ने कहा कि सीआरए और सीईए कैडर में विशेषज्ञता से राजस्व और व्यय लेखा परीक्षा में विशेषज्ञता प्राप्त होगी। इससे कैडर-नियंत्रण प्राधिकरणों की संख्या भी सीआरए के लिए 16 और सीईए के लिए 19 से घटकर प्रत्येक कार्यक्षेत्र के लिए एकल केंद्रीय प्राधिकरण हो जाएगी।

पेज एक का शेष

## बिहार में फिर

एक जिला, एक उत्पाद योजना के माध्यम से बिहार के हर जिले के स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित कर रही है। प्रधानमंत्री ने सवालिया लहजे में कहा कांग्रेस की डिक्शनरी में स्वदेशी और आत्मनिर्भरता जैसे शब्द नहीं हैं। उन्हें गरीबों से क्या दुश्मनी है?
राजद पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, जंगलराज की पाठशाला में ए का मतलब होता है अपहरण और 2398 का मतलब फिरौती सिखाया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भागलपुर दंगा और सिख नरसंहार कांग्रेस के काले अध्याय हैं जिन्होंने देश को शर्मसार किया था। बिहार के विकास के लिए राजग सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, हम बिहार को टेक्नोलॉजी, टूरिज्म और टेक्सटाइल का हब बनाना चाहते हैं। हमने रोजगार सृजन के लिए ठोस रोडमैप तैयार किया है और निवेशक बिहार में निवेश को लेकर उत्साहित हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर छठ महापर्व का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस के नामदार ने छठ महापर्व का अपमान किया जो बिहार का अपमान है। वे तुष्टिकरण की राजनीति के चलते बिहार की आस्था का भी मज़ाक उड़ा रहे हैं। अब वही लोग घुसपैठियों की रक्षा करने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे बड़े पैमाने पर मतदान कर बिहार में विकास, सुरक्षा और सुशासन की सरकार को फिर से सत्ता में लाएं।इससे पहले अररिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बिहार आज विकास के लिए मतदान कर रहा है और राज्य की जनता ने जंगलराज से मुक्ति पाने का जो निर्णय लिया था, उसे फिर से कायम रखने का संकल्प लिया है।उन्होंने कहा, आज बिहार के अन्य हिस्सों में मतदान हो रहा है। लोग भारी संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, युवा भी बड़ी संख्या में मतदान कर रहे हैं। यह जनसैलाब बता रहा है कि बिहार के विधानसभा चुनाव का परिणाम क्या होने वाला है।

## योगी ने की

मिनट में पूरी करेगी, जिससे यात्रा समय में लगभग एक घंटे की बचत होगी। बयान के अनुसार, लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस से लखनऊ सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों को बहुत लाभ होगा, साथ ही रुड़की के रास्ते पवित्र शहर हरिद्वार तक पहुँच में भी सुधार होगा। बयान में आगे कहा गया है कि फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत इस मार्ग पर सबसे तेज़ ट्रेन होगी, जो यह यात्रा केवल छह घंटे 40 मिनट में पूरी करेगी। फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस राष्ट्रीय राजधानी और पंजाब के प्रमुख शहरों, जिनमें फिरोजपुर, बठिंडा और पटियाला शामिल हैं, के बीच संपर्क को मजबूत करेगी। दक्षिण भारत में, एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत यात्रा के समय को दो घंटे से अधिक कम कर देगी, जिससे यह यात्रा आठ घंटे 40 मिनट में पूरी हो जाएगी। एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस प्रमुख आईटी और वाणिज्यिक केन्द्रों को जोड़ेगी, जिससे पेशेवरों, छात्रों और पर्यटकों को तेज और अधिक आरामदायक यात्रा का विकल्प मिलेगा।

## बिहार चुनाव

रूप से जारी है। लखीसराय में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और राजद के बीच तकरार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दोनों नेता एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। विजय सिन्हा में कहा कि राजद एमएलसी ने शराब पी ली है। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। वहीं एमएलसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि रात में इनको पैसा बांटने नहीं दिया गया। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके लोगों ने हमारी गाड़ी रोकी और गुंडागर्दी पर उतर आए। वह चुनाव हार गए इसलिए बौखला गए हैं। विजय सिन्हा का चैप्टर बंद हो चुका है। उन पर हमला नहीं हुआ। वो कई दिनों से ये नाटक रचने का प्रयास कर रहे थे। मोकामा विधानसभा के दर्वे भदौर में राजद प्रत्याशी वीणा देवी के पति और बाहुबली सूरजभान सिंह का विरोध किया गया। वह मतदान की अपील करने गए थे। इसी दौरान लोगों ने उनका विरोध कर दिया। हालांकि, उन्होंने ने मतदाताओं को समझाने की कोशिश जरूर की लेकिन, किसी ने उनकी एक न सुनी। इसके बाद वह वहां से लौट गए। सीवान के गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के लकड़ी नवीगंज प्रखंड स्थित बूथ संख्या 349 और 350 लकड़ी मकतब पर भाजपा प्रत्याशी देवेशकांत सिंह के पहुंचने पर विवाद हो गया। आरोप है कि उन्होंने वहां मौजूद मुस्लिम महिला मतदाताओं से बुर्का हटाने को कहा, जिसके बाद स्थानीय वोटरों ने कड़ा विरोध जताया। मौके पर हंगामा बढ़ने पर लोगों ने ह्लवोट चोर गद्दी छोड़ोह्व के नारे लगाए। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। इसके बाद जाकर मामला शांत हुआ।

प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने अपने परिवार के साथ दीघा विधानसभा क्षेत्र 181, समनपुरा स्थित सामुदायिक भवन, मेहंदी नगर में मतदान किया। इस दौरान उनके पुत्र सैय्यद शान अहमद ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद पहली बार मतदान किया। सैयद शमायल अहमद ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का यह पहला चरण लोकतंत्र का महापर्व है, जिसे जनता पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ मना रही है। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य का पालन करना एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान है। उन्होंने राज्यवासियों से अपील की कि सभी लोग घरों से निकलकर मतदान करें और बिहार को मजबूत लोकतंत्र की दिशा में आगे बढ़ाएं।

पहले चरण की 121 सीटों पर 53.77 प्रतिशत मतदान हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में गुरुवार को 18 जिलों में औसतन 53.77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग के अनुसार सबसे अधिक मतदान बेगूसराय में 59.82 प्रतिशत रहा, जबकि राजधानी पटना में सबसे कम 48.69 प्रतिशत वोट पड़े। मुजफ्फरपुर में 58.40%, गोपालगंज में 58.87%, लखीसराय में 57.39%, समस्तीपुर में 56.35%, खगड़िया में 54.77%, सारण में 54.60%, वैशाली में 53.63%, नालंदा में 52.32%, मुंगेर में 52.17%, बक्सर में 51.69%, भोजपुर में 50.07%, सीवान में 50.93%, शेखपुरा में 49.37% मधेपुरा में 55.96%, सहरसा सहरसा में 55.22% व दरभंगा में 51.75% मतदान हुआ। अब मतदान के दौरान 100 से अधिक शिकायतें मिली हैं। वहीं 300 से अधिक एवट बदले गए।

लखीसराय में बूथ पर हंगामे के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बिहार के डीजीपी को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। लखीसराय एसपी खुद घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। एडिनिशल सीईओ अमित कुमार पांडेय ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। इस दौरान पटना जिले के मनेर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत महिनावा स्थित मध्य विद्यालय मतदान केंद्र संख्या 79 पर पुलिस कर्मियों के द्वारा मतदाताओं की वोटर कार्ड चेक करने के दौरान रोके जाने पर मनेर के वर्तमान विधायक व राजद प्रत्याशी भाई वीरेंद्र ने इसका विरोध करते हुए पुलिसकर्मी को चेतावनी दी। इस दौरान मतदान केंद्र पर पुलिसकर्मी और विधायक के बीच काफी देर तक कहा सुनी के साथ ही हो हंगामा हुआ। इस दौरान विधायक भाई वीरेंद्र पुलिसकर्मी को मतदाताओं को रोके जाने को लेकर कड़ा विरोध जताया। जिसे लेकर मतदान केंद्र पर काफी देर तक गहमा गहमी की स्थिति बनी रही।

## दिल्ली की

औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय और परिवहन क्षेत्रों को कवर करते हैं। रिपोर्ट में पूर्वी दिल्ली की हवा में पीएम2.5 कणों से चिपके जिंक, क्रोमियम, कॉपर और मोलिब्डेनम जैसे हेवी मेटल्स की ज्यादा मात्रा का जिक्र था। ये धातुएं फेफड़ों, किडनी और बच्चों के विकास को नुकसान पहुंचा सकती हैं। सीपीसीबी की रिपोर्ट से साफ हो गया है कि दिल्ली की हवा अभी भी जहरीली है। रिपोर्ट के अनुसार, जून-जुलाई 2025 में की गई जांच में दिल्ली के चार इलाकों पीतमपुरा, सरिफोर्ट, जनकपुरी और शाहदरा शामिल रहे। इसमें पीएम10 का औसत स्तर 130 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर निकला, जो राष्ट्रीय मानक (60 माइक्रोग्राम) से दोगुना से ज्यादा है। सबसे चौंकाने वाली बात, शाहदरा में 18 जून को पीएम10 222 तक पहुंच गया, जहां जिंक की मात्रा 265 नैनोग्राम तक थी। दिल्ली में चार लोकेशन्स पर 16 दिनों की मॉनिटरिंग से साफ पता चला कि पूर्वी दिल्ली का शाहदरा सबसे ज्यादा प्रभावित है। यहां औसत पीएम10 150 माइक्रोग्राम से ऊपर रहा, जबकि सरिफोर्ट में 100 के आसपास रहा। जिंक की सबसे ज्यादा मात्रा पीतमपुरा में 18 जून को 342 नैनोग्राम मिली, जो किडनी और त्वचा की बीमारियों का खतरा बढ़ाती है। कैंसर का कारण बनने वाला क्रोमियम पीतमपुरा में 45 नैनोग्राम (2 जुलाई) तक पहुंचा। कॉपर और मोलिब्डेनम ज्यादातर जांच सीमा से नीचे (बीडीएल) रहे, लेकिन जहां मिले, वहां 4 नैनोग्राम तक। सीपीसीबी ने अपनी रिपोर्ट में अदालत को बताया कि ये धातुएं मुख्य रूप से पीएम10 कणों से बंधी होती हैं, इसलिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत पीएम10 को 40 फीसदी कम करने का लक्ष्य 2025-26 तक हासिल करने पर जोर दिया जा रहा है। 2017-18 के आधार पर 2024-25 तक 95 शहरों में पीएम10 में कमी दर्ज की गई। 59 शहरों में 20 से अधिक, 20 में 40 फीसदी से अधिक और 17 ने एनएएक्यूएस हासिल कर लिया। हालांकि, दिल्ली जैसे शहरों में अभी भी चुनौती बरकरार है, जहां औद्योगिक उत्सर्जन और वाहनों से प्रदूषण प्रमुख स्रोत हैं।

## संवैधानिक संस्थाओं

है कि बिहार प्रतिभाशाली और मेहनती लोगों की धरती है। रक्षा मंत्री ने कहा, चुनाव हारने के डर से विपक्षी नेता निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर निराधार आरोप लगाते हैं। लेकिन जब आयोग उनसे सबूत मांगता है, तो वे कोई ठोस प्रमाण नहीं दे पाते।

## सैनिकों का

2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जा रही है। शहीद सैनिकों की एकमुश्त अनुग्रह सहायता 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दी गई है। हल्द्वानी में सैनिक परिवारों के 150 बच्चों के लिए आधुनिक छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन के नए युग में प्रवेश कर चुका है और ब्रह्मोस व आकाश मिसाइलों जैसी स्वदेशी प्रणालियों की सफलता इसका प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सैनिक कभी पूर्व सैनिक नहीं होता, वह जीवनभर सैनिक ही रहता है। कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाए देते हुए कहा कि उत्तराखंड की धरती ने देश को परमवीर चक्र से लेकर शौर्य चक्र तक के अनेक वीर प्रदान किए हैं। कार्यक्रम के दौरान जनपद नैनीताल की 31 और ऊधमसिंहनगर की 13 वीर नारियों को मुख्यमंत्री धामी ने शॉल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## अदालत ने बीएसए

ने गत एक अक्टूबर, 2005 को उक्त राशि को कुर्क करने का आदेश दिया। इसके बाद छह दिसंबर, 2024 को कार्यवाही के दौरान, अदालत ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के बैंक खाते (खाता संख्या 2205) से लेनदेन पर भी रोक लगा दी। इस वर्ष तीन नवंबर को हुई नवीनतम सुनवाई के दौरान, अपर दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) संजय कुमार गौड़ ने पाया कि अदालत के अक्टूबर 2005 के आदेश के अनुपालन में अभी तक कोई राशि कुर्क नहीं की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अदालत को बार-बार गुमराह कर रहा है।




# मंधाना आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित

दुबई। भारत की शीर्ष क्रम की करिश्माई बल्लेबाज स्मृति मंधाना को वनडे विश्व कप के दौरान दिखाए गए प्रदर्शन के लिए आईसीसी के अक्टूबर के महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार लिए नामांकित किया गया।

भारत ने रविवार को नवी मुंबई में आईसीसी वनडे विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर महिला क्रिकेट में अपना पहला वैश्विक खिताब जीतकर इतिहास रचा। भारतीय उप-कप्तान मंधाना दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट और ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक बल्लेबाज एशले गार्डनर के साथ इस सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। मंधाना ने शीर्ष क्रम में भारतीय बल्लेबाजी का नेतृत्व किया और विश्व कप के दौरान सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के साथ कई बेहतरीन साझेदारियां निभाईं। मंधाना (29 वर्ष) की शुरुआत हालांकि धीमी रही लेकिन उन्होंने सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 80 रन की और फिर इंग्लैंड के खिलाफ 88 रन की आक्रामक पारी खेली। भारतीय टीम को हालांकि दोनों मैच में हार मिली लेकिन वह लय में दिखीं। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में मंधाना ने चुनौती



का डटकर सामना किया जिसमें उन्होंने 109 रन की शानदार पारी खेलने के साथ प्रतिका के साथ 212 रन की मैच विजयी साझेदारी भी की। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 45 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत कराई और शेफाली वर्मा के साथ शतकीय साझेदारी निभाई।

दक्षिण अफ्रीकी कप्तान वोल्वार्ट ने टूर्नामेंट पहले मैच में इंग्लैंड से मिली 10 विकेट की शर्मनाक हार से उबारकर टीम को खिताबी मुकाबले तक पहुंचाया। वोल्वार्ट ने लीग चरण में भारत के खिलाफ 70 रन की पारी खेलकर निर्णायक भूमिका निभाई। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की इस दिग्गज ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक जड़े जिससे टीम नॉक-आउट दौर में पहुंची। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ वोल्वार्ट ने 169 रन की पारी खेलकर क्रिकेट विश्व कप की सबसे बेहतरीन पारी खेली। वोल्वार्ट ने फाइनल में भी 101 रन की शतकीय पारी खेली लेकिन भारत के हरफनमौला प्रदर्शन ने दक्षिण अफ्रीका की पहली बार विश्व खिताब जीतने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। ऑस्ट्रेलिया की गार्डनर ने लगभग हर मैच में शानदार योगदान दिया। उन्होंने न्यूजीलैंड (115) और इंग्लैंड (नाबाद 104) के खिलाफ जीत के दौरान शतक जड़े।

# हमें पता था कि इस बड़े मैदान पर 167 रन काफी हैं : दुबे



कैरारा। हरफनमौला शिवम दुबे ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां चौथे टी20 मैच में मैदान का आकार बड़ा होने से भारत का स्कोर पर्याप्त था और गेंदबाजों ने रणनीति पर बखूबी अमल करके मेजबान को हराया। भारत ने 167 रन बनाने के बावजूद आस्ट्रेलिया को 48 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2 -1 की अजेय बढत बना ली। दुबे ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, इस मैदान पर 167 का स्कोर अच्छा था क्योंकि हमारे पास बेहतरीन गेंदबाज हैं। मुझे उन पर भरोसा है और पूरी टीम को उन पर भरोसा है। उन्होंने कहा यह टी20 मैच है और कोई भी बल्लेबाज आकर आक्रामक पारी खेल सकता है लेकिन इस मैदान पर बाउंड्री बड़ी है और हमने उसी हिसाब से रणनीति बनाई थी। हमें विश्वास था कि हम उन्हें रोक लेंगे। दुबे ने आगे कहा हमारी रणनीति बड़ी बाउंड्री वाली तरफ गेंद डालने की थी क्योंकि बड़े शॉट लगाना आसान नहीं है। हमने चतुराई से गेंदबाजी की और बल्लेबाज को क्रीज पर जमने के बाद बड़ी बाउंड्री वाली तरफ शॉट खेलने के लिये मजबूर किया। उन्होंने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर, गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बतौर गेंदबाज उनकी काफी हौसलाअफजाई की जिससे उनका आत्मविश्वास बढा।

## संक्षेप

### न्यूजीलैंड की रोमांचक जीत

ऑकलैंड। मार्क चैपमैन ने 28 गेंदों पर 78 रन की चमकदार पारी खेली जिससे न्यूजीलैंड ने गुरुवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन रन से हराकर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। चैपमैन ने अपनी पारी में छह चौके और सात छक्के लगाए। उन्होंने केवल 19 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण न्यूजीलैंड ने नौवें से 16वें ओवर तक 100 रन जोड़े और पांच विकेट पर 207 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। चैपमैन के अलावा न्यूजीलैंड की तरफ से डेरिल मिशेल ने 14 गेंदों में नाबाद 28 और मिशेल सैंटनर ने आठ गेंदों में नाबाद 18 रन बनाए। टिम रॉबिन्सन ने शीर्ष क्रम में 39 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 13 ओवर के बाद उसका स्कोर छह विकेट पर 94 रन था।

### एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप आज से

नयी दिल्ली। प्रतिष्ठित पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी शुक्रवार से शुरू होने वाले देशव्यापी दौरे के दौरान भारत के 20 शहरों का दौरा करेगी। यह दौरा शुक्रवार को हॉकी इंडिया शताब्दी समारोह के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया, तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष सेकर जे मनोहरन की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर शुरू होगा। इन 20 शहरों में चंडीगढ़, अमृतसर, लखनऊ जम्मू, पुणे और हैदराबाद भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। ट्रॉफी तमिलनाडु लौटने से पहले 20 शहरों से होकर गुजरेगी जिससे देश भर के प्रशंसकों को इसे करीब से देखने का मौका मिलेगा। टिर्की ने बयान में कहा, ट्रॉफी दौरे के पीछे का मकसद एचआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के उत्साह को भारत के हर कोने तक पहुंचाना है। यह भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

### गोल्फ : दीक्षा डागर चीन में भारतीयों के बीच शीर्ष पर

शेनझेन (चीन)। दीक्षा डागर बृहस्पतिवार को यहां अरामको चीन गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर हैं। दीक्षा संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर हैं। भारत की प्रणवी उर्स पार 73 के स्कोर से संयुक्त रूप से 57वें स्थान पर हैं। दो अन्य भारतीय खिलाड़ी त्वेसा मलिक और अवनि प्रशांत एक ओवर 74 के समान स्कोर से संयुक्त रूप से 75वें पायदान पर हैं। स्वीडन की मोया फोल्क ने छह अंडर 67 के स्कोर से इंग्लैंड की एलिस ह्युसन, थाईलैंड की ओंचिसा उतामा और जर्मनी की लॉरा फुएंफस्टुएक पर एक शॉट की बढ़त बना ली है।

### भुल्लर सिंगापुर ओपन में 10वें स्थान पर

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर बृहस्पतिवार को यहां पहले दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से मोतेई सिंगापुर ओपन में संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं। पहले दौर का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है। भुल्लर ने सात बर्डी की लेकिन दो बोगी भी कर गए। अन्य भारतीयों में अजितेश संधू (70) संयुक्त 57वें, विराज मादप्पा (71) संयुक्त 79वें, शिव कपूर (72) संयुक्त 98वें स्थान पर और एस चिकारंगप्पा (75) संयुक्त 121वें स्थान पर हैं।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराया

## टी-20 : श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बनायी, भारतीय टीम ने आठ विकेट पर 167 रन ही बना सकी थी

एजेंसी

कैरारा (गोल्ड कोस्ट), छह नवंबर (भाषा) अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर की उम्दा गेंदबाजी से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बनाई। भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम वाशिंगटन सुंदर (तीन रन पर तीन विकेट), अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) और शिवम दुबे (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान मिचेल मार्श (30) ही 30 रन के आंकड़े को छू पाए। नाथन एलिस (21 रन पर तीन विकेट) और एडम जंपा (45 रन पर तीन विकेट) ने इससे पहले अंतिम ओवरों में भारत को लगातार झटके दिए जिससे एक समय दो विकेट पर 121 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही मेहमान टीम आठ विकेट पर 167 रन ही बना सकी।

भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 39 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 46 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। अभिषेक शर्मा (28), शिवम दुबे (22) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (20) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। अक्षर ने अंत में 11 गेंद में नाबाद 21 रन बनाकर भारत



का स्कोर 160 रन के पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को भारतीय गेंदबाजों ने लगातार दबाव में रखा। मैथ्यू शॉर्ट (25) ने अर्शदीप सिंह (22 रन पर एक विकेट) पर चौके के साथ खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भी छक्का और चौका मार। मार्श ने भी जसप्रीत बुमराह (27 रन पर एक विकेट) और अर्शदीप पर चौके मारे। अक्षर ने शॉर्ट को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद विकेटों से टकरा रही थी। जोश इंग्लिस (12) ने आते ही बुमराह पर दो चौके मारे जिससे ऑस्ट्रेलिया ने पावर प्ले में एक विकेट पर 48 रन बनाए। मार्श 21 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब वरुण चक्रवर्ती (26 रन पर एक विकेट) की गेंद पर लांग ऑफ पर अभिषेक ने उनका मुश्किल कैच टपका दिया। अक्षर ने इंग्लिस को बोल्ड किया जबकि मार्श भी दुबे की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अर्शदीप को कैच दे बैठे जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 70 रन हो गया।

पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले टिम डेविड (14) ने दुबे पर लंबा छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद को हवा में लहराकर मिड ऑफ पर सूर्यकुमार के हाथों लपके गए। अर्शदीप ने जोश फिलिप (10) को शॉर्ट मिडविकेट पर चक्रवर्ती के हाथों कैच कराके ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका दिया। ग्लेन मैक्सवेल (02) ने एक रन के साथ 15वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के रनों का शतक पूरा किया लेकिन अंतिम गेंद पर बोल्ड हो गए।

### हालात के अनुकूल ढलना जीत की कुंजी : सूर्यकुमार

कैरारा। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आस्ट्रेलिया पर चौथे टी20 मैच में 48 रन से मिली जीत के लिये बल्ले और गेंद से अपने खिलाड़ियों के चतुराई भरे खेल को श्रेय दिया। भारत ने 167 रन बनाने के बावजूद जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढत बना ली है। सूर्यकुमार ने जीत के बाद कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजों को इसका श्रेय जाना चाहिये। शुभमन और अभिषेक ने जिस तरह से शुरूआत की, उन्हें पता था कि यह 200 या 220 रन वाला विकेट नहीं है। उन्होंने चतुराई से खेला। बल्लेबाजों की तरफ से यह पूरा टीम प्रयास था।

# पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने नया कीर्तिमान किया स्थापित



नयी दिल्ली। जन्म से ही भुजाहीन पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने बृहस्पतिवार को एक और उपलब्धि हासिल करते हुए जेद्दा में होने वाले आगामी एशिया कप चरण तीन के लिए भारत की सक्षम जूनियर टीम में जगह बनाई। विश्व कंपाउंड चैंपियन शीतल के लिए एक सक्षम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में शामिल होना एक और ऐतिहासिक उपलब्धि है। शीतल ने टीम की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, जब मैंने प्रतिस्पर्धा शुरू की थी तो मेरा एक छोटा सा सपना एक दिन सक्षम तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा करना था।

> भारत की एशिया कप सक्षम टीम में जगह बनायी

शुरुआत में मैं इसमें सफल नहीं हो पाई, लेकिन मैं हर असफलता से सीखते हुए आगे बढ़ती रही। आज वह सपना एक कदम और करीब आ गया है। पेरिस पैरालंपिक 2024 में मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली शीतल ने तुर्की की पेरिस पैरालंपिक चैंपियन ओजनूर क्यूर गिर्डी से प्रेरणा ली जो विश्व स्तर पर सक्षम तीरंदाजों की स्पर्धाओं में भी भाग लेती हैं। देश भर के 60 से ज्यादा सक्षम तीरंदाजों के बीच समान परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा करते हुए जम्मू-कश्मीर की 18 वर्षीय तीरंदाज शीतल सोनीपत में हुए चार दिवसीय राष्ट्रीय चयन ट्रायल में तीसरे स्थान पर रहीं। शीतल ने क्वालीफिकेशन दौर में 703 अंक हासिल किए (पहले दौर में 352 और दूसरे दौर में 351) जो शीर्ष क्वालीफायर तेजल साल्वे के कुल अंक के बराबर स्कोर था। फाइनल रैंकिंग में तेजल (15.75 अंक) और वैदेही जाधव (15 अंक) ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए जबकि शीतल ने 11.75 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। शीतल ने महाराष्ट्र की ज्ञानेश्वरी गडाधे को 0.25 अंक के मामूली अंतर से पीछे छोड़ा।

# ध्रुव जुरेल के शतक से भारत ए के 255 रन



एजेंसी

बेंगलुरू। ध्रुव जुरेल के शानदार शतक की मदद से भारत ए ने शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन बृहस्पतिवार को 255 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर भारत ए ने सात विकेट 126 रन पर गंवा दिये थे लेकिन जुरेल (नाबाद 132) और कुलदीप यादव (20) ने आठवें विकेट के लिये 79 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 175 गेंदों में 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 126 रन की पारी खेली जबकि कुलदीप ने अपनी पारी में 87 गेंदों का सामना किया। जुरेल ने आफ स्पिनर प्रेनेलान सुब्रायेन को लांग आन पर शानदार छक्का जड़ा।

इसके बाद इसी गेंदबाज को स्लॉग स्वीप पर छक्का लगाया। उन्होंने वान वूरेन की गेंद पर एक रन लेकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चौथा शतक पूरा किया। पिछली सात पारियों में यह उनका तीसरा शतक है। उन्होंने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ लखनऊ में और वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में शतक बनाया था। इससे पहले साइ सुदर्शन (17), केएल राहुल (19) और कप्तान ज्षभ पंत (24) सस्ते में आउट हो गए।

### मुख्यमंत्री धामी ने स्नेह राणा को 50 लाख की प्रोत्साहन राशि दी

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य उत्तराखंड की स्नेह राणा से फोन पर बातचीत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके लिए 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि घोषित की। मुख्यमंत्री ने बुधवार रात राणा को हार्दिक बधाई देते हुए विश्वकप के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और देशप्रदेश का गौरव बढ़ाने के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा स्नेह राणा ने मेहनत, संकल्प और प्रतिभा से उत्तराखंड का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। उनकी सफलता हमारे युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अनिसिमोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में बनाई जगह

एजेंसी



रियाद। अमांडा अनिसिमोवा ने पहला सेट टाइब्रेकर में गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इगा स्वियातेक को 6-7 (3), 6-4, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। अमेरिका की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने विंबलडन के फाइनल में पोलैंड की खिलाड़ी से 6-0, 6-0 से हारने के बाद स्वियातेक पर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी अनिसिमोवा ने अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी स्वियातेक को हराया था। अनिसिमोवा को मुकाबले में केवल चार ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा और उन्होंने हर एक को बचा लिया। इस बीच एलेना रयबाकिना ने एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा पर 6-4, 6-4 की जीत के साथ अपना राउंड-रॉबिन चरण पूरा किया। रयबाकिना इस ग्रुप से पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी थी। वहीं दूसरी ओर शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को बृहस्पतिवार को एटीपी फाइनल्स के ड्रॉ में नोवाक जोकोविच के साथ रखा गया है जबकि गत चैंपियन यानिक सिनर और एलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे ग्रुप में हैं।

जिमी कोनोर्स ग्रुप में अल्काराज, जोकोविच, टेलर फ्रिट्ज और एलेक्स डि मिनॉर शामिल हैं। ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में सिनर, ज्वेरेव, बेन शेल्टन मौजूद है जबकि फेलिक्स ऑगर आलियासिमे या लोरेंजो मुसेटी में से एक इसमें जगह बनाएगा। अभी ऑगर आलियासिमे आठवें और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान पर हैं लेकिन मुसेटी अगर इस हफ्ते एथेंस में टूर्नामेंट जीत जाते हैं तो वह कनाडा के इस खिलाड़ी को पछाड़कर यह क्वालीफाइंग स्थान हासिल कर सकते हैं। फाइनल्स रविवार से राउंड रॉबिन राउंड से शुरू होंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे।

# लखनऊ के खिलाड़ियों का दबदबा, जीते 6 स्वर्ण पदक

लखनऊ। अनिका, लक्ष्य, चैतन्य, सूर्यांश, नव्या व शिशुपाल ने 41वीं सब जूनियर, नौवीं कैडेट एवं 42वीं सीनियर यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पहले दिन मेजबानों के लिए स्वर्णिम सफलता हासिल की। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा इस चैंपियनशिप का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में किया जा रहा है।

> 41वीं सब जूनियर, नौवीं कैडेट एवं 42वीं सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप

चैंपियनशिप के पहले दिन लखनऊ के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 8 रजत व पांच कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में बढ़त बनाई जबकि आगरा ने चार स्वर्ण, दो रजत एवं कांस्य पदक अपने नाम किए। चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से भाग लेने आए खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। आज मुख्य अतिथि का स्वागत उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष आनंद मणि जुगरान, संयुक्त सचिव मोहित कुमार व हिमप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। पहले दिन के परिणामों में बालिका सब जूनियर में लखनऊ की अनिका गुप्ता ने स्वर्ण, अर्शिका ने रजत व मनिका कुशवाहा ने कांस्य पदक जीता।

# इंटर मिलान का विजय अभियान जारी



एजेंसी

मिलान। इंटर मिलान ने कजाकिस्तान के क्लब कैराट को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा लेकिन बार्सिलोना को क्लब ब्रुग ने ड्रॉ पर रोक दिया जबकि एर्लिंग हालैंड ने गोल करने का क्रम जारी रखा जिससे मैनचेस्टर सिटी ने बोरूसिया डॉर्टमुंड पर 4-1 से जीत हासिल की। पिछले वर्ष की उपविजेता इंटर के लिए लुटारो मार्टिनेज और कार्लोस ऑगस्टो ने प्रत्येक हाफ में एक गोल किया, जिससे वह इस प्रतियोगिता में बायर्न म्यूनिख और आर्सेनल के साथ चार मैचों में चार जीत हासिल करने वाली तीसरी टीम बन गई है। बार्सिलोना ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ रहे मैच में तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी की। बेल्जियम में खेले गए इस मैच में बार्सिलोना को वापसी दिलाने में लामिन यामल का अहम योगदान रहा। उन्होंने 61वें मिनट में गोल किया और 77वें मिनट में उनके ही शॉट पर क्लब ब्रुग के मिडफील्डर क्रिस्टोस त्ज़ोलिस ने आत्मघाती गोल कर दिया जिससे स्कोर 3-3 हो गया।

मैनचेस्टर में खेले गए एक अन्य मैच में फिल फोडेन ने मैनचेस्टर सिटी के लिए दो गोल दागे, जबकि हालैंड ने इस सत्र में अपने क्लब और अपने देश नार्वे के लिए कुल मिलाकर 17 मैचों में 27वां गोल किया। नॉर्वे के इस स्ट्राइकर ने अपने पिछले नौ मैचों में 14 गोल किए हैं। वह इस सत्र में सिर्फ़ दो बार ही गोल करने में नाकाम रहे हैं। इस बीच बेनफिका को घरेलू मैदान पर बायर लीवरकुसेन से ।-0 से हार का सामना करना पड़ा, जो लीग चरण में उसकी लगातार चौथी हार है। अजाक्स को भी घरेलू मैदान पर नौवें स्थान पर काबिज गैलाटसराय से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। विक्टर ओसिमेन ने अपनी हैट्रिक में दो पेनल्टी को गोल में बदलकर प्रतियोगिता में सर्वाधिक छह गोल कर लिए हैं। इस तरह से उन्होंने हालैंड, हैरी केन और काइलियन एम्बाप्पे को पीछे छोड़ दिया।

# राष्ट्रपति मुर्मू से मिली विश्व विजेता महिला टीम

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम से मुलाकात की जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उन्हें सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टीम जर्सी भेंट की। भारत ने रविवार को नवी मुंबई में 50 ओवर के विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर महिला क्रिकेट में अपना पहला वैश्विक खिताब जीतकर इतिहास रचा।

राष्ट्रपति मुर्मू ने टीम को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों ने सिर्फ इतिहास ही नहीं रचा है बल्कि वे युवा पीढ़ी के लिए आदर्श भी बन गई हैं। राष्ट्रपति के कार्यालय से जारी एक बयान में उनके हवाले से कहा गया, युवा पीढ़ी विशेषकर लड़कियां इस उपलब्धि से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। मुर्मू ने भविष्य में भी इस टीम के भारतीय क्रिकेट को शीर्ष पर रखने का भरोसा जताया और खिलाड़ियों के क्रिकेट सफर में आई मुश्किलों पर कहा, कभी-कभी तो खिलाड़ियों को



नींद भी नहीं आई होगी। लेकिन उन्होंने सभी चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड पर जीत के बाद लोगों को पूरा भरोसा था कि मैच में उतार-चढ़ाव के बावजूद हमारी बेटियां ही जीतेंगी।

मुर्मू ने कहा कि इन खिलाड़ियों की सफलता में उनकी कड़ी मेहनत, कौशल, पक्के इरादे और उनके परिवारों के अलावा क्रिकेटप्रेमियों के प्यार और आशीर्वाद का हाथ रहा। राष्ट्रपति ने टीम की हर सदस्य को बधाई दी।

# देश को वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत

## बैंक सुनिश्चित करें शाखा कर्मचारी स्थानीय भाषा जानें : सीतारमण



मुंबई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश को बड़े और वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत है और इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंकों के साथ बातचीत जारी है।

सीतारमण ने 12वें एसबीआई बैंकिंग एंड इकॉनमिक्स सम्मेलन-2025 को संबोधित करते हुए वित्तीय संस्थानों से उद्योग जगत के लिए कर्ज प्रवाह को बढ़ाने और व्यापक बनाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी और इससे कुल मिलाकर निवेश बढ़ेगा। उन्होंने कहा, देश को कई बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है... ।सरकार इस पर विचार कर रही है और काम शुरू हो चुका है।हम आरबीआई और बैंकों के साथ इस पर चर्चा कर रहे है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार का मुख्य जोर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर है और पिछले दशक में पूंजीगत व्यय में पांच गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 से व्यापार को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधारों को आगे बढ़ाया है। सीतारमण ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की और पिछले दशक में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी की अगुवाई में वृद्धि पर जोर दे रही है। डेटा (इंटरनेट) की लागत आज कम होकर 10 रुपये प्रति जीबी पर आ गयी है जो 2014 में 300 रुपये प्रति जीबी थी। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से आग्रह किया कि वे ग्राहकों से जुड़ाव बढ़ाने के लिए शाखा कर्मचारियों के लिए स्थानीय भाषा की जानकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राहकों से जुड़ाव कम होने से क्रेडिट सूचना कंपनियों पर निर्भरता बढ़ गई है। ये कंपनियां आंकड़े अद्यतन करने में लंबा समय लेती हैं, जिसके कारण ग्राहकों को कर्ज देने से मना कर दिया जाता है। स्थानीय भाषा न बोलने पर बैंक अधिकारियों के राजनीतिक दलों के गुस्से का सामना करने की कई घटनाओं के बाद उन्होंने यह बात कही है। मंत्री ने नियुक्ति और मानव संसाधन नीतियों में बदलाव की भी वकालत की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि स्थानीय भाषा बोलने वाले लोगों की भर्ती की जाए और उनका बेहतर मूल्यांकन भी हो। सीतारमण ने एसबीआई के एक कार्यक्रम में कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए भर्ती करें कि शाखा में तैनात प्रत्येक कर्मचारी अपने ग्राहक को समझे और स्थानीय भाषा बोले। कम से कम, अगर शीर्ष प्रबंधन नहीं बोलता है, तो शाखा स्तर के अधिकारी को बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं स्थानीय भाषा में उनकी दक्षता के आधार पर उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करने पर जोर दूंगी। सीतारमण ने कहा कि जिस एकमात्र आलोचना का वह बचाव नहीं कर सकतीं, वह है विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न मातृभाषाओं के लोगों को नियुक्त न करने की नीति। उन्होंने यह याद दिलाया कि किसी बैंक के लिए अपना व्यवसाय चलाने के लिए स्थानीय ग्राहक आवश्यक है। वित्त मंत्री ने कहा, ग्राहकों के साथ जुड़ाव होना बैंकों के लिए वृद्धि के दृष्टिकोण से भी आवश्यक है और याद दिलाया कि कैसे पुराने निजी क्षेत्र के बैंकों ने राष्ट्रीयकरण से पहले इस तरह का जुड़ाव स्थापित किया था। सीतारमण ने कहा कि व्यक्तिगत संपर्क की कमी के कारण ऐसी स्थितियां भी पैदा हुई हैं जहां बैंक शाखा स्थानीय ग्राहक को नहीं जानती।

# भारत-न्यूजीलैंड जल्द देंगे मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप



रोटोरुआ (न्यूजीलैंड)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और इसे जल्द ही अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के चार-दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आए गोयल एफटीए पर जारी बातचीत में हुई प्रगति की मेजबान देश के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले के साथ समीक्षा कर रहे हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, मेरा मानना है कि यह एक ऐतिहासिक दौरा है क्योंकि हम बहुत जल्द एफटीए को अंतिम रूप देने जा रहे हैं। दोनों पक्ष एक-दूसरे की संवेदनशीलताओं का सम्मान कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि व्यापार वार्ता में लगी दोनों देशों की टीमें अधिकांश मुद्दों पर सहमति बना चुकी हैं। उन्होंने कहा, कुछ ही बिंदु रह गए हैं और उन पर चर्चा जारी है। सहयोग की भावना के साथ अधिकांश मुद्दों का समाधान हो चुका है। वार्ता कल भी जारी रहेगी और हमें उम्मीद है कि काफी प्रगति होगी। न्यूजीलैंड के साथ 1.5 अरब डॉलर के मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने में एफटीए की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री ने कहा कि यह समझौता व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 प्रतिशत बढ़ा है, जो हमारी अर्थव्यवस्थाओं के आकार को देखते हुए बड़ी उपलब्धि है। हम ऐसा समझौता करने की दिशा में प्रयासरत हैं जो न्यूजीलैंड में भारतीय कारोबारियों और भारत में रुचि रखने वाले न्यूजीलैंड के उद्यमों दोनों के लिए अवसर पैदा करे। मैकक्ले ने कहा कि यह समझौता कृषि प्रौद्योगिकी, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्रों में भी सहयोग को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष वार्ता में बहुत अच्छी प्रगति कर रहे हैं। मैकक्ले भारत के साथ व्यापार समझौते के सिलसिले में अगले सप्ताह भारत की यात्रा भी करेंगे।

## संक्षेप

### फिलीपीन में तूफान से 241 लोगों की मौत

मनीला। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने तूफान कालमेगी के कारण देश के मध्य प्रांतों में कम से कम 241 लोगों की मौत होने तथा कई के लापता होने के बाद बृहस्पतिवार को आपातकाल की घोषणा की। यह इस साल देश में आयी भीषण प्राकृतिक आपदा है। तूफान कालमेगी के कारण ज्यादातर लोगों की मौत अचानक आई बाढ़ में डूबने से हुई, जबकि 127 लोग लापता हैं। इनमें से अधिकतर मध्य प्रांत सेबू के निवासी हैं। यह प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यह उष्णकटिबंधीय चक्रवात बुधवार को द्वीपसमूह से गुजरने के बाद दक्षिण चीन सागर की ओर बढ़ गया। तूफान के प्रकोप से लगभग 20 लाख लोग प्रभावित हुए, जबकि 5.6 लाख से अधिक ग्रामीण विस्थापित हो गए, इनमें से लगभग 4.5 लाख लोगों को आपातकालीन आश्रयों में शरण लेनी पड़ी। राष्ट्रपति मार्कोस ने यह आपातकालीन घोषणा आपदा प्रतिक्रिया अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान की, जिसमें तूफान के बाद की स्थिति का आकलन किया गया। इस घोषणा से सरकार को आपात राहत कोष को तेजी से जारी करने, खाद्यान्न की जमाखोरी और मुनाफाखोरी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

# हरियाणा की तरह बिहार में चुनाव चोरी करने की तैयारी में राजग : प्रियंका

मोतिहारी/सीतामढ़ी/मधुबनी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) हरियाणा की तरह बिहार में भी विधानसभा चुनाव को चोरी करने की तैयारी में है।

उन्होंने पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी और मधुबनी जिलों में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि निर्वाचन आयोग देश के संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के हरियाणा में कथित वोट चोरी से संबंधित संवाददाता सम्मेलन का हवाला देते हुए कहा, जिस तरह उन्होंने (राजग) हरियाणा में पूरा चुनाव चुरा लिया, उसी तरह वे बिहार में भी 65 लाख वोटों को नामावली से हटाकर ऐसा ही करने की तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना था, ऐसी वोट चोरी से आपके अधिकार छीने जाते हैं। इससे वह संविधान कमजोर होता है, जिसके लिए महात्मा गांधी जी लड़े, मेरे परिवार के लोग शहीद हुए। प्रियंका गांधी ने जनता का आह्वान किया, आप बिहार में एक ऐसी सरकार बनाइए, जो महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के लिए काम करे- वोट चोरी न करे।

# अवैध घुसपैठिए छीनते हैं रोजगार : शाह



बेतिया (बिहार)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए न केवल देश के नागरिकों के रोजगार छीनते हैं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव राज्य को घुसपैठियों से मुक्त करने का अवसर है। पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के शासनकाल में हत्या, नरसंहार और बलात्कार जैसी घटनाएं आम थीं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में बाहुबलियों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मखाना बोर्ड की स्थापना की, लेकिन अगर लालू एंड कंपनी की सरकार बनी तो वे घुसपैठिया घुसाओ बोर्ड बना देंगे। शाह ने घोषणा की कि अगर राज्य में राजग की सरकार बनी तो चंपारण में एक नया हवाईअड्डा बनाया जाएगा, क्षेत्र की सभी बंद चीनी मिलों को सहकारी समितियों के माध्यम से फिर से शुरू किया जाएगा और थारू समुदाय के लिए विशेष योजनाएं शुरू की जाएंगी। महागठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि अगर ठगबंधन सत्ता में आया तो चंपारण मिनी चंबल में बदल जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार को विकास, सुरक्षा और सुशासन के मार्ग पर बनाए रखने के लिए राजग को वोट दें।

# भारत-पाक के बीच संघर्ष के दौरान आठ विमान मार गिराए गये थे : ट्रंप



न्यूयॉर्क। अक्सर विरोधाभासी बयान देने के लिए पहचाने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब दावा किया है कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध के दौरान आठ विमान मार गिराए गए थे। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि ये विमान किस देश के थे।

ट्रंप ने बुधवार को फ्लोरिडा के मियामी में अमेरिका बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान मार गिराए गए विमानों की संख्या सात के बजाय आठ बतायी। अब तक वह यही कहते रहे हैं कि संघर्ष के दौरान सात विमान मार गिराए गए थे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान और भारत...मैं उन दोनों के साथ एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा था और तभी...मैंने सुना कि वे युद्ध करने जा रहे हैं। सात विमान मार गिराए गए और आठवां विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया... कुल मिलाकर आठ विमान मार गिराए गए। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि भारत और पाकिस्तान के बीच मई में तब शांति स्थापित हुई जब उन्होंने दोनों परमाणु सशस्त्र देशों को धमकी दी कि अगर वे अपना सैन्य संघर्ष जारी रखते हैं तो वह (ट्रंप) उनके साथ व्यापार समझौते रद्द कर देंगे।

# भाजपा कर रही चुनाव चोरी करने की कोशिश



पूर्णिया (बिहार)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के बाद अब बिहार का चुनाव चोरी करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पूर्णियां की जनसभा में युवाओं और जेन जेड का आह्वान किया कि भाजपा और निर्वाचन आयोग के वोट चोरी करने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए मुश्तैद रहें।

गांधी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा था, हमने ऐसा सबूत दिया है कि भाजपा और निर्वाचन आयोग उसका कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने दावा किया, भाजपा ने हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ का चुनाव चोरी किया, लोकसभा का चुनाव चोरी किया। अब ये बिहार का चुनाव चोरी करने की कोशिश कर रहे हैं...इन लोगों ने महागठबंधन के वोटरों के नाम काटे हैं और फर्जी लोगों के नाम जोड़े हैं। ये लोग पूरा दम लगाकर चुनाव चोरी करने की कोशिश करेंगे। गांधी ने कहा था, बिहार के युवाओं और जेन जेड की जिम्मेदारी है कि संविधान को बचाना है। अगर भाजपा और निर्वाचन आयोग वोट चोरी करने की कोशिश करें तो आपको उन्हें रोकना होगा। हरियाणा की मतदाता सूची से जुड़े आंकड़े सामने रखे थे।

# गाजा के पुनर्निर्माण की विकृत शहरी योजना

पेरिस। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान से ही उनके दामाद जेरेड कुशनर ने सऊदी अरब और कतर के प्रमुख व्यवसायियों के साथ कारोबारी रिश्ते बनाए थे। इन व्यक्तियों ने उनकी एक रियल एस्टेट कंपनी को मैनहट्टन में वित्तीय सहायता प्रदान की थी और संभवतः इसे दिवालियापन से बचाया था और इस तरह से एक प्रकार से उन्होंने उस कंपनी को सहयोग दिया।




# भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने ममदानी की जीत पर खुशी जतायी

न्यूयॉर्क। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के चुनाव में जोहरान ममदानी की ऐतिहासिक जीत का स्वागत करते हुए इसे एक नयी उपलब्धि और इस बात का संकेत बताया कि प्रवासी समुदाय अब अमेरिका में नयी पहचान बना रहा है। न्यूयॉर्क में स्थित शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था द कल्चर ट्री की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु सहगल ने बुधवार को पीटीआई-भाषा से कहा, पिछली रात एक नए युग की शुरुआत जैसी थी। जोहरान ममदानी की ऐतिहासिक जीत के साथ न्यूयॉर्क को भारतीय मूल का पहला मेयर मिलने के बाद हम इस शहर की पहचान, अपनापन और सत्ता को देखने के नजरिए में बदलाव देख रहे हैं। सहगल ने कहा कि ममदानी के विजय भाषण में प्रवासियों के प्रति दृढ़ विश्वास झलक रहा था यह विश्वास कि न्यूयॉर्क उन लोगों से बना है जो यहां आते हैं, मेहनत करते हैं और आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि उनके भाषण में हमारी संस्कृति के कई पहलू झलक रहे थे। नेहरू का जिक्र और धूम फिल्म के गीत के साथ समारोह का समापन, यह सब हमारे समुदाय के लिए खास मायने रखता है। सहगल ने कहा कि आगे चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन यह निर्विवाद है कि दक्षिण एशियाई और प्रवासी समुदाय की कहानियां अब हकीकत में बदल रही हैं। दक्षिण एशियाई समुदाय के नेता और नासाउ काउंटी के पूर्व उप नियंत्रक दिलीप चौहान ने ममदानी को बधाई दी और कहा कि उन्हें यह देखकर प्रसन्नता हुई कि एक दक्षिण एशियाई-अमेरिकी सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पित होकर शहर के विकास के लिए कार्य करने का वादा कर रहा है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com